Eighteenth Series, Vol. VI No. 6

Friday, February 07, 2025
Magha 18, 1946 (Saka)

LOK SABHA DEBATES

(Original Version)

Fourth Session

(Eighteenth Lok Sabha)

सत्यमेव जयते

(Vol. VI contains Nos.1 to 10)

LOK SABHA SECRETARIAT

NEW DELHI

EDITORIAL BOARD

Utpal Kumar Singh

Secretary-General

Lok Sabha

Mamta Kemwal

Joint Secretary

Bishan Kumar

Director

Narad Prasad Kimothi

Sunita Thapliyal

Joint Director

Maneesha Bhushan

Deputy Director

Ajay Sharma

Editor

© 2025 Lok Sabha Secretariat

None of the material may be copied, reproduced, distributed, republished, downloaded, displayed, posted or transmitted in any form or by any means, including but not limited to, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of Lok Sabha Secretariat. However, the material can be displayed, copied, distributed and downloaded for personal, non-commercial use only, provided the material is not modified and all copyright and other proprietary notices contained in the material are retained.

C O N T E N T S

Eighteenth Series, Vol. VI, Fourth Session, 2025/1946 (Saka)
No. 6 Friday, February 07, 2025/ Magha 18, 1946 (Saka)

S U B J E C T	P A G E S
ORAL ANSWERS TO QUESTIONS	
Starred Question Nos. 61 to 66	9-62
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS	63-920
(i) Starred Question Nos. 67 to 80	63-116
(ii) Unstarred Question Nos. 691 to 920	117-920

PAPERS LAID ON THE TABLE 921-957

ELECTION TO COMMITTEES 957-959

(i) Governing Council of Indian Council of Medical Research 957-958

(ii) All India Institute of Medical Sciences (AIIMS), Gorakhpur 959

MOTION RE: 5TH REPORT OF THE BUSINESS ADVISORY COMMITTEE 958-959

MATTERS UNDER RULE 377 961-977

(i) Need to create 'Divyang Kavach', a moble application to address the challenges faced by Divyangjan in the country

Shri Anurag Sharma 961-962

(ii) Need to introduce a mandatory internship progamme for Nursing students to ensure quality healthcare in hospitals

Captain Brijesh Chowta 962-963

(iii) Need to sanction funds for development of Jabalpur as a Smart city

Shri Ashish Dubey 963-964

(iv) Regarding construction of new railway lines in Gujarat

Shrimati Shobhanaben Mahendrasinh Baraiya 964

(v) Regarding railway related issues of Jalore Parliamentary Constituency, Rajasthan

Shri Lumba Ram 964-965

(vi) Need to resume payment of compensation to farmers whose land was acquired by Army for construction of ditches in 1971 in Reasi Assembly segment in Jammu Parliamentary Constituency

Shri Jugal Kishore 965-966

(vii) Need to establish a Skill Development University in Gorakhpur, Uttar Pradesh

Shri Ravindra Shukla Alias Ravi Kishan 966-967

(viii) Need to establish an airport in Paradip in Jagatsinghpur Parliamentary Constituency, Odisha

Shri Bibhu Prasad Tarai 967-968

(ix) Need to provide adequate compensation to the families of persons who have lost their lives due to wild animal attacks

Shri Rudra Narayan Pany 968-969

(x) Need to set up a Special Investigation Team to investigate into illegal mining operations in Assam

Shri Gaurav Gogoi 969

(xi) Need to increase salaries for doctors and allied staff of AYUSH

Adv. Dean Kuriakose 969-970

(xii) Need to universalize the HPV vaccine to fight cervical cancer effectively in the country

Shri Pradyut Bordoloi 970-971

(xiii) Need to expedite disposal of insurance claims pertaining to Kharif Season 2023

Shri Rahul Kaswan 971

(xiv) Regarding decline in Hajj Pilgrims choosing Khozhikode embarkation point amid soaring costs
Shri Rajmohan Unnithan 971-972

(xv) Need to enhance budgetary allocation under MGNREGS and ensure its effective implementation
Sushri S. Jothimani 972-973

(xvi) Regarding implementation of Pradhan Mantri Vishwakarma Yojana in Uttar-Pradesh
Shri Devesh Shakya 973

(xvii) Regarding construction of rail over bridge at Vembadithalam Railway Station in Tamil Nadu
Shri T. M. Selvaganapathi 973-974

(xviii) Regarding desiltation of Kosi River bed
Shri Dinesh Chandra Yadav 974-975

(xix) Need to include places in Ramayan circuit associated with Bhagwan Shri Ram in Maharashtra
Shri Bhausaheb Rajaram Wakchaure 975

(xx) Regarding terms and conditions of Optional Travel Insurance for E-Ticket passengers of IRCTC
Shri Shrirang Appa Chandu Barne 975-976

(xxi) Need to restore train services stopped during Covid period in Bijnore Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh
Shri Chandan Chauhan 976-977

(xxii) Need to run Amrit Bharat Express trains from Sealdah to Saharsa and from Punia Junction to New Delhi
Shri Rajesh Ranjan 977

UNION BUDGET, 2025-2026 – GENERAL DISCUSSION 977-1053
1054-1116

Dr. Dharamvira Gandhi 977,
985-997

Shri Rao Rajendra Singh 997-1008

Dr. Shiv Pal Singh Patel 1008-1012

Shri Abhishek Banerjee 1012-1027

Shri Daggumalla Prasada Rao 1027-1029

Shri Dinesh Chandra Yadav 1029-1032

Shri Tariq Anwar 1032-1035

Shri Omprakash Bhupalsinh *Alias* Pavan Rajenimbalkar 1036-1040

Shri Sudheer Gupta 1040-1050

Shri Naresh Ganpat Mhaske 1050-1053

Shri Arun Govil 1054-1057

Shri Benny Behanan 1057-1063

Shri Rajeev Rai 1063-1066

Shri Darshan Singh Choudhary 1066-1070

Shrimati Satabdi Roy Banerjee 1070-1073

Shri Pradyut Bordoloi 1073-1078

Dr. Alok Kumar Suman 1078-1080

Shri Chandan Chauhan 1080-1083

Shri Gopal Jee Thakur 1083-1087

Shri Balwant Baswant Wankhade 1088-1092

Shri Sudama Prasad 1092-1097

Shri Harendra Singh Malik 1097-1099

Shrimati Lovely Anand 1099-1101

Shrimati Anita Nagarsingh Chouhan 1101-1103

Shri Brijendra Singh Ola 1103-1108

Shri Eatala Rajender 1108-1112

Adv. Chandra Shekhar 1113-1116

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

6th Report 1053

ANNEXURE – I 1117-1126

(i) Member-wise Index to Starred Questions 1117

(ii) Member-wise Index to Unstarred Questions 1118-1126

ANNEXURE – II 1127-1129

(i) Ministry-wise Index to Starred Questions 1127

(ii) Ministry-wise Index to Unstarred Questions 1128-1129

OFFICERS OF LOK SABHA

THE SPEAKER

Shri Om Birla

PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Jagdambika Pal

Shri P. C. Mohan

Shrimati Sandhya Ray

Shri Dilip Saikia

Kumari Selja

Shri A. Raja

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

Shri Krishna Prasad Tenneti

Shri Awadhesh Prasad

SECRETARY GENERAL

Shri Utpal Kumar Singh

LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

Friday, February 07, 2025/ Magha 18, 1946 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[**HON. SPEAKER** *in the Chair*]

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

*Starred Question Nos. 61 to 66

माननीय अध्यक्ष : क्वैश्चन नम्बर - 61; श्री रविंद्र दत्ताराम वायकर।

MATERNAL AND INFANT HEALTH OUTCOMES

***61**. †**SHRI RAVINDRA DATTARAM WAIKAR:**
SHRIMATI SHAMBHAVI:

Will the Minister of **HEALTH AND FAMILY WELFARE** be pleased to state:

(a) whether the Government has launched specific initiatives under the National Health Mission (NHM) in Maharashtra and Bihar to improve maternal and infant health outcomes and if so, the details thereof;

(b) whether the reduction in the Maternal Mortality Ratio (MMR) and Infant Mortality Rate (IMR) in these States is attributed to targeted interventions under NHM and if so, the details of measures that have been most effective;

(c) whether there are ongoing efforts to further reduce the Total Fertility Rate (TFR) in Maharashtra and Bihar for population control in these States and if so, the details of strategies being adopted to achieve this goal;

(d) whether the Government has allocated specific financial resources or support to these States under NHM for enhancing healthcare infrastructure and services particularly in rural areas and if so, the details thereof; and

(e) whether the Government anticipates that continued implementation of NHM initiatives is likely to lead in improved health indicators and if so, the details of the projected outcomes for the coming years?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRIMATI ANUPRIYA PATEL):

(a) to (e) A Statement is laid on the Table of the House.

---

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

STATEMENT

(a) and (b): As per the Special Bulletin on Maternal Mortality Ratio (MMR) released by the Sample Registration System (SRS) 2018-20, the MMR of Maharashtra has been reduced from 61 per lakh live births in 2014-16 to 33 per lakh live births in 2018-20 and MMR of Bihar has been reduced from 165 per lakh live births in 2014-16 to 118 per lakh live births in 2018-20.

Over the past 30 years, the Maternal Mortality Ratio (MMR)in India has declined by an impressive 83%, compared to the global reduction of 42%.

Similarly, as per the Sample Registration System (SRS) 2020, the Infant Mortality Rate (IMR) of Maharashtra has been reduced from 22 per 1000 live births in 2014 to 16 per 1000 live births in 2020 and the IMR of Bihar has been reduced from 42 per 1000 live births in 2014 to 27 per 1000 live births in 2020.

Over the past 30 years, the Infant Mortality Rate (IMR) in India has dropped by 69%, against a global decline of 55%.

The Government of India has undertaken various initiatives/measures under the National Health Mission (NHM) to improve maternal and infant health outcomes across the country including the States of Maharashtra and Bihar which are as follows:

- **Janani Suraksha Yojana (JSY)** is a demand promotion and conditional cash transfer scheme for promoting institutional delivery.
- **Janani Shishu Suraksha Karyakram (JSSK)** entitles all pregnant women and sick infants (up to one year of age) delivering in public health institutions to have absolutely free and no-expense delivery, including caesarean section. The entitlements include free drugs and consumables, free diet during the stay, free diagnostics, free transportation and free blood transfusion, if required. Similar entitlements are also in place for sick infants.
- **Pradhan Mantri Surakshit Matritva Abhiyan (PMSMA)** provides pregnant women a fixed day, free of cost, assured and quality antenatal checkup by a Specialist/Medical Officer on the 9th day of every month.

Extended PMSMA strategy focuses on quality antenatal care (ANC) for pregnant women, especially high-risk pregnant (HRP) women and individual HRP tracking with financial incentivization for the identified high-risk pregnant women and accompanying Accredited Social Health Activists (ASHAs) for extra 3 visits over and above the PMSMA visit.

- **Monthly Village Health, Sanitation and Nutrition Day** is an outreach activity at Anganwadi centers for provision of maternal and child care including nutrition in convergence with the ICDS.
- **Outreach camps** are provisioned to improve the reach of health care services, especially in tribal and hard-to-reach areas. This platform is used to increase awareness for Maternal and Child health services and community mobilization as well as to track high-risk pregnancies.
- The establishment of Special Newborn Care Units (SNCUs) and Newborn Stabilization Units (NBSUs) under **Facility Based Newborn Care (FBNC)**program provides specialized care to sick and small newborns at district and sub-district levels, addressing neonatal health complications.
- The **Mother Absolute Affection (MAA)** Program promotes breastfeeding practices, emphasizing the importance of early initiation and exclusive breastfeeding in young children.
- Accredited Social Health Activists (ASHAs) conduct scheduled home visits under **Home-Based Newborn Care (HBNC) and Home-Based Care of Young Children (HBYC)**, improving child-rearing practices and identifying sick newborns and young children for timely referral and care.

These comprehensive interventions under National Health Mission (NHM) have collectively contributed to the significant decline in Maternal Mortality Ratio (MMR) and Infant Mortality Rate (IMR) across the States.

(c) The Government of India focuses on achieving and maintaining replacement levels of fertility by raising awareness about healthy timing and spacing of pregnancies for the well-being of mother and child, providing for the availability

of family planning services, and approving the budgets proposed by the states in the Programme Implementation Plan (PIP) based on their specific needs to manage fertility.

Various schemes implemented by the Government under Family Planning programme are given below-

- **Expanded Contraceptive Choices:** The contraceptive basket comprising Condoms, combined oral contraceptive pills, Emergency contraceptive pills, intrauterine contraceptive device (IUCD) and Sterilization was expanded with the inclusion of new contraceptives namely Injectable contraceptive MPA (Antara Programme) and Centchroman (Chhaya).
- **Mission Parivar Vikas** is being implemented in thirteen states (Uttar Pradesh, Bihar, Rajasthan, Madhya Pradesh, Chhattisgarh, Jharkhand, Assam, Arunachal Pradesh, Manipur, Meghalaya, Tripura, Nagaland and Mizoram) for substantially increasing access to contraceptives and Family Planning services.
- **'World Population Day & Fortnight' and 'Vasectomy Fortnight'** are observed every year to boost awareness of Family Planning and service delivery across all States/ UTs

(d) The details of the funds approved under NHM for enhancing healthcare infrastructure and services for the states of Maharashtra and Bihar in rural areas are given below:

Name of the States	Approved budget 2023-24 (In Lakhs)	
	Infrastructure Strengthening (Total)	Infrastructure Strengthening (Rural)
Maharashtra	60,134.13	58,390.87
Bihar	52,900.70	52,262.97

(e) National Health Mission (NHM) aims to attain universal access to equitable, affordable and quality healthcare services, accountable and responsive to people's needs, with effective intersectoral convergent action to address the wider social determinants of health. The Ministry of Health and Family Welfare provides technical and financial support to the States/Union Territories to strengthen the public healthcare system, based on the proposals received in the form of Programme Implementation Plans (PIPs) under NHM.

Details of the target set and achievements under NHM are placed in the **Annexure**.

ANNEXURE

Target and Achievement under NHM

Targets	Status
Reduce MMR to 70 per 1 lakh live births by 2030 (under SDG)	97 per 1 lakh live births (SRS 2018-20)
Reduce U-5MR to 25 per thousand live births by 2030 (under SDG)	32 per thousand (SRS 2020)
Sustain TFR to 2.0 at national level	2.0 (NFHS 5)
Achieve the operationalization of 1.5 lakh Ayushman Arogya Mandirs (erstwhile AB-HWC)	1,76,325 (as on 31.1.2025)
Achieve and sustain more than 90% Full Immunization coverage of all children by one year of age	94.4% (till 31.12.2024; assessed as on 04.02.2025)
Dengue: Sustain Case fatality rate at <1%	0.09% (as on 31.10.2024)

Kala Azar: Achieve 'zero' no. of endemic blocks reporting >1 KA case/10000 population at block level by 2023-24 and sustain elimination status till 2025-26	Achieved 'zero' blocks till 2023-24. Status sustained till Oct, 2024.

श्री रविंद्र दत्ताराम वायकर : महोदय, हमारे देश के आदिवासी क्षेत्रों, ग्रामीण इलाकों और विशेष रूप से विमुक्त जातियों (पी.वी.टी.जी.) में मातृ मृत्यु दर (एम.एम.आर.) की स्थिति बहुत ही चिंताजनक है। कुपोषण, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, और दूर-दराज के इलाकों में अस्पतालों तक पहुंच न होना इस समस्या को और गंभीर बना रहा है।

माननीय अध्यक्ष : आपका प्रश्न क्या है?

श्री रविंद्र दत्ताराम वायकर : महोदय, मेरा सरकार से कहना है कि सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) के तहत कई योजनाएँ चला रही है, लेकिन आदिवासी और ग्रामीण इलाकों में रहने वाली महिलाओं को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसलिए, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि क्या सरकार ग्रामीण,आदिवासी और विमुक्त जातियों की महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य योजना लाने पर विचार कर रही है? क्या सरकार इन क्षेत्रों में मोबाइल हेल्थ क्लीनिक, टेली मेडिसिन सुविधा और पोषण योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगी?

श्रीमती अनुप्रिया पटेल : माननीय अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को और इस सदन को यह सूचित करना चाहती हूं कि जहां तक एम.एम.आर. और आई.एम.आर. का विषय है, तो दुनिया की तुलना में भारत ने बहुत बेहतरीन प्रगति की है। जहां पिछले तीस वर्षों में, वर्ष 1990 से लेकर वर्ष 2020 के बीच में, ग्लोबल रेट ऑफ डिक्लाइन फॉर एम.एम.आर. 42 प्रतिशत रहा है, वहीं भारत में यह 83 प्रतिशत तक पहुंचा है।

इसके साथ ही, जो इंफैन्ट मॉर्टेलिटी रेट है, इसमें ग्लोबल रेट ऑफ डिक्लाइन 55 प्रतिशत रहा है, लेकिन भारत में इसकी गिरावट की दर 69 प्रतिशत रही है। यह सब संभव हुआ है, क्योंकि हमने नेशनल हेल्थ मिशन के तहत कॉम्प्रिहेन्सिव मेजर्स चलाए हैं, जिसमें हम राज्य सरकारों और

यू.टी. एडमिनिस्ट्रेशन को फाइनैंशियल और टेक्निकल सपोर्ट देते हैं। महिलाओं और बच्चों के हेल्थ आउटकम्स को इम्प्रूव करना, यह हमारे इस पूरे कार्यक्रम का फोकस रहता है। इसमें हम जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, ऐसे तमाम कार्यक्रम चलाते हैं, जिसके माध्यम से हमारी कोशिश रहती है कि हमें बेटर हेल्थ आउटकम्स मिल सकें और हमारी एम.एम.आर. और आई.एम.आर. में गिरावट हो।

माननीय सदस्य ने जो प्रश्न विशेष रूप से आदिवासी और दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए उठाया है, उसके संबंध में मैं उन्हें सूचित करना चाहती हूं कि हमारे स्पेशल आउटरीच कैम्प्स चलाए जाते हैं, जिसमें मोबाइल मेडिकल टीम्स भी इन दूर-दराज के इलाकों में जाती हैं। वहां हम गर्भवती महिलाओं को ट्रेस करते हैं, ट्रैक करते हैं और हम जो तमाम सुविधाएं ऐसी महिलाओं को दे रहे हैं, वे सुविधाएं उन्हें देने की कोशिश करते हैं। उनमें बहुत सारी हाई-रिस्क प्रेग्नैंसीज़ भी होती हैं, जिन्हें कई बार हम आईडैंटिफाई भी करते हैं, जिससे कि हम एम.एम.आर. और आई.एम.आर. को कम कर सकें और मैटर्नल और इंफैन्ट हेल्थ आउटकम्स को इम्प्रूव कर सकें।

श्री रविंद्र दत्ताराम वायकर : अध्यक्ष महोदय, स्पाइनल मस्क्युलर एट्रॉफी एक दुर्लभ और गंभीर बीमारी है, जिसमें नसों और मांसपेशियों का आपसी संपर्क टूट जाता है। ड्यूकेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डी.एम.डी.) जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली दुर्लभ बीमारियों में से एक है। मांसपेशियों की कमजोरी का कारण बनने वाली इस समस्या के शिकार लोगों के लिए जीवन के सामान्य कामकाज काफी कठिन हो जाते हैं। ये दोनों बीमारियां न केवल बच्चों के लिए, बल्कि उनके माता-पिता के लिए भी जीवनभर का संघर्ष बन जाती हैं।

स्पाइनल मस्क्युलर एट्रॉफी (एस.एम.ए.) और ड्यूकेन मस्क्युलर डिस्ट्रॉफी (डी.एम.डी.) जैसी बीमारियों से पीड़ित बच्चों के इलाज की समस्या बेहद गंभीर है। ये बीमारियां 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करती हैं, लेकिन इसके उपचार के लिए उपलब्ध जीन थेरेपी और अन्य दवाएँ अत्यधिक महंगी हैं, जिनकी लागत 2-3 करोड़ रुपये प्रति वर्ष प्रति बच्चा तक पहुंच जाती है।

इतनी महंगी दवा होने के कारण एक सामान्य और गरीब परिवार इलाज के बारे में सोच भी

नहीं सकता और इलाज के अभाव में कई बच्चों की मृत्यु हो जाती है। मेरा प्रश्न यह है कि क्या सरकार जीन थेरेपी और एसएमए, डीएमडी जैसी बीमारियों हेतु सस्ता इलाज कराने पर कोई विचार कर रही है? इसके लिए एनएचएम के तहत एक समर्पित रेयर डिजीज ट्रीटमेंट फंड बनाने की क्या कोई योजना है, जिससे जरूरतमंद परिवार को वित्तीय सहायता मिल सके?

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं पुन: आग्रह कर दूं कि सभी नए-पुराने अनुभवी सांसद यदि प्रश्न लिखकर भी लाए हैं, तो भी संक्षिप्त में लिखकर लाएं व संक्षेप में पूछें । माननीय मंत्रीगण से भी अपेक्षा है कि वे उनका संक्षेप में जवाब दें, ताकि हम ज्यादा प्रश्न ले सकें।

माननीय मंत्री जी।

श्रीमती अनुप्रिया पटेल : अध्यक्ष महोदय, यह प्रश्न मेटरनल और इनफेंट हेल्थ आउटकम से जुड़ा हुआ है। माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा वह रेयर डिज़ीज की मेडिसिन्स को लेकर है। यह इस प्रश्न से संबंधित नहीं हैं। मैं माननीय सदस्य को केवल इतना बताना चाहती हूं कि रेयर डिज़ीज़ेज के लिए हमारा अलग कार्यक्रम चलाया जाता है । अभी जो बजट आया, उसमें 36 ऐसी लाइफ सेविंग मेडिसिन्स व ड्रग्स हैं, जिनमें से कुछ रेयर डिज़ीज की भी दवाएं हैं। इनको हमने बेसिक कस्टम ड्यूटी एग्जम्पशन भी दिया है। इनके जो अन्य सवाल हैं, उस हेतु ये अलग से मेरे साथ जब बैठेंगे, तो हम रेयर डिज़ीज पर भी हम चर्चा कर लेंगे, लेकिन फिलहाल यह प्रश्न इससे संबंधित नहीं है।

माननीय अध्यक्ष : माननीय केन्द्रीय मंत्री जी, कृपया इस बारे में बताएं, क्योंकि यह सारे सदन की चिंता है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री; तथा रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री जगत प्रकाश नड्डा): अध्यक्ष महोदय, पहली बात तो यह है कि माननीय सदस्य ने जो प्रश्न किया, उससे ऐसी ध्वनि हाउस में आई कि जैसे ट्राइबल क्षेत्रों में, जैसे मेटरनल विषयों व एंटीनेटल चेकअप्स पर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मैं बताना चाहता हूं कि हमारा स्वास्थ्य विभाग व जो सभी प्रदेश हैं, उनके द्वारा एक साथ मिलकर इसमें बहुत अच्छा काम किया गया है। इस बारे में माननीय मंत्री जी ने जवाब दिया कि हमारे जो मैटरनल मॉर्टेलिटी रेट यानी एमएमआर व इन्फैंट मॉर्टेलिटी रेट यानी आईएमआर हैं तथा

जो हमारी अंडर फाइव मॉर्टेलिटी है, ये ग्लोबल डिकलाइन से कहीं ज्यादा, यानी दोगुने से ज्यादा डिकलाइन है। मल्टी इंटरवेंशन्स के कारण हम ये कर पाए हैं। जैसा कि हमने ट्राइबल क्षेत्रों की बात की, तो बीजापुर, कोंटा, नारायणपुर, बस्तर, दन्तेवाड़ा, गढ़चिरौली ओडिशा के सारे ट्राइबल जिलों के हेल्थ पैरामीटर्स यदि आप देखें, तो जो एमएमआर, आईएमआर व अंडर फाइव मॉर्टेलिटी है, वह उसी तरीके से डिकलाइन कर रहा है, इसलिए यह ध्वनि नहीं जानी चाहिए कि ट्राइबल क्षेत्रों का ध्यान नहीं रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मैं बताना चाहूंगा कि जब हम वैक्सीनेशन और इनॉक्युलेशन की बात करते हैं, तो हमारे लद्दाख के जो दूरस्थ इलाके हैं, वहां से लेकर, गढ़चिरौली से लेकर, बस्तर से लेकर ये सारे उसके दायरे में आते हैं और हमारे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उन सबके लिए आगे बढ़कर वहां तक काम को पहुंचाते हैं।

श्रीमती शांभवी : अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं सरकार का आभार व्यक्त करना चाहती हूं और बधाई देना चाहती हूं कि उनके प्रयासों व योजनाओं की वजह से मैटरनल मॉर्टेलिटी रेट व इन्फैंट मॉर्टेलिटी रेट काफी कम होकर 33 प्रति लाख लाइफ बर्थ पर आ चुका है। हम सर्वाइकल कैंसर की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहेंगे, जो एमएमआर का एक बहुत बड़ा कारण है। माननीय राष्ट्रपति जी ने भी अपने अभिभाषण में कहा था कि 9 करोड़ महिलाओं की स्क्रीनिंग सर्वाइकल कैंसर के लिए हो चुकी है। वित्त मंत्री जी ने भी वर्ष 2024 के बजट भाषण में कहा था कि ह्यूमन पैपीलोमा वायरस का जो वैक्सीन है, उसे राष्ट्रीय प्राथमिकता दी जाएगी।

मेरा प्रश्न यह है कि सर्वाइकल कैंसर से आज लगभग 20 प्रतिशत महिलाओं की मौत हो जाती है और डब्ल्यूएचओ ने भी कहा है कि यदि एचपीवी वैक्सीन यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम में इनक्लूड किया जाएगा तो उससे लगभग 16 गुना आर्थिक लाभ देश को होगा। मैं पूछना चाहती हूं कि इसे यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम में कब तक शामिल किया जाएगा, क्योंकि इसका डायरेक्ट इम्पैक्ट उन महिलाओं को मिलेगा, जो आर्थिक रूप से उतनी मजबूत नहीं हैं और शोषित व वंचित वर्ग से आती हैं। धन्यवाद।

श्रीमती अनुप्रिया पटेल : माननीय अध्यक्ष महोदय, यह सच है कि सर्वाइकल कैंसर के मामले बहुत

तेजी से बढ़ रहे हैं। जो आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं, उनमें हमारी सरकार ने, जो भी हमारी 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं हैं, उनके लिए सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की व्यवस्था की है।

जो चिंताएं माननीय सदस्य ने व्यक्त की हैं, हम उनसे पूरा सरोकार रखते हैं। एचपीवी वैक्सीन को लेकर अभी सरकार तमाम प्रकार के चिंतन-मंथन कर रही है, यह प्रक्रिया में है। जैसे ही इसके संबंध में कुछ तय होगा, हम सदन को सूचित करेंगे।

फिलहाल, मैं इतना ही कहना चाहूंगी कि यह विषय इस प्रश्न से संबंधित नहीं है। इस पर हम अलग से बैठकर बात भी कर सकते हैं।

SHRI K. C. VENUGOPAL: Thank you, Speaker, Sir. I would like to invite the attention of the hon. Minister to a very serious matter. We have many schemes like Janani Suraksha Yojana, Janani Shishu Suraksha Karyakram, etc.

Sir, a serious incident happened just two months before in my constituency, and that is why I am bringing it to your notice. One lady named Anish delivered a newborn child with serious problems. Now, her mouth does not open. She cannot raise her hands. Basically, she is not in a position to live. This issue came to the media, the public and everywhere.

Sir, during her pregnancy period, the doctors advised her to go for a scan for about four times. But they did not find any problem. Then, the question arises, 'why did this happen'? All over Kerala, people are asking this question. The Government is giving enough funds. She was treated in a Government hospital. The problem is that either they are not caring much or there is a nexus between the hospital and the scanning centres. So, proper scanning is not being done. Now the child is in a critical condition.

My question to the hon. Minister is, has the Minister put any strong mechanism in place to monitor whether these schemes are going to benefit the concerned people in a proper way?

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: Sir, as I told you, we have a very robust system of monitoring, and because of that the results are better than the global outcomes.

The hon. Member has mentioned about an individual case. I do not know about that individual case. But certainly, if you give it to me in writing, I will get it inquired, go into the details of it and see what rectification can be done by the State Government and the State Health Department because the execution part is with the State Department. So, I will discuss it with them.

माननीय अध्यक्ष : क्वैश्चन नम्बर - 62; श्रीमती लवली आनंद।

उर्वरकों का उत्पादन

62*. †श्रीमती लवली आनंद:
श्री दिनेश चंद्र यादव:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान उर्वरकों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार की उर्वरकों की अधिक खपत वाले बिहार जैसे राज्यों में उर्वरक संयंत्र स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार आयातित उर्वरकों की कीमत कम होने के कारण देश में उर्वरक संयंत्र स्थापित करने की इच्छुक नहीं है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री; तथा रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री जगत प्रकाश नड्डा):

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

(क): यूरिया के संबंध में, सरकार ने यूरिया क्षेत्र में नए निवेश को सुविधाजनक बनाने और यूरिया क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 2 जनवरी, 2013 को नई निवेश नीति (एनआईपी)-2012 की घोषणा की और 7 अक्टूबर, 2014 को इसमें संशोधन किया। एनआईपी-2012 के तहत कुल 6 नई यूरिया इकाइयां स्थापित की गई हैं जिनमें नामित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की संयुक्त उद्यम कंपनियों (जेवीसी) के माध्यम से स्थापित 4 यूरिया इकाइयां और निजी कंपनियों द्वारा स्थापित 2 यूरिया इकाइयां शामिल हैं। तेलंगाना में रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) की रामागुण्डम यूरिया इकाई तथा हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) की 3 यूरिया इकाइयां नामत: गोरखपुर, सिंदरी और बरौनी क्रमश: उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार में जेवीसी के माध्यम से स्थापित इकाइयां हैं। पश्चिम बंगाल में मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (मैटिक्स) की पानागढ़ यूरिया इकाई; और राजस्थान में चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (सीएफसीएल) की गड़ेपान-III यूरिया इकाई निजी कंपनियों द्वारा स्थापित इकाइयां हैं। इनमें से प्रत्येक इकाई की संस्थापित क्षमता 12.7 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एलएमटीपीए) है। ये इकाइयां अत्यधिक ऊर्जा कार्यकुशल हैं क्योंकि ये अद्यतन प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं। अत:, इन इकाइयों ने मिलकर यूरिया उत्पादन क्षमता में 76.2 एलएमटीपीए की वृद्धि की है जिससे वर्ष 2014-15 के दौरान की 207.54 एलएमटीपीए की कुल स्वदेशी यूरिया उत्पादन क्षमता (पुनर्आकलित क्षमता, आरएसी) बढ़कर वर्ष 2023-24 के दौरान 283.74 एलएमटीपीए हो गई है। इसके अलावा, कोयला गैसीकरण रूट पर 12.7 एलएमटीपीए का एक नया ग्रीनफील्ड यूरिया संयंत्र स्थापित करके नामित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के जेवीसी नामत: तालचेर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के माध्यम से एफसीआईएल की तालचेर इकाई के पुनरुद्धार के लिए एक विशेष नीति भी अनुमोदित की गई है।

इसके अतिरिक्त, सरकार ने आरएसी के अतिरिक्त स्वदेशी यूरिया उत्पादन को बढ़ाकर अधिकतम करने के एक उद्देश्य से मौजूदा 25 गैस-आधारित यूरिया इकाइयों के लिए 25 मई, 2015 को नई यूरिया नीति (एनयूपी)–2015 भी अधिसूचित की है। एनयूपी-2015 से यूरिया का उत्पादन वर्ष 2014-15 के दौरान हुए वार्षिक उत्पादन की तुलना में 20-25 एलएमटी का अतिरिक्त उत्पादन हुआ है।

इन उपायों से यूरिया उत्पादन वर्ष 2014-15 के दौरान 225 एलएमटी प्रतिवर्ष से बढ़कर वर्ष 2023-24 के दौरान 314.07 एलएमटी का रिकार्ड यूरिया उत्पादन हुआ है।

पीएण्डके उर्वरकों के संबंध में, सरकार ने फास्फेटयुक्त और पोटाशयुक्त (पीएण्डके) उर्वरकों के लिए 1.4.2010 से पोषक-तत्व आधारित सब्सिडी नीति लागू की है। इस नीति के अंतर्गत, अधिसूचित पीएण्डके उर्वरकों पर उनमें पोषक-तत्व मात्रा के आधार पर वार्षिक/द्विवार्षिक आधार पर सब्सिडी की एक नियत राशि उपलब्ध कराई जाती है। पीएण्डके क्षेत्र विनियंत्रित है और उर्वरक कंपनियां बाजार के उतार-चढ़ाव के अनुसार उर्वरकों का उत्पादन/आयात/घरेलू उत्पादन क्षमताओं का विकास करती हैं। इसके अलावा, आयातित उर्वरकों पर निर्भरता को कम करने के लिए, सरकार और निजी क्षेत्र द्वारा निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:

(i) अनुरोधों के आधार पर, उत्पादन को बढ़ावा देने और उर्वरक उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से एनबीएस सब्सिडी स्कीम के तहत नई उत्पादन इकाइयों या मौजूदा इकाइयों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि को अभिचिह्नित किया गया है/रिकॉर्ड में लिया गया है।
(ii) शीरे से प्राप्त पोटाश(पीडीएम), जो 100% स्वदेशी रूप से उत्पादित उर्वरक है, को पोषक-तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) स्कीम के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है।
(iii) एसएसपी, जो एक स्वदेशी रूप से उत्पादित उर्वरक है, पर माल भाड़ा सब्सिडी, मृदा में फास्फेटयुक्त या 'पी' पोषक तत्व प्रदान करने हेतु एसएसपी उपयोग को बढ़ावा देने के लिए खरीफ, 2022 से लागू है।

उपर्युक्त उपायों के परिणामस्वरूप, पीएण्डके उर्वरकों की संस्थापित क्षमता वर्ष 2014-15 के दौरान 146.24 एलएमटी से बढ़कर वर्ष 2023-24 के दौरान 160.50 एलएमटी हो गई है। इसी प्रकार एसएसपी की संस्थापित क्षमता वर्ष 2014-15 के दौरान 96.07 एलएमटी से बढ़कर वर्ष 2023-24 के दौरान 123.15 एलएमटी हो गई है।
(ख): किसी राज्य में उर्वरक संयंत्र की स्थापना मुख्यत: व्यवहार्यता पर आधारित होती है न कि उस स्थान पर उर्वरकों की खपत की प्रवृत्ति पर। प्रत्येक फसल मौसम के शुरू होने से पहले, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएण्डएफडब्ल्यू), उर्वरकों की राज्य-वार और माह-वार आवश्यकता का आकलन करता है। डीएएण्डएफडब्ल्यू द्वारा किए गए आकलन के अनुसार राज्यों में उर्वरकों की इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करते हुए राज्यों को उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा का आवंटन करता है। इन आपूर्तियों को स्वदेशी उत्पादन के साथ-साथ आयातों के माध्यम से पूरा किया जाता है। सब्सिडी प्राप्त सभी प्रमुख उर्वरकों के संचलन की निगरानी एकीकृत उर्वरक निगरानी प्रणाली (आईएफएमएस) नामक एक वेब आधारित निगरानी प्रणाली द्वारा की जाती है।
(ग) और (घ): जैसा कि उपर्युक्त (क) में उल्लेख किया गया है, सरकार ने देश में उर्वरकों के उत्पादन में आत्म-निर्भरता हासिल करने के लिए कई प्रभावकारी कदम उठाए हैं। तथापि, उर्वरकों का स्वदेशी उत्पादन देश की आवश्यकता के अनुरूप नहीं है और इस अंतर को आयात के माध्यम से पूरा किया जाता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान उर्वरकों के उत्पादन, खपत और आयात से संबंधित विवरण नीचे दिया गया है:-

(एलएमटी में)

यूरिया			
वर्ष	**उत्पादन**	**खपत**	**आयात**
2021-22	250.72	341.73	91.36
2022-23	284.94	357.26	75.80
2023-24	314.07	357.81	70.42

(एलएमटी में)

पीएंडके

वर्ष	उत्पादन	खपत	आयात
2021-22	185.23	294.70	90.92
2022-23	200.35	279.12	112.01
2023-24	189.26	288.42	106.53

श्रीमती लवली आनंद : माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न यह है कि विगत पांच वर्षों के दौरान उर्वरकों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

क्या सरकार की उर्वरकों की अधिक खपत वाले बिहार जैसे राज्यों में उर्वरक संयंत्र स्थापित करने की कोई योजना है? यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

क्या सरकार आयातित उर्वरकों की कीमत कम होने के कारण देश में उर्वरक संयंत्र स्थापित करने की इच्छुक नहीं है? यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

श्री जगत प्रकाश नड्डा : माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्या को बताना चाहता हूँ कि हमारी सरकार ने आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जब 07 अक्टूबर, 2014 को छह नए फर्टीलाइज़र के प्लांट्स लगाने का निर्णय किया, जो चार पब्लिक सैक्टर में थे और दो प्राइवेट सैक्टर में थे। एक रामागुंडम, तेलंगाना में, एक गोरखपुर में, एक सिंदरी में, एक बरौनी में और जो प्राइवेट सैक्टर के थे, उनमें से एक राजस्थान और एक पश्चिम बंगाल में थे। इस तरीके से लगभग हरेक फर्टीलाइज़र फैक्ट्री की कैपेसिटी में लगभग 12 लाख मीट्रिक टन बढ़ाने की व्यवस्था की गई है। कुल मिला कर 76 लाख मीट्रिक टन, छह नए न्यू प्लांट्स में बढ़े हैं और वर्ष 2014 में हमारी कैपेसिटी 225 लाख मीट्रिक टन थी। इसी बीच में गैसिफिकेशन के माध्यम से भी और एनर्जी को इंप्रूव करते हुए, इन्हीं प्लांट्स की कैपेसिटी को 20 से 25 लाख मीट्रिक लाख टन और बढ़ाया गया। अब हम 315 लाख मीट्रिक टन फर्टीलाइज़र प्रोड्यूज़ कर रहे हैं।

जहां तक फर्टीलाइज़र की फैक्ट्री को लगाने का सवाल है, यह कंजम्पशन के बेस पर नहीं होता है। यह वहां के रॉ मटीरियल और उसकी उपलब्धता पर निर्भर करता है। ईस्टर्न इंडिया की तरफ इसका ध्यान कम दिया गया था। इसलिए ईस्टर्न इंडिया की तरफ ये सारे के सारे प्लांट्स लगे

हैं। जैसे-जैसे उपलब्धता और उसकी आवश्यकता होती है, हम इसको तीव्र गति से आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

श्रीमती लवली आनंद : अध्यक्ष जी, यह सर्वविदित है कि सीज़न के समय बिहार एवं अन्य राज्यों में किसानों को समय पर खाद और उर्वरक नहीं मिलता है और उन्हें मजबूरन खेती के लिए ब्लैक में उर्वरक खरीदना पड़ता है। समय पर स्टॉक कैसे किसानों के पास पहुंचे, यह व्यवस्था की गड़बड़ी है। सरकार कंपनी को सीधे सब्सिडी देती है। खाद निर्माता कंपनी को उर्वरक किसानों के पास पहुंचाने की जिम्मेदारी है। किंतु उर्वरक निर्माता रेलवे ट्रैक से खाद आगे पहुंचाने के लिए तैयार नहीं होते हैं और वहीं से डीलर या स्टॉकिस्ट को ब्लैक करना शुरू कर देते हैं और स्टॉक भी समय से नहीं मिल पाता है। इस समस्या के समाधान के लिए सरकार क्या उपाय कर रही है?

दूसरा प्रश्न है कि बिहार में खाद, विशेषकर यूरिया की किल्लत और ब्लैक का मुख्य कारण बिहार का नेपाल के साथ बार्डर सटा होना है। इस कारण खाद डीलर आसानी से बिहार से नेपाल यूरिया की सप्लाई कर देता है। पकड़े जाने पर कार्रवाई सीधे डीलर पर होती है, किंतु गाड़ियों और ड्राइवर पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। बिहार में शराबबंदी है। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपका प्रश्न हो गया है।

माननीय मंत्री जी।

श्री जगत प्रकाश नड्डा : माननीय अध्यक्ष, मैं माननीय सदस्या को बताना चाहता हूँ कि हमारी तरफ से डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर एण्ड फार्मर्स वैलफेयर के साथ मिल कर डेटवाइज़, मंथवाइज, वीकवाइज़, एरियावाइज़ तय होता है कि किसको खाद डीएपी कब कहां पहुंचेगी। हम उसके अनुसार उसको पहुंचाने की व्यवस्था करते हैं। इसका इंटिग्रेटिड डिज़िटाइज़्ड बेस्ड सिस्टम है, जिसमें ये सारी की सारी चीज़ें टाइम पर मॉनिटर होती रहती हैं। जहां तक इसके डिस्ट्रिब्यूशन का सवाल है, उसमें कई लोग अनावश्यक रूप से यह क्रिएट करने का प्रयास करते हैं। स्टेट गवर्मेंट के साथ हम रैग्युलरली कॉन्टैक्ट में रहते हैं। एक्शंस लिए जाते हैं। एक्शन लेने का काम स्टेट गवर्मेंट का है। वे एक्शन लेते हैं और डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट्स एंश्योर करते हैं कि किसानों को समय पर खाद मिल जाए

।

श्री दिनेश चंद्र यादव : अध्यक्ष महोदय, सरकार नैनो-यूरिया एवं अन्य उर्वरक लिक्विड बना रही हैं । खाद निर्माता कंपनी किसानों को नैनो-फर्टीलाइज़र ही इस्तेमाल करने के लिए मज़बूर कर रही हैं। लिक्विड खाद का इस्तेमाल स्प्रे द्वारा ही हो सकता है और स्प्रे के लिए सरकार का ड्रोन पर फोकस है। अब किसानों को यही परेशानी होती है, क्योंकि ड्रोन से बड़ी खेती में स्प्रे तो हो सकता है, किंतु मेरे बिहार राज्य में छोटे-छोटे किसान हैं, जिनके पास पांच कट्ठा, दस कट्ठा और ज्यादा से ज्यादा एक बीघा ज़मीन है।

उसमें ड्रोन से स्प्रे नहीं हो सकता है। किसानों को छोटी स्प्रे मशीन चाहिए। क्या सरकार बिहार में किसानों को स्प्रे मशीन की खरीद के लिए सब्सिडी देने पर विचार कर रही है? लिक्विड उर्वरक निर्माता कंपनी नैनो खाद के फायदे के संबंध में बिहार में जानकारी के लिए कोई एडवरटाइजमेंट नहीं करती है। किसानों को उसके फायदे की जानकारी देने संबंधी कोई कार्यक्रम चलाने के लिए क्या सरकार उस कंपनी पर कोई दबाव डालेगी?

श्री जगत प्रकाश नड्डा: अध्यक्ष जी, सबसे पहली बात तो यह है कि सरकार नैनो खाद का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर नहीं करती है, प्रेरित करती है। हम उन्हें प्रेरित करते हैं।

दूसरी बात, यह क्वैश्चन ओरिजनल क्वैश्चन से अलग है। ये ड्रोन और स्प्रे के बारे में अलग से क्वैश्चन करेंगे तो हम उसके बारे में उत्तर देंगे। यह मेन क्वैश्चन से जुड़ा हुआ नहीं है।

इस सदन की जानकारी के लिए मैं एक बात बताना चाहता हूं, क्योंकि कई बार खाद के बारे में चर्चा होती है। यूरिया जो हम 266 रुपये एमआरपी, 45 किलोग्राम का दे रहे हैं, उस पर सब्सिडी 1,617 रुपये हैं, यानी 1,400 रुपये की सब्सिडी भारत सरकार प्रति बैग 45 किलोग्राम पर दे रही है । हम डीएपी 1,350 रुपये पर दे रहे हैं।

माननीय अध्यक्ष : आप यूरिया का रेट भी इनको बता दीजिए। यूरिया का बैग कितने रुपये का देते हैं?

श्री जगत प्रकाश नड्डा: यूरिया का 45 किलोग्राम का बैग 266 रुपये।

माननीय अध्यक्ष : मैं इसलिए कह रहा हूं कि जय प्रकाश जी उस दिन कह रहे थे कि 1,300 रुपये का देते हैं। प्रधान मंत्री जी ने कहा कि 300 रुपये से कम में देते हैं। मैं इसलिए 266 रुपये याद दिला रहा हूं।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप यूरिया के बारे में बात कर रहे थे।

… (व्यवधान)

श्री जगत प्रकाश नड्डा: मैं बताना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री मोदी जी ने, जब इंटरनेशनल मार्केट में इसकी बहुत किल्लत हुई थी, तब भी वर्ष 2020 से कोरोना के टाइम में इसकी कॉस्ट को 1,350 रुपये एमआरपी, 50 किलोग्राम प्रति बैग से नहीं बढ़ने दिया है और आज के दिन भी यह 1,350 रुपये में मिल रहा है।

तीसरी बात, इसमें जो कॉस्ट बढ़ती है, वह 3,000 रुपये प्रति बैग पड़ती है, यानी 1,650 रुपये प्रति बैग भारत सरकार डीएपी के लिए पे कर रही है। यह हमें ध्यान में रखना चाहिए।

श्री आनंद भदौरिया : आदरणीय अध्यक्ष जी, पिछले दिनों हमारे लोक सभा क्षेत्र धौरहरा सहित पूरे उत्तर प्रदेश में यूरिया की किल्लत रही। मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि क्या माननीय मंत्री जी सदन को आश्वस्त करेंगे कि आगे यूरिया की कोई किल्लत नहीं होने दी जाएगी?

श्री जगत प्रकाश नड्डा: मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं और पहली बात माननीय सांसद महोदय, हमारे सदस्य को बताना चाहता हूं कि कभी भी किल्लत नहीं रही। …(व्यवधान) आप मेरी बात सुनिए।… (व्यवधान) मैं आपकी मदद चाहता हूं।… (व्यवधान) किल्लत क्रिएट की जाती है। कुछ लोग मार्केट को इंटरवेंशन करना चाहते हैं। मैं आपसे निवेदन करूंगा, आप सब लोग पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव्स हैं। आप हमसे पता कीजिए, मंत्रालय से पता कीजिए कि जिस दिन तय किया है, रैक्स उस दिन पहुंचते हैं, लेकिन अननेसेसरली क्राइसिस क्रिएट करके कुछ लोग उसमें मुनाफा कमाने का प्रयास करते हैं। इसमें स्टेट गवर्नमेंट्स को एक्टिव होना चाहिए और आप सांसदों को हमारी मदद करनी चाहिए कि पब्लिकली इन चीजों को लाया जाए।… (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं कि पिछले कई वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय मूल्य बढ़ने के बावजूद हमारे किसानों पर बोझ नहीं पड़ने दिया, इसके लिए मैं सरकार का बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं।

माननीय मंत्री जी ने कहा कि एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के साथ बहुत प्लानिंग के साथ यह तय किया जाता है कि कब, कहां खाद पहुंचनी चाहिए। मेरा केवल एक सवाल है, जिसके दो भाग हैं। हम सेल्फ रिलायंट बनने की बात करते हैं। रॉ मैटेरियल तो हम विदेशों से लाते हैं, तो हम सेल्फ रिलायंट इसमें कैसे बन सकते हैं? आपने कहा कि बीच में मुनाफाखोरी करने की वजह से मार्केट में कमी आती है, खाद नहीं पहुंच पाती। मैं जानना चाहता हूं कि उनके ऊपर क्या कार्रवाई की गई? कृपया इस बारे में अवगत कराएं।

श्री जगत प्रकाश नड्डा: अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार प्रदेश सरकार को समय-समय पर चेताती रहती है, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट इन बातों को इन्श्योर करते हैं कि मार्केट में डीएपी सही रेट पर मिल सके।

SHRI HIBI EDEN: Sir, the Fertilisers and Chemicals Travancore Limited (FACT) is a pioneer institution which produces fertilizers and chemicals in the country. It was established in 1943 right before the pre-Independence Movement. This particular institution has been a backbone of the farmers of the country and many times, it has incurred losses, but for the last four years, it has been making profits. However, for the last one year, they do not have a CMD as no CMD has been appointed yet. When there was a CMD, the institution was functioning very well.

Earlier, the previous Minister promised a nano-urea plant for FACT. Will measures be taken to establish a nano-urea plant? Secondly, will the CMD be appointed very soon as it is a very critical unit which has been making profits for the country and providing fertilizers and chemicals to the farmers?

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: I will look into the matter and see what we can do. As far as establishing a nano-urea unit is concerned, I would like to ask the hon. Member to give me in writing, the Department concerned will examine it.

माननीय अध्यक्ष : क्वैश्चन नम्बर - 63; श्री अनूप संजय धोत्रे।

AVAILABILITY OF MEDICINAL PLANTS

***63. SHRI ANUP SANJAY DHOTRE:**

Will the Minister of **AYUSH** be pleased to state:

(a) whether the Government has conducted any comprehensive study on the availability of medicinal/fragrant plants and herbs in the country and if so, the details and the outcome thereof, State/UT-wise;

(b) the steps taken/proposed to be taken by the Government for identification, documentation, conservation/ protection, cultivation, commercial exploitation and constant management of medicinal/fragrant plants and herbs in the country, State/UT-wise;

(c) the details of funds allocated/released/utilized thereunder during each of the last three years and the current year, State/UT and year-wise;

(d) whether the Government has received several proposals from various States and institutions to set up herbal gardens and if so, the details thereof, State/UT-wise including Maharashtra along with the action taken by the Government thereon; and

(e) the measures taken/proposed to be taken by the Government for setting up of herbal gardens in the country, State/UT and location-wise?

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री; तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव):

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

<u>विवरण</u>

(क):जी हां, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी) ने भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई), देहरादून के माध्यम से मांग और आपूर्ति पर एक अध्ययन को सहयोग प्रदान किया है, जिसका शीर्षक है "भारत में औषधीय पौधे: उनकी मांग और आपूर्ति का आकलन" जिसे जी.एस. गोराया एवं डी.के. वेद द्वारा वर्ष 2017 में प्रकाशित किया गया था। इस अध्ययन के अनुसार, देश में जड़ी-बूटियों/औषधीय पौधों की वार्षिक मांग वर्ष 2014-15 में लगभग 5,12,000 मीट्रिक टन होने का अनुमान लगाया गया था। अध्ययन के अनुसार लगभग 1178 औषधीय पौधों की प्रजातियाँ व्यापार की पद्धतियों में दर्ज हैं, जिनमें से 242 प्रजातियों का प्रति वर्ष 100 मीट्रिक टन से अधिक उच्च मात्रा में व्यापार किया जाता है।

इस अध्ययन को वर्ष 2017 में प्रकाशित किया गया था और यह एनएमपीबी की वेबसाइट अर्थात (https://nmpb.nic.in/sites/default/files/Projects/Medicinal_Plants_in_India_An_Assessment_of_their_Demand_and_Supply.pdf) पर उपलब्ध है।

(ख):देश में औषधीय/सुगंधित पौधों और जड़ी-बूटियों की पहचान, दस्तावेज़ीकरण, संरक्षण/सुरक्षा और निरंतर प्रबंधन के लिए, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी), आयुष मंत्रालय "औषधीय पौधों के संरक्षण, विकास और सतत प्रबंधन" पर एक केंद्रीय क्षेत्रीय योजना कार्यान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य निम्नलिखित गतिविधियों के लिए परियोजना-आधारित सहायता प्रदान करना है:

(i) अनुसंधान एवं विकास।

(ii) *स्व-स्थाने* संरक्षण/*बाह्य-स्थाने* संरक्षण।

(iii) संयुक्त वन प्रबंधन समितियों (जेएफएमसी)/पंचायतों/ वन पंचायतों/जैव विविधता प्रबंधन समितियों (बीएमसी)/स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के साथ आजीविका संबंध।

(iv) नर्सरियों की स्थापना।

(v) औषधीय पौधों की आपूर्ति श्रृंखला में अगली और पिछली कड़ी (एकीकृत घटक)।

(vi) औषधीय पौधों के उत्पादन का संवर्धन, विपणन एवं व्यापार।

(vii) सूचना शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियाँ जैसे प्रशिक्षण/कार्यशालाएँ/ सेमिनार/सम्मेलन आदि।

इससे पहले,आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने वर्ष 2015-16 से 2020-21 तक औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की "केंद्रीय प्रायोजित योजना" क्रियान्वित की थी। राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) योजना के 'औषधीय पौधों' घटक के अंतर्गत, अभिचिन्हित कलस्टरों/क्षेत्रों में 140 प्राथमिक औषधीय पौधों की बाजार संचालित खेती को समर्थन दिया गया था और पूरे देश में चयनित राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से मिशन मोड में क्रियान्वित किया गया था। आयुष मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2020-21 तक औषधीय पौधों की खेती के अंतर्गत 56,305 हेक्टेयर क्षेत्र को सहयोग प्रदान किया है। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, निम्नलिखित के लिए सहयोग प्रदान किया गया है:

- किसानों की भूमि पर प्राथमिक औषधीय पौधों की खेती।
- गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री के उत्पादन एवं आपूर्ति के लिए पश्चगामी कड़ियो के साथ नर्सरियों की स्थापना।
- अग्रगामी संपर्कों के साथ फसलोपरांत प्रबंधन।
- प्राथमिक प्रसंस्करण, विपणन अवसंरचना आदि।

राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) योजना के अंतर्गत औषधीय पौधों के घटक के लिए वर्षवार आवंटित निधियॉ **अनुबंध-I** में दी गई है।

(ग): पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान "औषधीय पौधों के संरक्षण, विकास और सतत प्रबंधन" पर केंद्रीय क्षेत्रीय योजना के अंतर्गत आवंटित/जारी की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और वर्षवार ब्यौरा **अनुबंध-II (क और ख)** में दिया गया है।

(घ)और (ङ) जी हां, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार को विभिन्न राज्यों और संस्थानों से औषधीय उद्यान स्थापित करने के लिए कई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिसमें महाराष्ट्र से कुल 29 परियोजना प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 7 परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 से अब तक राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार को औषधीय उद्यान के 623 परियोजना प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से औषधीय उद्यान के 118 परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है।

वर्तमान में, आयुष मंत्रालय का राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी) "औषधीय पौधों के संरक्षण, विकास और सतत प्रबंधन" पर एक केंद्रीय क्षेत्रीय योजना क्रियान्वित कर रहा है, जिसके तहत विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों को विभिन्न प्रकार के औषधीय उद्यान स्थापित करने के लिए परियोजना आधारित सहायता जैसे स्कूल औषधीय उद्यान, संस्थागत/सार्वजनिक औषधीय उद्यान और राज्य और राष्ट्रीय महत्व के औषधीय उद्यान, प्रदान करने का प्रावधान है। औषधीय उद्यान के लिए अनुमोदित/स्वीकृत परियोजना प्रस्तावों के स्थान सहित ब्यौरा **अनुबंध-III (क और ख)** में दिए गए हैं।

अनुबंध-I

राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) योजना के अंतर्गत औषधीय पादप घटक के लिए वर्षवार कुल आवंटित निधियॉ

क्रम संख्या	वर्ष	आबंटन (करोड़ रुपए में)
1	2015-16	45.93
2	2016-17	70.13
3	2017-18	75.83
4	2018-19	45.36

5	2019-20	89.32
6	2020-21	126.34
	कुल	**452.91**

अनुबंध-IIक

क. **विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान औषधीय पौधों के संरक्षण, विकास और सतत प्रबंधन पर केंद्रीय क्षेत्रीय योजना के अंतर्गत आवंटित/जारी किए गए सहायता अनुदान का विवरण नीचे दिया गया है:**

(करोड़ रू. में)

क्र.सं.	**योजना**	**केंद्रीय क्षेत्रीय योजना**		
	वर्ष	**बजट अनुमान**	**संशोधित अनुमान**	**जारी की गई राशि**
1	2021-22	48.50	37.70	37.68
2	2022-23	48.49	48.25	48.25
3	2023-2024	43.49	20.00	19.99
4	*2024-25 (आज तक)	49.49	40.00	36.23
कुल		189.97	145.95	142.17

अनुबंध-IIख

ख. विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान जारी की गई धनराशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार और वर्षवार ब्यौरा।

(करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	राज्य	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
1	आंध्र प्रदेश	0.27	0.04	0.57	1.05
2	अरुणाचल प्रदेश	0.29	0.58	0.00	0.20
3	असम	2.80	4.37	0.59	0.83
4	बिहार	0.00	0.00	0.00	0.00
5	छत्तीसगढ़	0.95	0.62	0.69	0.00
6	दिल्ली	0.52	3.77	1.32	3.07
7	गोवा	0.00	0.27	0.00	0.20
8	गुजरात	6.36	3.50	0.37	6.42
9	हरियाणा	0.35	0.00	0.82	0.46
10	हिमाचल प्रदेश	1.29	1.47	1.48	3.03
11	जम्मू और कश्मीर	1.83	1.12	1.48	2.99
12	झारखंड	0.02	0.00	0.12	0.00
13	कर्नाटक	5.28	3.87	0.40	1.88
14	केरल	1.94	3.92	2.71	2.90
15	मध्य प्रदेश	1.28	2.22	0.56	0.89
16	महाराष्ट्र	1.00	1.52	1.66	1.85
17	मणिपुर	0.28	0.76	0.12	0.10
18	मेघालय	0.00	0.13	0.02	0.14
19	मिजोरम	2.12	2.49	0.71	1.40
20	नागालैंड	0.25	0.00	0.03	0.41
21	ओडिशा	0.61	0.79	0.36	0.51
22	पंजाब	0.26	0.60	0.34	0.75
23	राजस्थान	0.24	0.00	0.34	0.33
24	सिक्किम	0.66	5.27	0.02	0.38
25	तमिलनाडु	1.61	1.69	0.99	0.54
26	तेलंगाना	0.37	3.59	0.40	0.21
27	त्रिपुरा	0.25	0.00	0.03	0.15
28	उत्तराखंड	0.51	3.20	0.23	2.27
29	उत्तर प्रदेश	4.05	0.61	0.80	1.01
30	पश्चिम बंगाल	1.54	1.65	2.33	1.69

31	अंडमान और निकोबार	0.00	0.10	0.00	0.00
32	चंडीगढ़	0.28	0.00	0.00	0.15
33	दादरा व नागर हवेली	0.00	0.00	0.00	0.00
34	दमन और दीव	0.00	0.00	0.00	0.00
35	लक्षद्वीप	0.26	0.00	0.00	0.00
36	पांडिचेरी	0.21	0.00	0.23	0.14
37	लद्दाख	0.00	0.10	0.27	0.28
कुल		**37.68**	**48.25**	**19.99**	**36.23**

अनुबंध-IIIक

पिछले तीन वर्षों (वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक चालू वर्ष 2024-25 सहित) के दौरान औषधीय उद्यान के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार अनुमोदित/स्वीकृत परियोजना प्रस्ताव तथा की गई कार्रवाई

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	प्राप्त प्रस्तावों की संख्या	स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	29	5
2	अरुणाचल प्रदेश	6	0
3	असम	29	6
4	बिहार	3	0
5	छत्तीसगढ	4	1
6	दिल्ली	26	6
7	गुजरात	16	3
8	हरियाणा	21	5
9	हिमाचल प्रदेश	12	3
10	झारखंड	1	1

11	जम्मू और कश्मीर	9	3
12	कर्नाटक	29	6
13	केरल	38	12
14	लद्दाख	7	3
15	मध्य प्रदेश	36	7
16	महाराष्ट्र	29	7
17	मेघालय	1	0
18	मणिपुर	26	5
19	नागालैंड	16	0
20	मिजोरम	2	1
21	उड़ीसा	72	5
22	पंजाब	5	1
23	राजस्थान	14	1
24	तमिलनाडु	70	15
25	तेलंगाना	14	2
26	उत्तराखंड	24	7
27	उत्तर प्रदेश	78	13
28	पश्चिम बंगाल	6	0
कुल		623	118

अनुबंध-IIIख

पिछले तीन वर्षों (वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक चालू वर्ष 2024-25 सहित) के दौरान औषधीय उद्यानों के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार अनुमोदित/स्वीकृत परियोजना प्रस्ताव का पते सहित विवरण			
क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या**	**संगठन का नाम और पता**
1	आंध्र प्रदेश	5	1. एपीआरईआई सोसाइटी, एसएस कैंप पोस्ट ऑफिस कुरनूल, आंध्र प्रदेश 2. डॉ. व़ाइएसआर हॉर्टिकल्चरल यूनिवर्सिटी, अनंतराजुपेटा - अन्नमय्या (जिला), आंध्र प्रदेश 3 साई लिकिथा एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी, कल्याणदुर्ग, आंध्र प्रदेश। 4. इंडिया इवेंजेलिकल एंड एजुकेशनल रूरल डेवलपमेंट (आईईईआरडी), अडांकी, प्रकाशम (जिला), आंध्र प्रदेश 5. गोडसन मिनिस्ट्रिज, एलुरु जिला, आंध्र प्रदेश
2	असम	6	1. फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट ट्रस्ट, नामघर पथ, पंजाबारी, जिला: कामरूप, असम 2. ब्लेज़िंग स्वोर्ड, मिसामारी, 71 इन्फ डीओयू, असम 3. डॉन बॉस्को यूनिवर्सिटी, टेपेसिस गार्डन, कमरकुची, सोनपुर, असम 4. डिब्रूगढ़ यूनिवर्सिटी, डिब्रूगढ़, असम 5. त्रिनयन मल्टी स्टेट हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, गुवाहाटी, असम 6. आईसीएफआरई-रैन फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट, जोरहाट, असम

3	छत्तीसगढ़	1	छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड, राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, छत्तीसगढ़
4	दिल्ली	6	1. प्रतिष्ठा, जीवन पार्क, पंखा रोड, उत्तम नगर, दिल्ली 2. स्वराज विकास फाउंडेशन, करावल नगर, दिल्ली (2 प्रस्ताव स्वीकृत) 3. हिंदू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली 4. ऑल इंडिया रूबी सोशल सर्विस संस्थान, संगम विहार, नई दिल्ली 5. आदिवासी छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा सोसायटी, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली।
5	गुजरात	3	1. यंग सिटीजन ऑफ इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट, 16, विट्ठलपार्क सोसाइटी, पार्ट-2, मालगोडाउन रोड, मेहसाणा, गुजरात 2. उजास चैरिटेबल ट्रस्ट- उत्तर, गुंजला, तालुक विसनगर, जिला मेहसाणा, गुजरात 3. राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर) –अहमदाबाद, गुजरात
6	हरियाणा	5	1. श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राइसेंटेनरी (एसजीटी) विश्वविद्यालय, गुरुग्राम, हरियाणा 2. मानव रचना अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान एवं अध्ययन संस्थान,फरीदाबाद, हरियाणा 3. प्रज्ञाता फाउंडेशन, उद्योग विहार फेज़ 1, गुरुग्राम, हरियाणा 4. माययेर, हिसार, हरियाणा में 50 बिस्तरों वाला एकीकृत आयुष अस्पताल 5. श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, सेक्टर 8, कुरुक्षेत्र, हरियाणा
7	हिमाचल प्रदेश	3	1. राज्य औषधीय पादप बोर्ड, हिमाचल प्रदेश, आयुष विभाग, 26 एसडीए कॉम्प्लेक्स,कसुंपती, शिमला,हिमाचल प्रदेश 2. मानव सेवा ट्रस्ट, एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश 3. सीएसआईआर-हिमालयन जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश
8	झारखंड	1	अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर, झारखंड
9	जम्मू और कश्मीर	3	1. सरकारी यूनानी मेडिकल कॉलेज गांदरबल, कश्मीर, नवाबबाग, गांदरबल, कश्मीर, जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र।

			2.इस्लामिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अवंतीपोरा, जम्मू और कश्मीर 3. गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कैनाल रोड, सूरज नगर, जम्मू और कश्मीर
10	कर्नाटक	6	1. वनस्पति विज्ञान अध्ययन विभाग, दावणगेरे विश्वविद्यालय, दावणगेरे, कर्नाटक 2. कर्नाटक पशुचिकित्सा पशु और मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय, कर्नाटक 3. श्री धर्मस्थल मंजूनाथेश्वर (एसडीएम) कॉलेज (स्वायत्त), दक्षिण कन्नड़ जिला, कर्नाटक। 4. मैसूर विश्वविद्यालय, मानसगंगोत्री, मैसूर, कर्नाटक 5. कर्नाटक राज्य औषधीय पादप प्राधिकरण, कर्नाटक (2 प्रस्ताव स्वीकृत)
11	केरल	12	1. केरल स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, पोस्ट ऑफिस त्रिशूर जिला, केरल 2. वैद्यरत्नम आयुर्वेद कॉलेज, त्रिशूर, केरल 3. सेंट थॉमस कॉलेज (स्वायत्त), पालघाट रोड, कीरनकुलंगरा, त्रिशुर, केरल 4. नेहरू कॉलेज ऑफ फार्मेसी, पम्पाडी, थिरुविल्वमल, त्रिशुर केरल 5. केरल कृषि विश्वविद्यालय, वेल्लानिक्कारा , थ्रिस्सूर केरल 6. विमला कॉलेज (स्वायत्त), त्रिशुर, केरल 7. कॉलेज ऑफ एग्रिकल्चर, वेल्लयानी, तिरुवनंतपुरम, केरल 8. राज्य औषधीय पादप बोर्ड, कोडुंगल्लूर - शोरनुर रोड, नाइक्नल, त्रिशुर, केरल 9. केरल कृषि विश्वविद्यालय (केएयू), वेल्लानिकरा, त्रिशुर, केरल 10. कॉलेज ऑफ एग्रिकल्चर, वेल्लयानी केरल कृषि विश्वविद्यालय, त्रिशुर केरल 11. मेसर्स कोल्लम जिला आयुर्वेद औषध निर्माण व्यवसाय सहकारी समिति लिमिटेड- त्रिशुर केरल। 12. केरल कृषि विश्वविद्यालय (केएयू) वेल्लानिक्करा, त्रिशुर, केरल
12	लद्दाख	**3**	1. केंद्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, चोगलामसर, लेह लद्दाख 1. लेह परिसर, लद्दाख विश्वविद्यालय, तारू थांग, लद्दाख 2. कारगिल परिसर, लद्दाख विश्वविद्यालय, सलिसकोट, खुंबथांग - कारगिल

13	मध्य प्रदेश	7	1. शासकीय स्वायत्त आयुर्वेद महाविद्यालय निपनिया रीवा, मध्यप्रदेश 2. जीएच रायसोनी विश्वविद्यालय, साईखेड़ा, सौसर, छिंदवाड़ा, मध्यप्रदेश। 3.दीनदयाल शोध संस्थान,चित्रकूट,मध्यप्रदेश 4.सुजागृति समाज सेवी संस्था,मुरैना,मध्यप्रदेश 5.महर्षि दयानंद जन कल्याण संस्था, भोपाल, मध्यप्रदेश 6. ग्राम सेवा ट्रस्ट, पोस्ट परसवाड़ा, तह.- परसवाड़ा, जिला- बालाघाट मध्य प्रदेश 7. कानपुरा कुटुम्बकम संस्थान, नीम चौराहा, बोदाबाग, रीवा, मध्य प्रदेश
14	महाराष्ट्र	7	1. प्रवर मेडिकल ट्रस्ट, प्रवर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, महाराष्ट्र 2. श्री मुलिकादेवी महाविद्यालय, निघोज, तालुक पारनेर, जिला अहमदनगर, महाराष्ट्र 3. संगमनेर मेडिकल फाउंडेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, अहमदनगर, महाराष्ट्र 4. अब्दुल मजीद सेंट्रल एजुकेशन सोसाइटी, इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, मौजा लोनारा, नागपुर, महाराष्ट्र 5. पद्मश्री विखे पाटिल कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स, लोनी केडी, अहमदनगर, महाराष्ट्र 6. कृषि विकास ट्रस्ट एडीटी शारदाबाई पवार महिला, कला, वाणिज्य और विज्ञान महाविद्यालय, शारदानगर, बारामती, जिला – पुणे, महाराष्ट्र 7. फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री सी.यू. शाह कॉलेज ऑफ फार्मेसी, एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र
15	मणिपुर	5	1. गुड समैरिटन फाउंडेशन, कृषि विभाग, संजेनथोंग, इंफाल, मणिपुर 2. वन विकास एजेंसी, उखरुल वन प्रभाग, मणिपुर। 3. डायनेमिक ट्रांसफॉर्मेशन सोसाइटी, इंफाल पश्चिम, मणिपुर 4. मणिपुर राज्य औषधीय पादप बोर्ड, आयुष निदेशालय भवन लाम्फेलपट मणिपुर 5. कल्याण और ग्रामीण विकास संघ (एडब्ल्यूएआरडी) ओइनम हिल्स विलेज, सेनापति, मणिपुर
16	मिजोरम	1	1.मिजोरम, राज्य औषधीय पादप बोर्ड, आयुष निदेशालय, मिजोरम

17	उड़ीसा	5	1. एसएसएन आयुर्वेद कॉलेज एवं अनुसंधान संस्थान, नृसिंहनाथ, पाइकमल, मनभंग, ओडिशा 2. मेसर्स मुक्ति सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन, निमापारा, पुरी, ओडिशा 3. ग्रीन जैकपॉट इंटरनेशनल, सहदेवकुंटा, जिला - बालासोर, ओडिशा 4. सामाजिक सांस्कृतिक विकास केंद्र, (एससीडीसी), कांटापाड़ा, ओडिशा 5. सेल्फ हेल्प, जवाहर चौक, ढेंकनाल, जिला ढेंकनाल, ओडिशा
18	पंजाब	1	1.गुरु रविदास आयुर्वेद विश्वविद्यालय, होशियारपुर, पंजाब।
19	राजस्थान	1	1.राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर, राजस्थान
20	तमिलनाडु	15	1. आरवीएस मेडिकल ट्रस्ट, कोयंबटूर, तमिलनाडु 2. काथिर कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, तमिलनाडु 3. सिद्ध ज्ञान सबाई ट्रस्ट, तिरुवन्नामलाई जिला, तमिलनाडु 4. ड्रीम मेकर्स सोशल ट्रस्ट (डीएमएसटी), बोम्मईकुट्टईमेडु, सेलप्पमपट्टी पीओ, नामक्कल जिला, तमिलनाडु। 5. सेंट्रल अकेडेमी फॉर स्टेट फॉरेस्ट सर्विस,भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, आर.एस. पुरम, कोयंबटूर, तमिलनाडु 6. राज्य औषधीय पादप बोर्ड, अन्ना अस्पताल परिसर (थेनी जिला), अरुंबक्कम, चेन्नई, तमिलनाडु।(3 प्रस्ताव स्वीकृत) 7. जे.के.के. मुनिराजा कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस टीएन पलायम, गोबी (टीके), इरोड जिला, तमिलनाडु 8. एनवायरनमेंट इंजीनियरिंग, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर, तमिलनाडु 9. गवर्नमेंट योग एंड नेचुरोपैथी मेडिकल कॉलेज, अरिगनर अन्ना इंडियन मेडिसिन कैंपस, चेन्नई 10. गवर्नमेंट यूनानी मेडिकल कॉलेज, अरुमबक्कम, चेन्नई, तमिलनाडु 11. गवर्नमेंट सिद्ध मेडिकल कॉलेज, अरुमबक्कम, चेन्नई, तमिलनाडु 12. गवर्नमेंट होम्यो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, तिरुमंगलम, तमिलनाडु,

			13. सैंट जैवियर कॉलेज, पलायमकोट्टई, 21, नॉर्थ, हाई ग्राउंड रोड, तिरुनेलवेली, तमिलनाडु
21	तेलंगाना	2	1. तेलंगाना स्टेट मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड, एपीजीएलआई बिल्डिंग, तिलक रोड, एबिड्स, हैदराबाद, तेलंगाना 2. तेलंगाना ट्राइबल वेलफेयर रेसिडेंशियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस सोसायटी (टीटीवीआरईएस), गुरुकुलम, चाचा नेहरू पार्क, हैदराबाद, तेलंगाना
22	उत्तराखंड	7	1. डेकाइलिंग सोवा रिग्पा अध्ययन और अनुसंधान, क्लेमेंट टाउन देहरादून, उत्तराखंड 2. कलसी मृदा संरक्षण प्रभाग कलसी (देहरादून), उत्तराखंड 3.अलकनंदा मृदा संरक्षण वन प्रभाग, गोपेश्वर, उत्तराखंड। 4. गुरुकुल कांगड़ी (मानद विश्वविद्यालय) हरिद्वार, उत्तराखंड 5. कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री, वीसीएसजी उत्तराखंड बागवानी और वानिकी विश्वविद्यालय, रानीचौर, टिहरी, उत्तराखंड। 6.रूप ग्रामीण रोजगार संस्थान, जिला- पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड। 7. जय गंगा उत्थान समिति, हरिद्वार, उत्तराखंड
23	उत्तर प्रदेश	13	1. परिवर्तन महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास संस्थान, मीरापुर, फर्रूखाबाद, उत्तर प्रदेश 2. नव जीवन ग्रामोद्योग समिति, ग्राम- पर्वत का पुरवा, पोस्ट- बसोनी, श्री डंबेर सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल, बसोनी बाह, आगरा- उत्तर प्रदेश 3. आस्था विकास संस्थान ग्राम पोस्ट सुतराही मोहम्मदाबाद गोहना, जिला-मऊ, उत्तर प्रदेश 4. बढ़ते कदम कासमी कॉलोनी, खानकाह, देवबंद, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश 5. किसान कल्याण समिति सेमरावां, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश 6. बुनियादी उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान, ग्राम- छंदवाल, पोस्ट हुंसेपुर, ब्लॉक-बनीकोडर, तहसील- राम सनेहीघाट, जिला- बाराबंकी - उत्तर प्रदेश 7. दुर्गा महिला कल्याण सेवा समिति, श्रीनगर, देवा रोड बाराबंकी उत्तर प्रदेश 8. संजीवनी, राजापुर, प्रयागराज -उत्तर प्रदेश 9. बंशगोपाल राष्ट्रीय पुनर्वास ट्रस्ट, ग्राम- कोटवा पोस्ट,

			इनायतपुर जिला- बाराबंकीउत्तर प्रदेश 10. केर्ड बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, सी/ओ बलराम तिवारी धिरजा पुरवा, झंझारी ब्लॉक, जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश। 11. प्रयास ट्रस्ट, चित्रगुप्त नगर, लखपेराबाग, तहसील-नवाबगंज, जिला- बाराबंकी, उत्तर प्रदेश। 12. बंधना फाउंडेशन, जिला-एटा, उत्तर प्रदेश 13. शिल्पी ग्रामोद्योग समाज सेवा समिति, जिला-फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश
कुल		**118**	

श्री अनूप संजय धोत्रे : अध्यक्ष महोदय, मैं भारत सरकार का आभार मानता हूं, जिन्होंने बजट में कपास किसानों के लिए कॉटन रिसर्च पर पांच सौ करोड़ रुपये का बजट रखा है, इसके साथ ही हाइब्रिड सीड्स डेवलपमेंट के लिए अच्छा बजट रखा है। सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिससे कपास के किसानों को अच्छी राहत मिलेगी । एक निर्णय लिया है कपास के नाइट्रेट फाइबर पर दस से बीस परसेंट की कस्टम ड्यूटी की गई है, जिससे टेक्सटाइल किसानों को अच्छी राहत मिलेगी।

मेरा प्रश्न माननीय मंत्री जी से है, जो एक अच्छा एफपीओ चलाते हैं और सोयाबीन रिसर्च के लिए एक अच्छा काम करते हैं । मेरा प्रश्न है कि मेडिसीनल प्लांट्स और हर्बल प्लांट्स के एक्सपोर्ट के लिए मंत्रालय क्या कर रहा है और कितना एक्सपोर्ट हो रहा है?

श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव : अध्यक्ष महोदय, मेडिसीनल प्लांट्स एक्सपोर्ट का डाटा आयुष मंत्रालय संकलित नहीं करता है बल्कि डीजीएफटी संकलित करता है, उनके पास ही डाटा रहता है । उनके आंकड़ों के अनुसार लगभग चार हजार करोड़ रुपये मेडिसीनल प्लांट्स का निर्यात हुआ है ।

आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से आयुष मंत्रालय का निर्माण किया गया, तब से मेडिसीनल प्लांट्स एक्सपोर्ट करते हैं, उसमें 17 से 18 प्रतिशत की वृद्धि आयी है । मेडिसीनल प्लांट्स हम बहुत सारे देशों में भी एक्सपोर्ट करते हैं ।

SHRI ANUP SANJAY DHOTRE: Sir, I would like to ask the hon. Minister to

provide the details of any collaboration or partnership with the international organisations or countries with respect to conservation and sustainable use of herbal plants and medicines.

श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव : अध्यक्ष महोदय, लगभग पिछले दस सालों में पांच देशों के साथ मेडिसीनल प्लांट्स के संवर्धन और एक्सपोर्ट करने के बारे में एमओयू भी साइन हुए हैं। वियतनाम, बांग्लादेश, साओ तोमे और प्रिन्सिपी, इक्वाडोर, गिनी, त्रिनिदाद और टोबैगो इत्यादि देशों के साथ हमने एमओयू साइन किया। हमारे मेडिसीनल प्लांट्स है, हम अपने देश में भी उनका संवर्धन कर रहे हैं, बाहर के देशों के साथ भी संवर्धन करने के लिए इन देशों का सहयोग लेकर वहां पर भी काम किया जा रहा है।

श्रीमती शताब्दी राय बनर्जी : सर, स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट के हिसाब से 30 परसेंट मेडिसिन्स फेक और डुप्लीकेट हैं। यह रिपोर्ट आने के बाद भी मंत्रालय ने क्या स्टेप्स लिए, इसके प्रोटेक्शन के लिए क्या किया, मैं यह जानना चाहती हूं?

श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव : महोदय, यह प्रश्न विषय से संबंधित नहीं है, लेकिन इसके बारे में हमारे जो ड्रग इंस्पेक्टर्स हैं, वे सभी दुकानों से सैंपल सैंपल लेते हैं और वे हमारी स्टेट्स की लैब्स में दी जाती हैं। कुछ भी गैरकानूनी मिलने पर उन पर कार्रवाई भी की जाती है।

माननीय अध्यक्ष : क्वैश्चन नम्बर - 64; श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर।

आयुष्मान भारत कार्ड

***64. श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आयुष्मान भारत कार्ड के नाम पर अस्पताल भ्रष्ट कृत्यों में संलिप्त हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा गुजरात सहित देश भर में ऐसे अस्पतालों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है?

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री; तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव):

(क) से (ग): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

<u>विवरण</u>

(क) से (ग): आयुष्मान भारत – प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) सरकार की अग्रणी योजना है जो भारत की आर्थिक रूप से कमजोर निम्नतम 40% आबादी के 12.37 करोड परिवारों के लगभग 55 करोड लाभार्थियों को मध्यम और विशिष्ट परिचर्या के लिए अस्पतालों में भर्ती होने की स्थिति में प्रति वर्ष 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है।हाल ही में 4.5 करोड परिवारों के 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी क्यों न हो, वय वंदना कार्ड के साथ एबी-पीएमजेएवाई में शामिल करके इस योजना का विस्तार किया गया है। दिनांक 01.01.2025 की स्थिति के अनुसार इस योजना के अंतर्गत 1.19 करोड रुपए की लागत से 8.59 करोड़ अस्पताल भर्तियों को अधिकृत किया गया है।

एबी-पीएमजेएवाई किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी और दुरुपयोग के प्रति जीरो टोलेरेंस के दृष्टिकोण से शासित होता है और इसके कार्यान्वयन के विभिन्न स्तरों पर इस योजना में हो सकने वाली विभिन्न प्रकार की धोखाधडी से बचाव करने, उसका पता लगाने और रोकने के लिए विभिन्न कदम उठाये गए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण में राष्ट्रीय धोखाधड़ी रोधी इकाई स्थापित की गई है और यह इकाई धोखाधड़ी और दुरुपयोग से संबंधित मामलों की जांच करने और उनके विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई करने के लिए राज्यों की धोखाधड़ी रोधी इकाइयों के साथ घनिष्ठ समन्वयन करती है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार 1114 अस्पतालों को पैनल से हटाने, चूक कर्ता 1504 अस्पतालों पर 122 करोड़ रुपए का दंड अधिरोपित करने,549 अस्पतालों के निलंबन सहित चूककर्ता अस्पतालों पर उपयुक्त कार्रवाई की गई है। इसके अलावा एनएएफ़यू द्वारा पैनलबद्ध अस्पतालों

का कोई भी दावा संदिग्ध पाया जाता है, तो ऐसे दावों को आवश्यक होने परएनएएफ़यू की टीम द्वारा फ़ील्ड सत्यापन, सहित उपयुक्त जांच होने तक रोका जाता है।

दिनांक 04.02.2025 की स्थिति के अनुसार, गुजरात राज्य में इस स्कीम के अंतर्गत 9 डाक्टरों और 71 अस्पतालों को निलंबित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, 2 अस्पतालों को पैनल से बाहर कर दिया गया है और एक अस्पताल को काली सूची में डाल दिया गया है। कुल 15.08 करोड़ रुपए की वसूली की गई है और 19.90 करोड़ रुपए की राशि का दंड अधिरोपित किया गया है।

श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर : अध्यक्ष महोदय, आयुष्मान भारत कार्ड के तहत मरीजों को गंभीर बीमारी के कारण निजी अस्पतालों में भर्ती होने के पश्चात् यदि ऑपरेशन कराना हो, तो उसके लिए कार्ड को नैशनल हेल्थ अथॉरिटी से अप्रूवल की आवश्यकता होती है। कई बार ऑपरेशन की काफी आवश्यकता होने पर अस्पतालों द्वारा मरीजों से पैसे लिए जाते हैं। जिनके पास पैसे होते हैं या वे कहीं से पैसों का इंतजाम कर सकते हैं, तो उनका ऑपरेशन हो जाता है, लेकिन कई मरीज पैसों के अभाव के कारण अपना दम तोड़ देते हैं।

मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि ऐसी समस्याओं के निवारण हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री; तथा रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री जगत प्रकाश नड्डा): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से इस स्कीम के बारे में विस्तार से बताना चाहता हूं। आयुष्मान भारत-प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना, जो वर्ष 2018 में लाँच हुई, वह दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ एश्योरेंस स्कीम है। जब यह शुरु हुई, तो इसमें 5 लाख रुपये का हेल्थ कवर एक फैमिली को एक साल के लिए देना तय हुआ। 55 करोड़ लोग यानी 12 करोड़ 37 लाख परिवार इससे जुड़े और 55 करोड़ लोगों, यानी भारत की लगभग 40 प्रतिशत आबादी को इस हेल्थ कार्ड के अंदर कवर किया गया।

महोदय, मैं एक बात और बताना चाहता हूं कि वर्ष 2018-19 में इसमें 37 लाख आशा वर्कर्स

और आंगनवाड़ी हेल्प वर्कर्स को भी जोड़ा गया। जब प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनी, तो 29 अक्टूबर, 2025 को 6 करोड़ सीनियर सिटिजन्स यानी 70 साल से ऊपर के लोगों को जोड़ा गया। कुल मिलाकर 61 करोड़ से ज्यादा लोगों को हेल्थ कवरेज के तहत 5 लाख रुपये का हेल्थ कवरेज दिया गया। इसमें मैं यह भी बताना चाहता हूं कि अभी तक 8.59 करोड़, मतलब 8 करोड़ 60 लाख अस्पतालों में एडमिशन्स हो चुके हैं, यानी 8 करोड़ 60 लाख लोगों को अस्पतालों में राहत दी गई है। 1.19 लाख करोड़ की ऑथराइजेशन, यानी 1.19 लाख करोड़ रुपये, गरीबों के इलाज के लिए खर्च हुए हैं और उनके जीवन को बचाने का काम हुआ है।

महोदय, इन्होंने कहा कि इलाज में दिक्कत आती है, यह मांगा जाता है, वह मांगा जाता है, तो मैं बताना चाहता हूं कि आयुष्मान भारत स्कीम में सब-कुछ फ्री है। 1 हजार 961 सर्जिकल इंटरवेंशन की व्यवस्था है। 30 हजार अस्पताल इम्पैनल्ड हैं और 30 हजार इम्पैनल्ड अस्पतालों में 1,961 सर्जिकल इंटरवेंशन्स की व्यवस्था है, which includes bypass surgery, which includes chemo-therapy, which includes radio-therapy, which includes other surgical interventions, ये सभी किए जाते हैं। उनमें घुटने यानी नी ट्रांसप्लांट को लेकर इन सारी व्यवस्थाओं को जोड़ा गया है। अगर इनके पास कोई स्पेसिफिक केस है, तो ये जरूर हमारे ध्यान में लाएं। हम उस विषय को अवश्य स्टेट अथॉरिटी के साथ बातचीत करके डिसकस करेंगे। **श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर :** अध्यक्ष महोदय, आयुष्मान भारत की तरह कई निजी अस्पतालों को सरकार द्वारा देरी से भुगतान होने के कारण उनके द्वारा इलाज से इनकार किया जा रहा है। इस समस्या को हल करने और इलाज सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं? **श्री जगत प्रकाश नड्डा :** अध्यक्ष महोदय, इसमें मैं बताना चाहूंगा कि केंद्र द्वारा कहीं भी किसी के साथ पैसे को पहुंचाने में कोई देरी नहीं की जा रही है। हमारे तीन किस्म के फंड्स हैं। एक वह है, जो स्टेट एश्योरेंस पर चलता है, दूसरा स्टेट और सेंट्रल दोनों को मिलाकर एस्क्रो अकाउंट के माध्यम से जाता है और तीसरा डायरेक्ट तरीके से जाता है। जहां पर स्टेट का जो शेयर होता है, वह कभी-कभी नहीं आ पाता है, इसलिए उसके कारण दिक्कत आती है। लेकिन भारत सरकार सजग रहती

है और स्टेट गवर्नमेंट के साथ मिलकर पैसे का भुगतान डिजिटली टू द हॉस्पिटल टाइम पर किया जाता है।

DR. PRABHA MALLIKARJUN: I would like to know whether the Government plans to include economically poor persons in addition to BPL card holders under the Ayushman Bharat Yojana. What steps have been taken to address the shortage of doctors, resources, and infrastructure? Also please share the State-wise data of the number of hospitals currently empanelled under the Scheme. Also, does the Government have any plans to strengthen the infrastructure facilities and doctors' availability, specialists in particular, to reduce burden on the prestigious AIIMS and other prestigious institutions?

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: May I know your first question?

DR. PRABHA MALLIKARJUN: It was whether the Government planned to include economically poor persons other than the BPL card holder.

श्री जगत प्रकाश नड्डा : अध्यक्ष महोदय, यह बीपीएल कार्ड होल्डर को नहीं दिया जाता है। सोशियो इकॉनामिक कॉस्ट सेंसस के तहत जिन लोगों का चयन हुआ है, उनकी संख्या, जैसा मैंने अभी बताया कि उसमें 12 करोड़ 37 लाख परिवार इनक्लूड किए गए हैं। उनको ये फैसिलिटी दी जाती है। बाई प्रोफेशन भी, जैसे मैं कई बार बताता हूं, रिक्शा वाला, ठेला वाला, रेहड़ी वाला, फेरी वाला, बस ड्राइवर, ट्रक ड्राइवर, क्लीनर, ऑटो रिक्शा ड्राइवर, बार्बर, हमारे शूज बनाने वाले, रैग पिकर्स इत्यादि, ऐसे जो गरीब लोग हैं, जिनको हॉस्पिटल जाने में दिक्कत आती हैं, वे नहीं जा पाते हैं, उनको आयुष्मान भारत योजना में यह फैसिलिटी दी जा रही है।

SHRI B. MANICKAM TAGORE: Sir, the Jan Aarogya Yojana is an important programme, but it is alarming to know from the reply of the hon. Minister that 1,114 hospitals are involved in the fraud, a penalty has been levied for 1,504

hospitals and suspension of 549 hospitals is there. Can the Minister share the State-wise list of the hospitals which come under these three categories? Can the hon. Minister provide the list of hospitals in Tamil Nadu which are in that list of fraud, penalty and suspension?

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: I would elaborately give the answer accordingly. For the Ayushman Bharat Yojana, we have got National Anti-Fraud Unit (NAFU), and we have got State Anti-Fraud Units. For that, we always identify the suspicious cases. Here, I would also like to share with the hon. Member that we have got 57 triggers for detecting fraud, and 44 are rule- based. For example, if a patient goes for a bypass surgery, he has to stay in the hospital for 10 days. That is the rule. If he is discharged after the third day, then something suspicious is there. This is called rule-based trigger. So, there are 40 rule-based triggers which digitally come to us and this is the methodology. The same way under the artificial intelligence and machine learning, there are 13 artificial intelligence-based and machine learning triggers which work.

We have got image analytics. For example, if a procedure has been done, the same photograph is given for another patient also. So, that is also detected. So, image analytics are there; four types of image analytics are there. Image classification is there. Optical character recognition is there. Deep learning process is also there. Having said that, this is a continuous process because there are people in the market who try to develop new types of frauds. We also develop digitally new types of triggers to see to it that the fraud is detected and action is taken. As you also have mentioned, we have taken action against 1140

hospitals. A penalty of Rs.122 crore has been imposed. This is not a small amount; Rs.122 crore is the penalty which has been enforced. There is suspension of 549 hospitals. Nine doctors have been suspended. This is about a particular State.

As you have asked about Tamil Nadu, I will give you a separate answer for that.

माननीय अध्यक्ष : क्वैश्चन नम्बर - 64; डॉ. आलोक कुमार सुमन।

INFRASTRUCTURE FOR ANGANWADIS

***65. DR. ALOK KUMAR SUMAN:**

Will the Minister of **WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT** be pleased to state:

(a) whether infrastructure has been reorganised in Anganwadis including modern and upgraded Saksham Anganwadis under the Mission Saksham Anganwadis for its fruitful implementation across the country inclduing Bihar, Uttar Pradesh and Madhya Pradesh, if so, the details thereof;

(b) whether modern and upgraded Saksham Anganwadis is contributing significantly in the rural areas of the country for generating employment among the downtrodden women, if so, the details thereof; and

(c) whether the Government has made any categorization in Anganwadi workers to give more priority/benefits to women belonging to SC/ST communities and if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

महिला और बाल विकास मंत्री (श्रीमती अन्नपूर्णा देवी):

(क) से (ग): विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

<u>विवरण</u>

(क) से (ग): 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान, सरकारी भवनों में स्थित 2 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) को प्रति वर्ष 40,000 आंगनवाड़ी केंद्रों की दर से मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत बेहतर पोषण वितरण तथा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के लिए सक्षम आंगनवाड़ी के रूप में सुदृढ़ और उन्नत किया जाना है। सक्षम आंगनवाड़ियों को पारंपरिक आंगनवाड़ी केंद्रों की तुलना में बेहतर बुनियादी ढांचा प्रदान किया जाना है जिसमें एलईडी स्क्रीन, वाटर प्यूरीफायर/आरओ मशीन की स्थापना, पोषण वाटिका, ईसीसीई से संबंधित पुस्तकें और शिक्षण सामग्री आदि शामिल हैं। अब तक, 2 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में अपग्रेड करने के लिए मंजूरी दी गई है। इसका राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत, वित्त वर्ष 2021-22 से प्रति वर्ष 10000 आंगनवाड़ी केंद्रों की दर से पांच वर्षों की अवधि में 50000 आंगनवाड़ी केंद्रों के भवन का निर्माण किया जाना है। मनरेगा के साथ अभिसरण में आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए लागत मानदंड 12 लाख रुपये प्रति आंगनवाड़ी केंद्र है, जिसमें से 8.00 लाख रुपये मनरेगा के तहत, 2.00 लाख रुपये 15वें वित्त आयोग (या किसी अन्य असंबद्ध निधि) के तहत और 2.00 लाख रुपये महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रति आंगनवाड़ी केंद्र प्रदान किए जाएंगे, जिसे निर्धारित लागत साझाकरण अनुपात में केंद्र और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के बीच साझा किया जाएगा।

शौचालय के निर्माण के लिए अनुमोदित इकाई लागत 36000 रुपये प्रति आंगनवाड़ी केंद्र है और पेयजल के प्रावधान के लिए अनुमोदित लागत 17000 रुपये प्रति आंगनवाड़ी केंद्र है, जिसे लागत साझाकरण अनुपात के अनुसार केंद्र और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा साझा किया जाएगा।

इसके अलावा, सरकार ने सभी लघु आंगनवाड़ी केंद्रों को नियमित आंगनवाड़ी केंद्रों में उन्नत करने के आदेश जारी किए हैं। इससे देशभर में इन आंगनवाड़ी केंद्रों में एक आंगनवाड़ी सहायिका मिल जाएगी जो

आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री का बोझ साझा करेगी, ताकि ईसीसीई घटक को मजबूत किया जा सके। इसके अलावा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वेपर्याप्त बुनियादी ढांचे के बिना किराए पर चल रहे आंगनवाड़ी केंद्रों को पास के उन प्राथमिक विद्यालयों में स्थापित करें, जहां भी जगह उपलब्ध हो।

जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए पीएम जनमन मिशन का उद्देश्य 18 राज्यों और एक संघ राज्य क्षेत्र में रहने वाले 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) का लक्षित विकास करना है। यह मिशन महिला और बाल विकास मंत्रालय सहित 9 प्रमुख मंत्रालयों से संबंधित 11 महत्वपूर्ण पहलों पर केंद्रित है। अब तक, देश भर में पीएम जनमन के तहत निर्माण के लिए कुल 2139 एडब्ल्यूसी को मंजूरी दी गई है।

उपर्युक्त के अलावा, जनजातीय कार्य मंत्रालय ने धरती आबा जनजाति ग्राम उन्नत अभियान (डीएजेजीयूए) शुरू किया है, जिसका उद्देश्य जनजातीय बहुल क्षेत्रों और आकांक्षी ब्लॉक एसटी गांवों में आदिवासी परिवारों की संतृप्ति कवरेज को अपनाकर जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के दायरे में वित्त वर्ष 2024-25 से वित्त वर्ष 2028-29 तक 2000 नए सक्षम एडब्ल्यूसी की स्थापना और 6000 मौजूदा एडब्ल्यूसी को सक्षम एडब्ल्यूसी में उन्नत करना शामिल है। अब तक, देश भर में डीएजेजीयूए के तहत कुल 236 आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण को मंजूरी दी गई है।

आंगनवाड़ी केंद्र स्थानीय समुदाय की महिला आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और आंगनवाड़ी सहायिकाओं द्वारा संचालित होते हैं, जो पोषण और बाल विकास के क्षेत्र में अपनी सेवाएं देने के लिए आगे आती हैं।

पोषण वाटिकाएं (रसोई उद्यान और पोषक उद्यान) आंगनवाड़ी केंद्रों पर या उनके आस-पास, जहां भी संभव हो, तथा सरकारी स्कूलों और ग्राम पंचायत की भूमि पर स्थापित की जा रही हैं, ताकि महिलाओं और बच्चों को पोषण संबंधी लाभ आसानी से प्रदान किए जा सकें। इस कार्यक्रम को शुरू करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत क्षेत्रों, गांव की खाली भूमि या किसी अन्य सरकारी परिसर जैसे स्कूल परिसर

या इलाके में उपलब्ध सामुदायिक/सरकारी भूमि आदि का उपयोग किया जाता है। इन वाटिकाओं के प्रबंधन के लिए किशोरियों और बीपीएल महिलाओं को तैनात किया जाता है।

अनुबंध

आंगनवाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में अपग्रेड करने के लिए मंजूरी का राज्य-वार ब्यौरा

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**सक्षम आंगनवाड़ियों में उन्नयन हेतु अनुमोदित आंगनवाड़ी केंद्रों की अब तक कुल संख्या**
1	आंध्र प्रदेश	9,958
2	बिहार	11,529
3	छत्तीसगढ़	11,490
4	गुजरात	13,147
5	हरियाणा	2,804
6	हिमाचल प्रदेश	1,030
7	जम्मू एवं कश्मीर	338
8	झारखंड	16,775
9	कर्नाटक	17,732
10	केरल	4152
11	मध्य प्रदेश	24,662
12	महाराष्ट्र	14,745
13	ओडिशा	12,140
14	पंजाब	353
15	राजस्थान	3514
16	तमिलनाडु	11,972
17	तेलंगाना	5,008
18	उत्तर प्रदेश	23,697
19	उत्तराखंड	827
20	पश्चिम बंगाल	5,359
21	अरुणाचल प्रदेश	152

22	असम	5,407
23	मणिपुर	30
24	मेघालय	121
25	मिजोरम	1,600
26	नागालैंड	149
27	सिक्किम	435
28	त्रिपुरा	474
29	अंडमान और निकोबार	140
30	गोवा	24
31	पुदुच्चेरी	135
32	चंडीगढ़	69
33	लद्दाख	14
36	लक्षद्वीप	18
	कुल	**2,00,000**

डॉ. आलोक कुमार सुमन : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय ने स्पष्ट और विस्तृत उत्तर दिया है, उसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। मेरा प्रश्न है कि 'मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0' के अंतर्गत कौन-सी तकनीक में प्रगति की गई है? कृपया उसके बारे में बताया जाए।

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी : अध्यक्ष महोदय, चूंकि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी सरकार महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, समता और सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ता से कार्य कर रही है। आंगनवाड़ी को सक्षम और प्रभावशाली बनाने तथा इसके इको सिस्टम को और मजबूत करने के लिए 'मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0' के तहत 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पोषण वितरण और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) को बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 40,000 रुपये स्वीकृत हैं। हमने लगभग 2,00,000 आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए स्वीकृत किया है।

उसको उन्नत करने के लिए बुनियादी ढांचे में वाई-फाई, इंटरनेट, एलईडी स्क्रीन के साथ-

साथ पोषण वाटिका में टॉयलेट्स और पेयजल की सुविधा तथा बच्चों के संज्ञानात्मक और रचनात्मक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए हमने शिक्षण उपकरण आदि भी शामिल किए हैं। कई ऐसे इंटरवेन्शंस हैं, 'मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0' के माध्यम से बच्चों को सिर्फ पोषण ही न मिले, बल्कि हम पढ़ाई और बेहतर स्वास्थ्य पर भी ध्यान देते हैं। हम इसके माध्यम से लगभग 10 करोड़ से ज्यादा लाभकों को लाभ भी पहुंचा रहे हैं।

डॉ. आलोक कुमार सुमन : अध्यक्ष महोदय, आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण में क्या अन्य मंत्रालयों से भी सहयोग लिया जा रहा है?

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण में कई मंत्रालय शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय लगभग 18 मंत्रालयों के कन्वर्जन के साथ चलता है। विशेषकर ग्रामीण विकास विभाग के मनरेगा के तहत हम आंगनवाड़ी केन्द्रों का निर्माण करते हैं, जिसमें मनरेगा के तहत 8,00,000 रुपये देते हैं, 15वें वित्त आयोग की असंबद्ध राशि के तहत 2,00,000 रुपये देते हैं और हम विभाग के माध्यम से प्रति आंगनवाड़ी को 2,00,000 रुपये देते हैं, ताकि उसकी आधारभूत संरचना का विकास हो।

माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 'प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान' (पीएम जनमन) के तहत 18 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को शामिल किया गया है। विशेष रूप से यह योजना 75 कमजोर जनजाति समूहों के लिए है। इसके माध्यम से हमें 2,500 आंगनवाड़ी केन्द्रों का निर्माण करना है। हमने अभी तक 2,139 आंगनवाड़ी केन्द्रों को स्वीकृति दे दी है। उसमें लगभग 1,001 आंगनवाड़ी कार्यशील भी हैं।

उसके तहत लगभग 22,800 लाभुक लाभान्वित हो रहे हैं। इसके साथ-साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से भी दो हजार नए आंगनवाड़ी केन्द्रों को स्थापित किया जाना है और सक्षम बनाना है। उसके साथ-साथ वहां पर अन्य 6,000 आंगनवाड़ी केन्द्रों को सक्षम बनाना है। इसके लिए हम कई विभागों के साथ मिलकर आंगनवाड़ी केंद्रों को सक्षम बना रहे हैं, ताकि उसका लाभ सही ढंग से लोगों को मिल सके।

एडवोकेट चन्द्र शेखर : माननीय अध्यक्ष जी, धन्यवाद कि आपने मुझे यह प्रश्न पूछने का मौका दिया है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि आंगनवाड़ी बहनें बहुत काम करती हैं और यह एक अच्छा विस्तृत कार्यक्रम है। आंगनवाड़ी बहनों को जो मानदेय मिलता है, वह कितना है? अगर यह सम्मानजनक मानदेय है तो उसकी भी जानकारी दें। अगर यह सम्मानजनक मानदेय नहीं है तो जब आप इसका उत्तर देंगी तो यह भी बता दें कि क्या उनके वेतन वृद्धि में किसी कार्यक्रम की रूपरेखा है? उनसे काम तो बहुत लिया जाता है, लेकिन उनको सम्मानजनक मानदेय नहीं मिलता है।

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी : अध्यक्ष महोदय, जो कार्यकर्ता है, वे उसी ग्रामीण क्षेत्र की होती हैं। हम उनसे 6 घंटे के लिए काम लेते हैं। निश्चित रूप से वे आज बहुत ही बेहतर काम कर रही हैं और विभिन्न राज्य सरकारें भी उनसे अलग-अलग तरीके से काम ले रही हैं। हम उन्हें भारत सरकार के माध्यम से अलग-अलग मानदेय देते हैं और समय-समय पर मानदेय में बढ़ोतरी भी होती है। हमने मानदेय के अलावा भी उनको जीवन बीमा और आयुष्मान भारत के तहत हेल्थ कवरेज स्कीम से भी जोड़ा है। इसके अलावा राज्य सरकार के द्वारा भी उनको सुविधा दी जाती है। उनको अलग-अलग राज्य सरकारों के द्वारा भी राशि दी जाती है और वह राशि कहीं 15 हजार रुपये और कहीं 10 हजार रुपयेहै। … (व्यवधान) अलग-अलग राज्य टॉप अप देते हैं। अगर टॉप अप के माध्यम से देखेंगे तो विभिन्न राज्यों के मानदेय एक रूप में नहीं है।… (व्यवधान) चूंकि यह प्रश्न इस प्रश्न से संबंधित नहीं है, इसलिए हम आपको डिटेल दे देंगे कि किस राज्य में कितने पैसे दिए जा रहे हैं। भारत सरकार ने समय-समय पर पैसा बढ़ाया है और वर्ष 2018 में भी पैसा बढ़ाया है। जब हम महसूस करते हैं, तब उनको हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं।

श्रीमती संध्या राय : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से पूछना चाहती हूं कि महिलाओं और बच्चों को पोषण संबंधी लाभ मिले, उस दिशा में हमारी सरकार की पहल है कि हर आंगनवाड़ी केंद्र या आसपास सरकारी स्कूलों या पंचायती भूमि पर पोषण वाटिकाएं बनाई जाएं, जिससे हमारी महिलाओं और बच्चों को भरपूर पोषण मिल सके।

मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि अभी तक पूरे भारतवर्ष और मध्य प्रदेश में कितनी पोषण वाटिकाएं संचालित हैं और हमारी सरकार का आगामी लक्ष्य क्या है?

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी : अध्यक्ष महोदय, पोषण वाटिका मिशन आंगनवाड़ी पोषण 2.0 के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों को सक्षम बना रहे हैं। अभी तक पूरे देश के अंदर सक्षम आंगनवाड़ी निर्माण के लिए दो लाख आंगनवाड़ी केन्द्रों को स्वीकृति दी जा चुकी है। सक्षम आंगनवाड़ी में पोषण वाटिकाएं भी होती हैं । पोषण वाटिका के साथ-साथ बेहतर आधारभूत संरचना, टॉयलेट की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था और आरओ सिस्टम की भी व्यवस्था कर रहे हैं। बच्चों को ईसीसीई में अनौपचारिक शिक्षा दे रहे हैं। उसके लिए भी एक एलईडी स्क्रीन देते हैं, ताकि उसके माध्यम से बच्चे अनौपचारिक तौर पर शिक्षा ग्रहण कर सकें।

इसके तहत राज्य सरकार से हमारे पास 2 लाख प्रस्ताव आए हैं, जिसकी हमने स्वीकृति दी है। लगभग 15 हजार से ज्यादा सक्षम बन चुके हैं, जहां पोषण वाटिकाएं भी हैं। अगर आंगनवाड़ी केंद्रों के अंदर जगह नहीं है तो हम राज्य सरकार से कहते हैं कि दूसरी सार्वजनिक या सरकारी भूमि पर पोषण वाटिकाएं बनाएं, ताकि उस पोषण वाटिका के माध्यम से बच्चों को पौष्टिक भोजन और हरी साग सब्जियां खिला सकें।

श्री धर्मेन्द्र यादव : सर!

माननीय अध्यक्ष : धर्मेन्द्र जी, यह महिलाओं का विषय है।

***SHRIMATI BAG MITALI:** Honourable Speaker, Sir, thank you for the opportunity to raise my question. My Lok Sabha Consistency is Arambag. My journey to this Parliament started with me being an ICDS worker.

The honourable minister has mentioned that upgradation was done to forty thousand Anganwadi Centres and they were also modernised. The sanctioned

* English translation of the speech originally delivered in Bengali.

amount for nutrition is meagre. It is Rs. 1.63 for a mother and it is Rs. 1.04 for a child. With such an amount, how do you even ensure the quality of nutrients? Inflation is skyrocketing. In the present scenario, how can we provide supplementary nutrition? I have an additional request.

माननीय अध्यक्ष : आप केवल प्रश्न पूछिए, कृपया भाषण मत दीजिए।

*__SHRIMATI BAG MITALI:__ Today, we need to update all the specifics to the POSHAN portal. I believe without wasting time on the POSHAN app, if the government had prioritised nutrition, we could have hoped for a brighter future. Handling this POSHAN portal is complex due to bad internet connectivity, and sometimes, it is also practically difficult

to update all details of the workers. My question is, due to inflation, the prices of daily commodities are skyrocketing. How do we ensure the quality of nutrition under such circumstances?

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी : अध्यक्ष महोदय, मैंने शुरू में ही कहा कि प्रधान मंत्री जी के लक्ष्य और उनके दूरदर्शी नेतृत्व में मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से बेहतर सुविधा 10 करोड़ लाभार्थियों को मिल सके, उसके लिए हम काम कर रहे हैं और उसी के तहत वर्ष 2023 में बच्चों को कितनी कैलारी देनी है, इसके लिए नार्म्स बने हैं और उसके तहत माननीय वित्त मंत्री जी ने इस बजट में घोषणा भी की है। आपकी जो चिंता है, वह सरकार की भी है और हम चाहते हैं कि बाजार मूल्य के आधार पर उन्हें सहायता मिल सके तो इस बजट में उसका प्रावधान भी हुआ है। आने वाले समय में जो आपकी चिंता है, उसको पूरा किया जाएगा। लेकिन एक बात मैं जरूर कहना चाहूंगी।

*But I would like to request that since you hail from West Bengal, you

* English translation of this part of speech originally delivered in Bengali.

kindly request *Didi* to expedite the process while implementing the ongoing schemes. She is merely renaming many of these schemes.

माननीय अध्यक्ष : क्वैश्चन नम्बर - 64; डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले।

कुपोषण मुक्त भारत

***66. डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले:**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पोषण अभियान या राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत देश को वर्ष 2022 तक कुपोषण मुक्त बनाने का कोई लक्ष्य निर्धारित किया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त अभियान के माध्यम से सरकार द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है तथा उक्त अभियान को पूरा करने में आई कठिनाइयों का ब्यौरा क्या है;

(ग) महाराष्ट्र में भंडारा-गोंदिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुपोषण जैसी गंभीर समस्याओं पर नियंत्रण के लिए विद्यमान तंत्र का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा उक्त अभियान के तहत भंडारा और गोंदिया जिलों को अब तक प्रदान की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

महिला और बाल विकास मंत्री (श्रीमती अन्नपूर्णा देवी):

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

<u>विवरण</u>

(क) से (घ) : बच्चों, किशोरों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करने के उद्देश्य से8 मार्च,2018 को शुरू किया गया पोषण अभियान, समग्र पोषण हेतु एक व्यापक योजना है। 15वें वित्त आयोग के तहत, कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए आंगनवाड़ी सेवाओं, पोषण अभियान और किशोरियों (आकांक्षी जिलों और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 14-18 वर्ष की आयु) के लिए योजना जैसे विभिन्न घटकों को मिशन सक्षम आंगनवाड़ी तथा पोषण 2.0 (मिशन पोषण 2.0) के अंतर्गत शामिल किया गया है। यह एक केंद्र प्रायोजित मिशन हैजिसके विभिन्न कार्यकलापों के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी राज्यों की है। यह मिशन एक सार्वभौमिक स्व-चयनित व्यापक योजना है जिसे महाराष्ट्र के भंडारा-गोंदिया संसदीय क्षेत्र सहित पूरे देश में कार्यान्वित किया जा रहा है।

पोषण केवल भोजन करने तक सीमित नहीं है, इसके लिए उचित पाचन, अवशोषण और चयापचय की आवश्यकता होती है जो स्वच्छता, शिक्षा तथा स्वच्छ पेयजल जैसे कारकों से प्रभावित होता है। चूंकि

कुपोषण के लिए भोजन, स्वास्थ्य, पानी, स्वच्छता, शिक्षा इत्यादि को शामिल करते हुए बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, इसलिए कुपोषण के मुद्दे का प्रभावी ढंग से समाधान करना महत्वपूर्ण है। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत 18 मंत्रालयों/विभागों के बीच परस्पर (क्रॉस कटिंग) अभिसरण स्थापित करके कुपोषण की चुनौती का समाधान किया जा रहा है।

मिशन पोषण 2.0 के तहत सामुदायिक सहभागिता, आउटरीच, व्यवहार परिवर्तन और पक्ष समर्थन जैसे कार्यकलापों के माध्यम से कुपोषण में कमी लाने तथा स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती एवं प्रतिरक्षा में सुधार के लिए एक नई कार्यनीति बनाई गई है। इसमें मातृ पोषण, शिशु और छोटे बच्चों के आहार मानदंडों, गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम)/ मध्यम तीव्र कुपोषण (एमएएम) के उपचार और आयुष पद्धतियों के माध्यम से तंदुरुस्ती पर ध्यान केंद्रित किया जाता है ताकि दुबलेपन, ठिगनेपनऔर अल्प वजन की व्यापकता को कम किया जा सके।

इस मिशन के उद्देश्य इस प्रकार हैं:

- देश के मानव पूंजी विकास में योगदान करना;
- कुपोषण की चुनौतियों का समाधान करना;
- स्थायी स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए पोषण जागरूकता तथा अच्छी खान-पान की आदतों को बढ़ावा देना

इस योजना के तहतबच्चों (6 महीने से 6 वर्ष), गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और किशोरियों को पूरक पोषण दिया जाता है ताकि जीवन चक्र दृष्टिकोण अपनाकर पीढ़ियों से चले आ रहे कुपोषण के चक्र को समाप्त किया जा सके। पूरक पोषण राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की अनुसूची-II में निहित पोषण मानदंडों के अनुसार प्रदान किया जाता है। इन मानदंडों को जनवरी 2023 में संशोधित और उन्नयित किया गया है। पुराने मानदंड काफी हद तक कैलोरी-विशिष्ट थे, तथापि, संशोधित मानदंड आहार विविधता के सिद्धांतों पर आधारित पूरक पोषण की मात्रा और गुणवत्ता दोनों के मामले में अधिक व्यापक और संतुलित हैं। इस मानदंड में गुणवत्ता वाले प्रोटीन, स्वस्थ वसा और सूक्ष्म पोषक तत्व का प्रावधान किया गया है।

महिलाओं और बच्चों में रक्ताल्पता (एनीमिया) को नियंत्रित करने और सूक्ष्म पोषक तत्वों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों को फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति की जा रही है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर सप्ताह में कम से कम एक बार पका हुआ गर्म भोजन और घर ले जाया जाने वाला राशन (टीएचआर-कच्चा राशन नहीं) तैयार करने के लिए मिलेट (श्री अन्न) के उपयोग पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बच्चों में गंभीर तीव्र कुपोषण को रोकने और उसका इलाज करने तथा इससे जुड़ी रुग्णता एवं मृत्यु दर को कम करने के लिए सामुदायिक कुपोषण प्रबंधन (सीएमएएम) के लिए संयुक्त रूप से प्रोटोकॉल जारी किया है।

लोगों को पोषण संबंधी पहलुओं के बारे में शिक्षित करने के लिए इस मिशन के अंतर्गतसामुदायिक जुटाव और जागरूकता पक्ष समर्थन प्रमुख कार्यकलाप हैं।क्योंकिपोषण संबंधी अच्छी आदतों को अपनाने के लिए व्यवहार परिवर्तन हेतु सतत प्रयास की आवश्यकता होती है। राज्य और संघ राज्य क्षेत्र क्रमशः सितंबर और मार्च-अप्रैल के माह में मनाए जाने वाले पोषण माह और पोषण पखवाड़े के दौरान सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रमों के तहत नियमित रूप से जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन और रिपोर्टिंग कर रहे हैं। समुदाय आधारित कार्यक्रम (सीबीई) ने पोषण पद्धतियों को बदलने में एक महत्वपूर्ण कार्यनीति के रूप में काम किया है और सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को प्रत्येक महीने समुदाय आधारित दो कार्यक्रम आयोजित करने होते हैं।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 1992-93 से संचालित राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के विभिन्न चक्रों में भी पूरे भारत में बच्चों में कुपोषण संकेतकों में सुधार दिखाया गया है। एनएफएचएस-1 से एनएफएचएस-5 तक बच्चों के लिए इन संकेतकों का विवरण नीचे दिया गया है:

एनएफएचएस सर्वे	**ठिगनेपन का %**	**अल्पवजन का %**	**दुबलेपन का %**
एनएफएचएस-1 (1992-93)*	52	53.4	17.5
एनएफएचएस-2 (1998-99)**	45.5	47	15.5
एनएफएचएस-3 (2005-6)***	48.0	42.5	19.8
एनएफएचएस-4 (2015-16)***	38.4	35.8	21.0
एनएफएचएस-5 (2019-21)***	35.5	32.1	19.3

* 4 वर्ष से कम

** 3 वर्ष से कम

*** 5 वर्ष से कम

उपर्युक्त तालिका संबंधित समय के साथ 0-3 वर्ष, 0-4 वर्ष और 0-5 वर्ष की आयु के सभी बच्चों में कुपोषण संकेतकों की तस्वीर प्रस्तुत करती है।

वर्ष 2021 के लिए भारत में 5 वर्ष तक के सभी बच्चों की अनुमानित जनसंख्या 13.75 करोड़ है (स्रोत: भारत और राज्यों के लिए जनसंख्या अनुमान 2011-2036, राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय)। तथापि,अक्टूबर 2024 के आंकड़ों के अनुसार, 5 वर्ष तक के केवल 7.50करोड़ बच्चे ही आंगनवाड़ियों में नामांकित हैं और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के पोषण ट्रैकर

पर पंजीकृत हैं। इनमें से 7.18करोड़ बच्चों की लंबाई और वजन के मापदंडों पर पर माप की गई। इनमें से 39.68% बच्चे ठिगने पाए गए, 17.22% बच्चे अल्प वजन वाले और 5.5% दुबले पाए गए।
इसके अलावा, वर्ष 2021 के लिए भारत में 6 वर्ष तक के सभी बच्चों की अनुमानित जनसंख्या 16.1 करोड़ है। पोषण ट्रैकर के अक्टूबर 2024 के आंकड़ों के अनुसार, 8.82 करोड़ बच्चे (0-6 वर्ष) आंगनवाड़ियों में नामांकित हैंजिनमें से 8.43करोड़ बच्चों केवजन और ऊंचाई की विकास मापदंडों पर माप की गई है। इनमें से 38.32% बच्चे (0-6 वर्ष) ठिगने और 17.82% बच्चे (0-6 वर्ष) अल्प वजन के पाए गए हैं। एनएफएचएस आंकड़ों और पोषण ट्रैकर आंकड़ों के विश्लेषण से पूरे भारत में बच्चों में कुपोषण संकेतकों में सुधार दिखा है।
आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने और उसमें पारदर्शिता लाने के लिए आईटी सिस्टम का लाभ उठाया गया है। 1 मार्च, 2021 को महत्वपूर्ण आईटी गवर्नेंस टूल के रूप में 'पोषण ट्रैकर' एप्लिकेशन शुरू किया गया था। यह परिभाषित संकेतकों पर आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) में बुनियादी ढांचे तथा सेवा प्रदायगी और लाभार्थियों की निगरानी एवं ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान करता है। पोषण ट्रैकर हिंदी और अंग्रेजी सहित 24 भाषाओं में उपलब्ध है। इसने आंगनवाड़ी सेवाओं के लिए लगभग तत्काल आंकड़ा संग्रह को सुगम बनाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के लिए महीने में एक बार सभी बच्चों (0-6 वर्ष) की ऊंचाई और वजन मापना अनिवार्य है। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों द्वारा दर्ज की गई ऊंचाई और वजन के आंकड़ों के आधार पर, डब्ल्यूएचओ के मानकों के अनुसार बच्चों में ठिगनापन, दुबलापन, अल्पवजन की व्यापकता की नियमित पहचान के लिए पोषण ट्रैकर का लाभ उठाया जा रहा है।

मिशन पोषण 2.0 के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधि जारी की जाती है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए, 31 जनवरी, 2025 तक मिशन पोषण 2.0 के तहत महाराष्ट्र राज्य को 871.83 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले : अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या सरकार ने पोषण अभियान या राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत देश को वर्ष 2022 तक कुपोषित मुक्त बनाने का कोई लक्ष्य निर्धारित किया था? यदि हां, तो उक्त अभियान के माध्यम से सरकार द्वारा हासिल की गयी उपलब्धि का ब्यौरा दें तथा उक्त अभियान को पूरा करने के लिए आयी कठिनाइयों का ब्यौरा दें । महाराष्ट्र में भन्डारा-गोंदिया निर्वाचन क्षेत्र में कुपोषण जैसी गम्भीर समस्याओं पर नियंत्रण करने के लिए विद्यमान तंत्र का ब्यौरा क्या है? सरकार के द्वारा उक्त अभियान के तहत भन्डारा-गोंदिया जिले में अब तक प्रदान की गयी धनराशि का ब्यौरा दें ।**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी :**

अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में आंगनवाड़ी प्रणाली को सशक्त बनाने और उच्च गुणवत्ता वाली पोषण सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उसी के तहत हम सुपोषित भारत, विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम भी उठा रहे हैं और खास तौर पर अगर हम देखें तो कुपोषण की बात माननीय सदस्य ने की है तो वर्ष 2018 में पोषण अभियान का आरम्भ किया गया। यह मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत आता है, जिसके तहत लगभग 14 लाख आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से कुपोषण, जो एक दिन का नहीं है, इसके लिए कई दिन तक हमें हस्तक्षेप करना पड़ता है तभी इसको ठीक किया जा सकता है।

पोषण अभियान के तहत हमारे लगभग एक करोड़ से ज्यादा कार्यक्रम हुए हैं, जिनके माध्यम से हम लोगों को जागरूक कर रहे हैं। चूँकि खान-पान के साथ-साथ जागरूकता भी बड़ी चीज है। हम उनके बिहेवियर चेंज के लिए भी उनको जागरूक करते हैं। उसके साथ-साथ कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए सामुदायिक सहभागिता, लाभार्थियों के सशक्तिकरण और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष पोषण माँ और पोषण पखवाड़ा के माध्यम से हम गतिविधियां आयोजित करते हैं। अभी तक अगर हम देखें तो लगभग 13 करोड़ गतिविधियां हुई हैं, जिनके माध्यम से हम लोगों को जागरूक कर रहे हैं। हमारे कार्यक्रम के माध्यम से, जो हमारे 10 करोड़ लाभार्थी हैं, जो सैम और मैम बच्चे हैं, उनको हम टीएचआर के माध्यम से और हॉट कुक मील के माध्यम से खाना देते हैं।

डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले : अध्यक्ष महोदय, ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 के अनुसार भारत 127 देशों में से 105वें स्थान पर है, जो गंभीर श्रेणी में आता है। भारत का जीएचआई स्कोर 27.3 है, जो पिछले वर्षों की तुलना में मामूली सुधार को दर्शाता है। हालांकि भारत की रैंकिंग पड़ोसी देश जैसे श्रीलंका - 56, नेपाल - 68 और बांग्लादेश - 84 से पीछे है। हम इस वास्तविकता में क्या कुपोषण मुक्त भारत की कल्पना कर सकते हैं? भारत के पड़ोसी देश भी भारत से आगे हैं और क्या हम मेडगाड जैसे क्षेत्रों में सुधार कर सकते हैं? क्या हम उनको न्याय दे सकते हैं? क्या वहां के कुपोषित बालकों

की मदद कर सकते हैं, जहां पर आए दिन काफी बालकों की मृत्यु हो रही है?

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी : अध्यक्ष महोदय, अगर हम एनएफएसएच के डेटा को देखें तो एनएफएसएच – 4 के अनुसार जिन बच्चों में ठिगनापन 38.4 परसेंट था, वह अभी एनएफएसएच – 5 में लगभग 35.5 परसेंट हुआ है, यानी कि वह घटा है। उसी तरह से वेस्टिंग में भी 35 परसेंट से 32 परसेंट हुआ है और दुबलेपन में भी 21 परसेंट से 19 परसेंट हुआ है। इसके साथ-साथ पोषण ट्रेकर का जो डेटा है, उसको देखा जाए तो भी बहुत ज्यादा बदलाव हो रहा है। डेटा में पहले की अपेक्षा अब धीरे-धीरे सुधार भी हो रहा है। इसी तरह से जो उसके घटक हैं, उनमें भी हमें निश्चित रूप से सुधार दिख रहा है। इसके अलावा विभाग के माध्यम से भी हस्तक्षेप किए जा रहे हैं, ताकि माननीय प्रधान मंत्री जी का कुपोषण मुक्त भारत का जो लक्ष्य है, उस लक्ष्य को हम हासिल कर सकें। उसके लिए हेल्थ विभाग के माध्यम से मिलकर हम निरंतर काम कर रहे हैं। हमें लगता है कि इसमें जल्दी ही हमें लाभ मिलेगा।

माननीय अध्यक्ष : श्री राहुल कस्वां।समय हो गया है, इसलिए आप शॉर्ट में प्रश्न पूछ लीजिए।

श्री राहुल कस्वां : अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। मैं यह कहना चाहता हूँ कि 33 साल पहले इस देश के अंदर नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे होना शुरू हुआ। 33 साल के पश्चात् भी हम स्टंटिंग, अंडर वेट और वेस्टिंग कंट्री में उस पैमाने पर कम नहीं कर पाए, जितना हमें कम करना चाहिए था। मेरा प्रश्न इतना ही है कि हम जो डेटा कलेक्ट कर रहे हैं, उसके हिसाब से वर्ष 2021 के अंदर 16 करोड़ बच्चे इस कंट्री के अंदर थे, जो पांच साल से कम उम्र के थे। उनमें से हम सिर्फ आधे बच्चों का ही डेटा कलेक्ट करके एनएफएचएस के अंदर शामिल कर पाए हैं। क्या सरकार ऐसा कोई प्रावधान रखती है कि जो 'आभा' आईडी है, उस आईडी के माध्यम से इस देश में पैदा होने वाले हर बच्चे का डेटा रखा जाए, ताकि हम कंट्री को मालन्यूट्रिशन से फ्री कर सकें।

11.58 hrs (Shri Dilip Saikia *in the Chair*)

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी : सभापति महोदय, सांसद महोदय ने जो सवाल उठाया है, उस पर मैं बताना चाहती हूँ कि इसमें लगातार सुधार हो रहा है। सिर्फ खान-पान ही नहीं, बल्कि व्यवहार परिवर्तन भी

इसकी बड़ी वजह है। हम जन-जागरूकता के माध्यम से, पोषण अभियान के माध्यम से लोगों के खान-पान में सुधार ला रहे हैं। ऐसा नहीं है कि गरीब के बच्चे ही कुपोषित हैं, बल्कि अन्य बच्चे भी उस श्रेणी में आते हैं। इसलिए व्यवहार परिवर्तन बहुत मायने रखता है इसलिए हम इसको लेकर लगातार कार्यक्रम चला रहे हैं और हमें पूरा विश्वास है कि आपकी जो चिंता है, विभाग उसको लेकर काम कर रहा है। आने वाले समय में हमारा जो हस्तक्षेप है, उस हस्तक्षेप के माध्यम से हमें बेहतर रिजल्ट देखने को मिलेगा।

———

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

(i) Starred Question Nos. 67 to 80

DEVELOPMENT OF PORTS IN ANDHRA PRADESH

***67. SHRI Y. S. AVINASH REDDY:**

Will the Minister of **PORTS, SHIPPING AND WATERWAYS** be pleased to state:

(a) the details of the total funds sanctioned and spent for the development of ports, smaller ports and port infrastructure in the State of Andhra Pradesh during the last five years, year-wise and port-wise; and

(b) the steps taken/proposed to be taken by the Government to develop smaller ports in the said State by giving impetus thereto for the development of the local areas and the economic development of the local people?

THE MINISTER OF PORTS, SHIPPING AND WATERWAYS (SHRI SARBANANDA SONOWAL):

(a) Ministry under Sagarmala Scheme is providing financial assistance to 12 projects worth around Rs. 2,410 Cr. in the State of Andhra Pradesh including Visakhapatnam Port Authority for enhancing the infrastructure related to Port led Industrialization, Port Modernization, Port Connectivity enhancement, Coastal

Community Development & Coastal Shipping and Inland Waterways. Ministry has sanctioned Rs 393 Cr. for development of these projects. The list of projects funded under Sagarmala in Andhra Pradesh is provided at **Statement -I.**

(b) Sagarmala is the flagship Central Sector Scheme of the Ministry of Ports, Shipping and Waterways to promote port-led development in the country. Under Sagarmala Scheme, financial assistance is provided to State Governments for Port infrastructure, Coastal berths including dredging, Road & Rail projects, fishing harbours, skill development projects, Coastal community development, cruise terminals and projects such as Ro-Pax ferry. Projects having high social impact but with no return or low Internal Rate of Return are being provided financial assistance under the Sagarmala Scheme of Ministry of Ports, Shipping and Waterways.

STATEMENT- I

List of Sagarmala-funded Projects in Andhra Pradesh

S. No.	Name of Project	Implementing Agency	Project Cost (Rs. Cr)	Funds Sanctioned (Rs. in Cr.)	Funds Released (Rs. in Cr.)	Year of sanction of project
1	Construction of coastal Berth at VPT	Visakhapatnam Port Authority	43.00	30.00	30.00	2015
2	Construction of grade separator from H-7 area to Port connectivity Road by passing	NHAI	46.34	23.17	21.99	2017

	Convent Junction – Visakhapatnam Port					
3	2 to 4 laning of port road connectivity to NH – 5 -Phase II	NHAI	77.00	20.00	20.00	2015
4	Coastal Districts Skill Development Program - Phase I - Andhra Pradesh	Ministry of Rural Development (DDU-GKY)	0.28	0.28	0.14	2016
5	Centre of Excellence in Maritime and Shipbuilding - CEMS - AP-18 out of 24 Labs in AP	IRS	574.00	37.52	36.30	2017
6	Development of Fishing Harbour in Juvvaladinne in SPSR Nellore District in the State of Andhra Pradesh.	Fisheries Department, GoAP	288.00	69.15	62.23	2020

7	Coastal Districts Skill Development Program - Phase 2 - Andhra Pradesh	Ministry of Rural Development (DDU-GKY)	5.98	5.98	5.98	2018
8	Improvement of Kakinada Anchorage Ports infrastructure in East Godavari district, Andhra Pradesh	Andhra Pradesh Maritime Board	85.83	36.67	36.67	2022
9	Fishing harbor at Budugatlapalem	Andhra Pradesh Maritime Board	386.20	40.00	0.00	2021
10	Fishing harbor at Kothapatnam	Andhra Pradesh Maritime Board	364.00	40.00	0.00	2021
11	Fishing harbor at Pudimadaka	Andhra Pradesh Maritime Board	387.00	40.00	0.00	2021
12	Modernisation of Visakhapatnam Fishing Harbour	Visakhapatnam Port Authority	151.81	50.00	7.34	2022

आयुष सेवाओं को बढ़ावा देना

***68. श्री अनिल फिरोजिया:**

क्या **आयुष** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में आयुष सेवाओं को बढ़ावा देने और उन्हें आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ एकीकृत करने के लिए कोई विशेष योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा आयुष उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और नकली उत्पादों की जांच के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है;

(घ) क्या सरकार आयुर्वेद, योग और अन्य पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक मान्यता दिलाने के लिए किसी विशेष योजना या अभियान पर काम कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री; तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव) :

(क) और (ख): आयुष मंत्रालय पहले से ही ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों सहित देश में आयुष सेवाओं के समग्र विकास और संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन की केंद्रीय प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है और आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवा पद्धतिको बढ़ावा देने और एकीकृत करने के उनके प्रयासों का समर्थन कर रहा है। भारत सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं के सह-स्थापन की नीति अपनाई है, इस प्रकार रोगियों को एक ही स्थान पर विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के लिए विकल्प सक्षम किया गया है। आयुष चिकित्सकों/पैराचिकित्सकों की नियुक्ति और उनके प्रशिक्षण को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्रालय द्वारा समर्थन दिया जा रहा है, जबकि आयुष अवसंरचना, उपकरण/फर्नीचर और दवाओं के लिए समर्थन राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत आयुष मंत्रालय द्वारा साझा जिम्मेदारियों के रूप में प्रदान किया जा रहा है। एनएएम अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित गतिविधियों के लिए प्रावधान करता है:

i. मौजूदा आयुष औषधालयों और उप स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत करके आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) का संचालन
कपास तकनीकी मिशन के लिए 500 करोड़ रुपए, दलहन मिशन के लिए 1000 करोड़ रुपए, सब्जी-फल मिशन के लिए 500 करोड़ रुपए, हाइब्रिड बीज मिशन के लिए 100 करोड़ रुपए, मखाना बोर्ड के लिए 100 करोड़ रुपए है। भाई, पढ़कर आया करो। खाद्य सब्सिडी के लिए 1,18,900 करोड़ रुपए, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के लिए 2,03,000 करोड़ रुपए, मिशन मौसम के लिए 1,329 करोड़ रुपए, पशुधन के स्वास्थ्य के लिए 1,980 करोड़ रुपए का प्रावधान है कभी पशुओं के टीकाकरण कार्यक्रम में गए हो, तो पता पड़ेगा ना! डेयरी विकास के लिए 1000 करोड़ रुपए, खादी ग्रामोद्योग विकास के लिए 1066 करोड़ रुपए, पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए 51,000 करोड़ रुपए, किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान योजना के लिए 2,600 करोड़ रुपए और पीएम मुफ्त घर सूर्य बिजली योजना के लिए 20,000 करोड़ रुपए, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण एलपीजी के लिए 1500 करोड़ रुपए, गरीब परिवारों को एलपीजी कनेक्शंस के लिए 9100 करोड़ रुपए का प्रावधान है। मैं पूरा बजट नहीं पढ़ना चाहता हूं। मैंने सिर्फ किसानों के लिए जो किया गया है, वही आपको बताया है। सबको आवास, सबको जल, सबको शिक्षा, सबको स्वास्थ्य, सबको राशन, सबको बिजली मिलना अभूतपूर्व है। सही मायने में यही राम राज है।

“दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज नहिं काहुहि ब्यापा।
सब नर करहिं परस्पर प्रीती, चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।”

अर्थात राम राज में दैहिक, दैविक, भौतिक ताप किसी को नहीं व्याप्ते हैं, सब मनुष्य परस्पर प्रेम करते हैं और वेदों में बताई नीति मर्यादा में तत्पर रहकर अपने-अपने धर्म का पालन करते हैं। भारत में राम राज की स्थापना हुई है। जब राम राज की बात होती है तो कांग्रेस या विरोधी पक्षीय समझते हैं कि हिंदू राज की स्थापना होगी। वे राम राज की स्थापना हर तरह के सुख व समृद्धि, लोकतंत्र की रक्षा के

लिए सब कुछ दांव पर लगा देते हैं। जीने का अधिकार, सुरक्षा, न्याय का अधिकार सभी को मदद मिले, मगर कुछ लोग तो राम राज का माखौल उड़ाते हैं। लोकतंत्र की रक्षा, देश की मर्यादा राम राज में सुरक्षित है और राम राज तो भारत का भी राज था। भागवत और जैन ग्रंथों में भी इसका उल्लेख है। राजा हरिश्चंद्र, राजा सुदास, भगवान राम, राजा युधिष्ठिर चंद्रगुप्त मौर्य, सम्राट अशोक, सम्राट विक्रमादित्य, चंद्रगुप्त तृतीय, समुद्रगुप्त, हर्षवर्धन, राजा भोज, ये सब राम राज की कल्पनाओं के राज्य हैं, जिसको कभी कांग्रेस ने नहीं देखा। मगर महात्मा गांधी के सपनों के राम राज की बात तो पढ़ ली होती कि राम राज की विधि के बारे गांधी जी क्या कहते हैं? राम राज की विधि या धर्म संवत मर्यादा की अवधारणा केवल राजा या शासक के कर्तव्यों का विचार नहीं है, अपितु एक ऐसी समग्र राज्य व्यवस्था की निर्मिति है जिसमें सामाजिक जीवन का प्रत्येक कोना धर्म के चार चरणों सत्य, शौर्य, दया और दान पर अवलंबित है। यह एक ऐसी चतुष्पद व्यवस्था है, जो राज्य और समाज के सभी आधारभूत घटकों को सच्ची श्रद्धा से ओतप्रोत करती है। वे सबकी स्वतंत्रता सुनिश्चित करते हैं, एक ऐसा ईश्वरीय राज है, जहां कोई दुखी और दरिद्र नहीं होगा। सभी शिक्षित और बहुत संपन्न होंगे एवं सभी प्रकार की सुविधा से युक्त होंगे। यह कैसी सामूहिक कल्पना है। नर और नारी अहंकार एवं दंभ से मुक्त होंगे। छल कपट से मुक्त जीवन जीने वाला समाज होगा और महात्मा गांधी इस राम राज के इस स्वप्न को स्पष्ट करते हुए कहते हैं, रामायण का प्राचीन आदर्श राम राज निसंदेह सच्चे लोकतंत्र में से एक है। मेरे सपनों का राम राज और निर्धन दोनों के समान अधिकारों को सुनिश्चित करता है।

मैं जिस राम राज का वर्णन करता हूं, वह नैतिक अधिकारों पर आधारित लोगों की संप्रभुता है। राम राज का लक्ष्य पाने के लिए महात्मा ने ट्रस्टीशिप के सिद्धांत को प्रतिपादित किया था और गोस्वामी तुलसीदास ने राम राज की कल्पना करते हुए राजा के लिए कुछ गुणों का उल्लेख किया। यथा लोक वेद द्वारा विहित नीति पर चलना, धर्मशील होना प्रजापालक होना, सज्जन एवं उदार होना और स्वभाव का दृढ़ होना। हम देखते हैं कि आज देश के प्रधान में ये सारे गुण मौजूद हैं। श्री राम में आदर्श राजा के सभी गुण विद्यमान हैं। उन्हें प्रजा प्राणों से भी अधिक प्रिय है। प्रियजन, पूर्वजन, गुरुजन, सबके प्रति राम का व्यवहार आदर्श एवं धर्म अनुकूल है। तभी तो हम देखते हैं कि आज देश में प्रजा को प्राणों से

अधिक प्यार किया जाता है, चाहे वह कोरोना काल हो या चाहे विपदाकाल हो। महात्मा गांधी ने जी राम राज की कल्पना की, उसका मूल आधार तुलसीदास की राम राज परिकल्पना है। निश्चित ही यह आदर्श शासन व्यवस्था जिसका मूल आधार लोकहित एवं मान्यतावाद है। राम उत्तर से दक्षिण जोड़ते हैं और इस लिए हम देखते हैं कि आज देश की सरकार काशी से तमिल को जोड़ने का प्रयास, उत्तर से दक्षिण जोड़ने का लगातार प्रयास कर रही है है।

यह राम तो है जो अपने राज्य में केवट से अनुनय करते हैं कि नाव पर बिठाओ, उस पार ले जाओ। वह समाज के अंतिम सिरे पर खड़े व्यक्ति को अपने हृदय से लगाते हैं और जब हम मोदी जी को देखते हैं तो वह भी समाज में अंतिम सिरे पर खड़े व्यक्ति के पांव पखारने का काम करते हैं। कोदंडधारी राम, असुर निकंदन राम, अहिंसा और करुणा का प्रतीक राम, गिलहरी और खर-दूषण, मारीच और शूर्पणखा तक को न्याय देने वाले राम हैं, जो भारत के जन-मन में बसे हैं।

आज भारत नई करवट ले रहा है। सबको साथ लेकर चलता हुआ भारत, सर्वत्र बढ़ता हुआ भारत, राम राज्य की नई कथा लिखने की दिशा में बढ़ चला है। राम राज्य पारिभाषिक शब्द है। पारिभाषिक शब्द है लोक कल्याण, लोगों के लिए समर्पित शासन से राम राज्य प्रारंभ होता है, जो सगुण सकारात्मकता और नैतिक भावना से पूर्णता को प्राप्त करता है। यह एक ऐसी आदर्श स्थिति है. जिसमें कोई उपेक्षित, वंचित और तिरस्कृत नहीं होता है। जिसमें अंतिम व्यक्ति की आवाज शीर्ष तक बिना किसी व्यवधान के पहुंचती है और सुनी जाती है। मेगास्थनीज की इंडिका, फाह्यान का हर्षवर्धन के राज्यकाल में वृतांत, समुद्रगुप्त और स्कंदगुप्त के शासन की पौराणिक आख्यान, ललिता दीदी के महान शासक की राजतरंगिणी की आख्यान, छत्रपति शिवाजी के हिंदू पद पादशाही के सुशासन स्वराज, स्वभव स्वराज सुराज्य की व्यवस्था को भी स्मरण करना होगा।

हम एक बात बहुत स्पष्ट रूप से रेखांकित करते हैं और हम जानते भी हैं कि आज देश किन स्थितियों में है। मैं 29.04,1914 के मोहनदास करमचंद गांधी जी के विचार पढ़ रहा हूं –

“एक दूसरे से हमारे संबंध अत्यंत प्रगाढ़ हैं, जो बिंदु समुद्र से अलग हो जाता है वह सूख जाता है। उसी प्रकार जो जीव अपनों को दूसरे से भिन्न मानता है वह नष्ट हो जाता है। मैं तो

यूरोप की आधुनिक सभ्यता का शत्रु हूं और हिंद स्वराज में मैंने अपने इस विचार को निरूपित किया है और यह बताया कि भारत की दुर्दशा के लिए अंग्रेज नहीं बल्कि हम ही लोग दोषी हैं, जिन्होंने आधुनिक सभ्यता स्वीकार कर ली है। इस सभ्यता को छोड़कर हम सच्ची धर्म नीति से युक्त अपनी प्राचीन सभ्यता पुनः अपना लें तो भारत आज ही मुक्त हो सकता है। हिंदू स्वराज को समझने की कुंजी इस बात में है कि मैं दुनियावी प्रवृत्ति से निवृत होकर धार्मिक जीवन ग्रहण करना और ऐसे जीवन में काले या गोरे किसी भी मनुष्य के प्रति हिंसक व्यवहार के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता है।"

आज हम विचार करके देखें कि किस तरीके से धर्मवीर गांधी जी कह रहे थे, ऐसा लगता है कि हम रुग्ण समाज में रह रहे हैं। उन्हें क्यों लग रहा है कि रुग्ण समाज में रह रहे हैं? क्योंकि कांग्रेस की जिस परिवारवादी रुग्णता में फंस गए हैं गांधी जी, उसमें से उन्हें कुछ दिखता नहीं है। धर्मवीर गांधी भाई, तुम तो अलग गांधी हो, महात्मा गांधी अलग गांधी है, और ये तीनों गांधी अलग गांधी हैं। तुम कौन सी रुग्णता की बात करते हो? मुझे नहीं पता। हम सब इस बात को बहुत अच्छे से रेखांकित करके जानते हैं कि आज देश में आजादी के बाद जिन हालातो में आपने देश को पहुंचाया है, उस पर आज मंथन करने की आवश्यकता है।

अगर हम देश के आर्थिक विकास को खंगालें तो वर्ष 1951 से 1956 का एक आदर्श वाक्य था - कृषि का विकास। यह भी विदेश से उठाया गया था, हैरोड डोमर मॉडल। भांखड़ा नांगल, हीराकुंड, चंबल, दामोदर वैली यह देश के सामने आई थीं। मैंने इस पर अध्ययन किया, चंबल वाली से मेरा नाता-रिश्ता है। वर्ष 1930 में ब्रिटिश इंडिया ने इंजीनियरिंग कार्य किया था, डिजाइनिंग की थी, स्थल का चयन किया था, टोपोग्राफी बनाई थी और बजट की कल्पना भी आजादी के पहले बना कर रख दी थी। नेहरू मॉडल की जो तुम बात करते हो, वह तुमने उठाया और कॉपी पेस्ट कर दिया, यह हम सब जानते हैं।

इन्होंने वर्ष 1956 से 1961 तक औद्योगिक प्रोडक्शन और तेजी से औद्योगीकरण की बात की। हम सब जानते हैं कि देश के प्रथम उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे। इतिहास गवाही देता है,

चितरंजन का लोकोमोटिव कारखाना, सिंदरी का उर्वरक निगम और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स जैसे संस्थान डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश को देकर गए थे। धर्मवीर भाई ने टाटा इंस्टीट्यूशन की बात कही है। आजादी के बाद वर्ष 1956 से 1961 टाटा इंस्टीट्यूट आफ फंडामेंटल रिसर्च ने शोध संस्थान के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त की थी। तब भारत सरकार के नगण्य कार्य थे। आप उदारवादी अर्थशास्त्री बी.आर, शेनॉय को पढ़ें। उन्होंने नोट किया कि घाटे के वित्त पोषण पर निर्भरता परेशानी का नुस्खा होगा। शेनॉय का तर्क था कि अर्थव्यवस्था पर राज्य का नियंत्रण एक युवा लोकतंत्र को कमजोर करेगा। वर्ष 1957 में ही भारत भारी भुगतान के संकट में फंस गया और यह तर्क इसकी पुष्टि करता है।

15.00 hrs

माननीय सभापति जी, मैं संक्षिप्त में कह रहा हूं कि वर्ष 1961-1966 तक तीसरी पंचवर्षीय योजना– वर्ष 1966 में रुपये के मूल्य पर पहली बार अवमूल्यन आया और पहली बार उधारी के लिए आईएमएफ का सहारा लिया। वर्ष 1966-1969 रिकॉर्ड पर है, दयनीय विफलता के कारण योजनावकाश घोषित कर दिया गया। वर्ष 1969-1974 तक चौथी पंचवर्षीय योजना – बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। विकास की दर का लक्ष्य 5.7 रखा, मगर वास्तविक स्थिति 3.3 पर थी। वर्ष 1974-1978 तक पांचवी पंचवर्षीय योजना में गरीबी हटाओ, रोजगार देंगे के नारे दिए। मगर मोरारजी देसाई आएं, जिन्होंने प्रणाली को बदला। राष्ट्रीय राजमार्ग प्रणाली और पर्यटन प्रणाली का विकास वहां से प्रारंभ हुआ। वर्ष 1980-1985 में राशन की दुकानें बंद कर दीं और यहां का नेहरूवादी समाजवाद का स्वयं कांग्रेस ने अंत कर दिया। जिस नेहरूवादी समाजवाद के मॉडल की बात करते हो, वह तो यहां अंत कर दिया गया। वर्ष 1985-1990 में राजीव गांधी जी सातवीं योजना लेकर आए थे और सामाजिक न्याय, गरीबी दूर करना, आश्रय की आपूर्ति, एक बत्ती कनेक्शन का लक्ष्य रखा। वर्ष 2000 तक लक्ष्य को पूर्ण करना लिखा, लेकिन हमें आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 1992 से 1997 तक देश में विदेशी मुद्रा का भंडार का संकट था, एक अरब अमरीकी डॉलर शेष रह गए थे। आज भारत का विदेशी मुद्रा भंडार क्या है? कोई बताता है कि लगभग-लगभग दिवालिया राष्ट्र पीवी नरसिम्हा राव जी को सौंपा था। मुक्त बाजार की बात करने वाले ये लोग इस दिवालिया राष्ट्र की कैसी हालत वर्ष 1992-1997 तक करके छोड़ कर गए थे? नौंवी

योजना में आर्थिक, सामाजिक विकास, ग्रामीण क्षेत्र की जनता का जुड़ाव, शहरी क्षेत्र, बुनियादी ढांचा, कृषि, सूचना प्रोद्योगिकी, स्वास्थ्य, सर्वशिक्षा अभियान और योजना व्यय में 48 परसेंट की अभूतपूर्व वृद्धि, समाज में व्याप्त ऐतिहासिक असमानताओं को दूर करने का अगर प्रारंभिक कार्य हुआ तो अटल बिहारी वाजपेयी जी के शासकाल में हुआ है।

माननीय सभापति जी, मैं कहना चाहता हूं कि वर्ष 2014 से 2025 का भारत – ये स्वर्णिम भारत है। या यूं कहें... (व्यवधान) मैं पांच मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। मैं आपका विशेष अनुग्रह चाहूंगा। या यूं कहें कि मोदी का भारत यानी भारत का स्वर्णिम काल है, गोल्डन ऐरा है।

"वक्त भारत का है, सपने भी भारत के हैं।
पूरे भी भारत को करने हैं, माना डगर थोड़ी मुश्किल है,
मगर नामुमकिन नहीं। करना यहीं है, समय यही है।
चाहे तो सोना बना दो या चाहे तो अपोजिशन जैसा सोने में समय बिता दो।"

मोदी जी जाग रहे हैं, तभी तो 50 लाख 65 हजार करोड़ का विशाल बजट देख रहे हैं। आज देश देख रहा है कि 8 लाख 76 हजार किलो सोना, 876 टन सोना भारत के बैंकों में रिजर्व है। देश देख रहा है कि विदेशी मुद्रा भंडार, जो एक अरब डॉलर न रहा था, आज 645 अरब डॉलर हमारे पास फोरेक्स से विदेशी मुद्रा का भंडार है। देश को खबर है कि 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा पार कर गए हैं। उजाले की ओर आए हैं, देश को जानकारी है, आज 700 से अधिक मेडिकल कॉलेजेज कार्यरत हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र नीमच, मंदसौर, रतलाम में 3-3 मेडिकल कॉलेज, 3-3 नर्सिंग कॉलेज, तीनों ही निर्मला सीतारमण जी के बजट से, नरेन्द्र मोदी जी के आशीर्वाद से, जेपी नड्डा जी, डॉ. हर्षवर्धन जी, मांडविया जी के स्नेह से बने हैं। आज का बजट बता रहा है कि 75 हजार एमबीबीएस की सीटें पांच वर्षों में और बढ़ेंगी। मेरा संसदीय क्षेत्र भी सीटें बढ़ने का और इंतजार करेगा।

माननीय सभापति जी, विगत वर्षों में भाजपा सरकारों द्वारा गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हुआ है। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान जी ने, वर्तमान मुख्य मंत्री मोहन यादव जी ने सिंचाई क्षेत्रफल के विस्तार पर फोकस किया है, जो केन्द्र सरकार

के प्रमुख माननीय नरेन्द्र मोदी जी के बिना असम्भव था। प्रधान मंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना या चम्बल नदी पर बनाई गई नहरों द्वारा वर्तमान में शिवना उद्ववहन सिंचाई योजना के कारण मेरा संसदीय क्षेत्र देश का पहला ऐसा संसदीय क्षेत्र बनने जा रहा है, जो उक्त प्रोजेक्टों के पूर्ण होने पर देश का पहला नदी और नहरों से पूर्ण सिंचित क्षेत्र बेनगा। मेरा माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह रहेगा कि मध्य प्रदेश के साथ-साथ मंदसौर संसदीय क्षेत्र पर विशेष कृपा आपकी बनी रहे।

वर्ष 1952 से जनसंघ, भाजपा के मजबूत गढ़ के रूप में कृषक परिवारों ने साथ दिया है। मैं आपके माध्यम से इस आशा-अपेक्षा के साथ देश की वित्त मंत्री जी को बधाई दूंगा, प्रधान मंत्री जी को भी बधाई दूंगा और धन्यवाद भी दूंगा कि अपोजिशन बार-बार, बार-बार आरोप लगा रहा है। मैंने तारीक अनवर जी की सारी बातें लिखी हैं, ये कह रहे हैं कि आंकड़ों के जाल में भ्रमित करने का प्रयास है। अरे, एक आध गरीब हटाओ का आंकड़ा भी तो रख देते। एक आध सामाजिक न्याय का आंकड़ा भी अपने शासन काल का रख देते। आप बड़े सलीके से भली बात कर रहे हैं। खेती-किसानी के क्षेत्र में मैंने आपको सारा का सारा गिनवा दिया। आपने कहा कि आठवां वेतन आयोग का खर्चा सरकार उठा सकती है तो अन्य खर्चे क्यों नहीं?

यह भी एक तकलीफ है कि 8वें वेतन आयोग का गठन कैसे हो गया? आप लोगों के गहने गिरवी रखने की बात कर रहे हैं। देश में किन लोगों के गहने गिरवी रखे हैं? अगर आज आयुष्मान कार्ड न होता, तो हमारे देश में लोगों के पास गहने बचते ही नहीं, इलाज के अभाव में ही लोग तड़प-तड़पकर अपनी जान दे दिये होते। मैं तो देश की वित्त मंत्री जी को धन्यवाद दूँगा कि जिन्होंने मजदूरों से लेकर किसानों तक, विद्यार्थियों से लेकर गरीबों तक हरेक के कल्याण पर फोकस किया है। हरेक के कल्याण पर फोकस करने के कारण आज राष्ट्रीय राजमार्गों का ऐतिहासिक विकास हुआ है। आज मेडिकल कॉलेजों की लम्बी श्रृंखला है, आज आईआईएम और आईआईटीज हैं, आज देश में लगातार एम्स का विकास हो रहा है और यह विकास का क्रम गरीबों के घर तक पहुँचा है। हमने उजाला देखा है, हमने जीवन में इन राहों को बढ़ते हुए देखा है, जो माननीय वित्त मंत्री जी के माध्यम से हुआ है। इसलिए माननीय वित्त मंत्री जी आई हैं, तो जेटली जी की उसी बात को, जो वर्ष 2016-17 में कही गई थी, मैं यहाँ पर दोहरा रहा

हूँ।

"कश्ती चलाने वालों ने हार के दी पतवार हमें,

लहर-लहर तूफान मिले और मौज-मौज मझधार हमें,

फिर भी दिखाया है हमने और फिर यह दिखा देंगे सबको

कि इन हालतों में आता है, दरिया पार करना हमें।"

मैं देश की यशस्वी वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को बहुत-बहुत धन्यवाद दूँगा, जिन्होंने यह आठवाँ और ऐतिहासिक बजट पेश किया है, जो माइलस्टोन है। हम दुनिया के सामने तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। आपके सधे हुए कदम, आपका सधा हुआ बजट, आपका सधा हुआ एक अनुशासित वित्तीय प्रबंधन, आज दुनिया के सामने देश को बदलते हुए देख रहा है।

बहुत-बहुत धन्यवाद, बहुत-बहुत आभार।

श्री नरेश गणपत म्हस्के (ठाणे) : माननीय सभापति महोदया, वर्ष 2025-26 के बजट पर हो रही चर्चा में आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं अपनी पार्टी शिव सेना और हमारे नेता आदरणीय एकनाथ शिंदे और गट नेता डॉ. श्रीकांत शिंदे की ओर से माननीय पंत प्रधान श्री नरेन्द्र मोदी जी को और माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को बधाई देता हूँ। उन्होंने समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए, देश के लिए यह बजट लाया है। हमारे नेता श्री एकनाथ शिंदे कहते हैं कि उनके लिए सीएम का मतलब कॉमन मैन है और डीसीएम का मतलब डेडिकेटेड टू कॉमन मैन है। यह हमारी महायुति की विचारधारा है कि इस प्रकार से कॉमन मैन के लिए काम करें और उसे लाभ दें। एक तरफ हमारे लिए कॉमन मैन है, तो दूसरी तरफ विपक्ष में एक कॉन मैन है, यानी धोखाधड़ी करके, झूठ बोलकर, जनता के साथ छल करने वाला यह कॉन मैन है, जो कभी अभय मुद्रा में चले जाते हैं, कभी आलू डालकर सोना देते हैं, कभी अपने भाषण में हलवा को मलाई कहते हैं। हम उनसे और कुछ उम्मीद नहीं कर सकते हैं। ये विपक्ष वाले महिलाओं का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं।

महाराष्ट्र वाली सांसद, वर्षा ताई को भाषण देने का कभी मौका ही नहीं दिया गया क्योंकि उनका वसीला नहीं है। वर्षा ताई, मैं आपको निमंत्रण देता हूँ, आप एनडीए में आओ। मैं बाकी लोगों को कहता

हूँ कि जिन्होंने हमें रोकने की साज़िश रची, मुझे रोकने की कोशिश मत करो, जिन्होंने हमें रोकने की साज़िश रची, वही आज हारकर अँधेरे में बैठे हैं। सुनो, महाराष्ट्र के कांग्रेस वालों, महाराष्ट्र की जनता ने फैसला सुना दिया, विरोधियों का मुँह काला कर दिया। आपका मुँह महाराष्ट्र की जनता ने काला किया है, इसलिए आप चुपचाप बैठो।

राष्ट्रपति जी का पद इस देश का सर्वोच्च पद है। हमें गर्व है कि आज उस पर द्रौपदी मुर्मू जी विराजमान हैं। अपनी मेहनत और त्याग से वे यहां तक पहुंची हैं, लेकिन कांग्रेस वालों ने आदिवासी वर्ग से आने वाली महिलाओं का अपमान करने का काम किया है। पहले, सोनिया जी ने अपमानजनक शब्द इस्तेमाल किए और इन्होंने ऐसी ही अपमानजनक बातें हमारी वित्त मंत्री निर्मला जी के लिए और हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के लिए भी इन वाक्यों का प्रयोग किया। यह सिर्फ इसलिए, क्योंकि देखा नहीं जाता कि इस देश का नेतृत्व एक आदिवासी समाज से आने वाली महिला और एक सामान्य परिवार से आना वाला व्यक्ति इस देश का पंत प्रधान बने। इसीलिए, ये इस तरह की बातें करते हैं।

मुझे उम्मीद थी कि विपक्ष का नेता कुछ जिम्मेदारी से अपनी बात रखे, लेकिन विपक्ष के नेता को पहले पांच मिनट सुनकर मुझे लगा कि शायद अभय मुद्रा में रहने से उनके ज्ञान के दरवाजे खुल गए होंगे, क्योंकि वे प्रधान मंत्री जी की तारीफ कर रहे थे। अडानी और अंबानी जी की भी तारीफ कर रहे थे। वे शायद अपनी मन की बात कर रहे थे, लेकिन फिर उन्हें याद आया कि उनके मुंह से गलती से सच निकल गया, फिर उन्होंने यू-टर्न लिया और कांग्रेस पार्टी की मन की बात कहने लगे। इंडी-एलायंस की जो हालत है, उस पर मुझे एक शायरी याद आती है –

“बदले-बदले मेरे सरकार नजर आते हैं,

इंडी-एलायंस की बर्बादी के पूरे आसार नजर आते हैं।”

इस बजट के बारे में यहां के हमारे यूबीटी के नेता बोले कि महाराष्ट्र के उद्योग गुजरात लेकर जा रहे हैं। इनकी सरकार की आदत है, जो बिजनेसमैन हैं, उनके घर के नीचे अगर बम लगाएंगे, तो महाराष्ट्र में बिजनेस कैसे आएंगे? इनका गृह मंत्री खंडनी लेने में गिरफ्तार हुआ, ऐसा इनका इतिहास है। हमारी सरकार का वर्ष 2014 से सपना था कि हर नागरिक का अपना घर हो, इसलिए, सरकार ने पंत प्रधान

आवास योजना शुरू की थी। मुझे खुशी है कि पंत प्रधान जी द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों के लिए नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 5 लाख 36 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाने की योजना है, जिससे न सिर्फ पूरा देश, बल्कि मेरा महाराष्ट्र और मेरी ठाणे लोक सभा के नागरिकों को भी अपने लिए घर मिलेगा, जो उनका अधिकार है।

हमारे देश में स्वास्थ्य सेवाओं का क्या हाल था? यह हम सबको पता था। महंगा उपचार परिवार को गरीबी में धकेल देता था, लेकिन हमारी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना लाकर इस समस्या का निवारण किया है। आज 12 करोड़ परिवार और 55 करोड़ नागरिक इस योजना की वजह से अपना इलाज बिना किसी आर्थिक असुविधा के करवा रहे हैं। मुझे खुशी है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के छ: करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा देने का फैसला हुआ है। अब इस वर्ग को भी हर वर्ष पांच लाख रुपए का हैल्थ कवर मिलेगा। सुन रहे हो या नहीं? सुनो जरा।

बजट की बात करें, तो निर्मला सीतारमण जी ने बजट में देश के हर वर्ग के विकास के लिए प्रावधान किया है। महाराष्ट्र के लिए भी बहुत किया है। अगर मुझे टाइम मिला, तो उसके बारे में भी आपको बता सकता हूं। यह बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी सशक्तिकरण को समर्पित है। भारत को 'विकसित भारत' बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। आर्थिक मजबूती, कर-सुधार, कृषि विकास, स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा, रोजगार सृजन और टैक्नोलॉजी में आत्मनिर्भरता इस बजट के मुख्य स्तंभ हैं।

इस बजट का सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव, जिससे हर मध्यमवर्गीय परिवार को फायदा मिलेगा, वह है 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर इनकम टैक्स की छूट। मैं देख रहा था कि जैसे ही वित्त मंत्री जी ने यह घोषणा की, उसी वक्त विपक्ष के साथियों का मूड बदल गया, क्योंकि वे स्क्रिप्ट रेडी करके आये थे कि बाहर निकलते ही मीड़िया से बोलेंगे कि यह बजट सिर्फ अमीरों का है, इसमें मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं है, लेकिन मुझे खुशी है कि इस घोषणा से जनता के हाथ में अधिक पैसा बचेगा, जिससे खपत और बचत दोनों को बढ़ावा मिलेगा। किसी देश के विकास में सबसे महत्वपूर्ण योगदान इंफ्रास्ट्रक्चर और

रोजगार का होता है और उसके लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का कैपिटल एक्सपेंडिचर राज्यों को मिलेगा, जिससे नए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में निवेश होगा। यह चीज भी महाराष्ट्र के लिए है। यह बजट गरीबों को सशक्त बनाता है, युवाओं को रोजगार के अवसर देता है। यह बजट किसानों को आर्थिक मजबूती देता है। यह बजट महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाता है। यह बजट भारत को टेक्नोलॉजी और स्टॉर्टअप के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में यह बजट देश को आर्थिक रूप से मजबूत, आत्मनिर्भर और वैश्विक शक्ति बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मैं इस बजट का समर्थन करता हूँ और इस सरकार के ऐतिहासिक प्रयास को भी बधाई देता हूँ।

अंत में, एक शायरी के साथ मैं अपनी बात समाप्त करना चाहता हूँ। हमने तो समंदर के रूख बदले हैं, मोदी जी ने सोचने के सलीके बदले हैं, आप कहते थे कि कुछ नहीं होगा, हमने आपके भी सोचने के तरीके बदले हैं।

धन्यवाद।

———

15.17 hrs

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

6th Report

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): Hon. Chairperson, Madam, I rise to present the Sixth Report of the Business Advisory Committee.

———

15.18 hrs

THE UNION BUDGET, 2025-2026 – GENERAL DISCUSSION-Contd.

माननीय सभापति : श्री अरुण गोविल जी।

श्री अरुण गोविल (मेरठ) : जय श्री राम।

आदरणीय सभापति महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। सबसे पहले मैं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सपनों का विकसित भारत बनाने की दिशा में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को वर्ष 2025-2026 के लिए केन्द्र सरकार का बजट बनाने के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूँ।

इस कल्पनाशील बजट से जहाँ एक तरफ पूरे देश के मध्यम वर्ग, व्यापारी, किसानों, महिलाओं, वेतनभोगी, श्रमिकों और युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई है, वहीं विरोधी दलों के लिए यह बजट एक भूकम्प की तरह रहा है। इस बार वे विरोध करने की जगह अपने आँसू पोंछते हुए सिर्फ यही कह पाये कि यह बजट दिल्ली के चुनाव को देखते हुए बनाया गया है। विपक्ष की बात करें तो अभी थोड़ी देर पहले ही हमारे तृणमूल के सांसद आये और एक बहुत ही धमाकेदार स्पीच उन्होंने दी, फुल ऑफ ड्रामाटिक्स। उन्होंने रामायण की बात की कि यह बजट एक सोने के हिरण जैसा है। रामायण से मेरा बहुत ज्यादा गहरा ताल्लुक रहा है, इसलिए कह पा रहा हूँ कि यह बजट सोने का हिरण नहीं है, यह बजट वह तीर है, जो उस सोने के हिरण को मारेगा, जिन्हें हम अपने देश की समस्याएं कह सकते हैं या हम अपने देश की परेशानियाँ कह सकते हैं, यह उसे मारेगा।

उन्होंने एक फिल्म 'थ्री इडियट्स' की बात की। मुझे समझ नहीं आया कि वे उस समय क्या कहना चाह रहे थे, लेकिन उनकी स्पीच फुल आफ ड्रामाटिक्स थी। मैं उनसे इतना कहना चाहता हूं कि यह जगह ड्रामाटिक्स के लिए नहीं है। यह सीरियस बिजनेस है, क्योंकि हम देश के विकास की बात यहां करते हैं, देश की समस्याओं की बात यहां करते हैं। हमें केवल इसी बात पर ही स्ट्रिक्ट रहने की आवश्यकता है। इस बजट में टैक्स में छूट की सीमा 7 लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दी है। देश की जनता ने और हम में से भी किसी ने यह बात सोची नहीं थी। इस छूट से जनता के हाथ में

जो अतिरिक्त पैसा आएगा, वह देश में व्यापार और उद्योग की तरक्की की रफ्तार बढ़ाएगा। हमारे एक साथी ने बताया कि आंकड़े कभी झूठ नहीं बोलते हैं। हाँ, यह बात सही है कि आंकड़े कभी झूठ नहीं बोलते हैं। विपक्ष के जितने भी सदस्यों ने अपनी बात रखी, उन्होंने बिलकुल भी आंकड़ों की बात नहीं की है, जबकि बजट सिर्फ आंकड़ों पर बेस्ड होता है। अब मैं सिर्फ आंकड़ों की बात करूंगा। किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड लोन की सीमा 3 लाख रुपये से 5 लाख रुपये करना बहुत बड़ा कदम है। इससे देश में खेती की रफ्तार बढ़ेगी और किसान खेती में ज्यादा धन का निवेश कर सकेंगे। खेती को भारी-भरकम 1.37 लाख करोड़ रुपये का बजट दिया गया। देश में अन्न संकट नहीं है, लेकिन दलहन के मामले में हाथ थोड़ा कम है। ऐसे में अरहड़, उड़द और मसूर की खेती पर विशेष ध्यान देने के लिए 1 हजार करोड़ रुपये से छह वर्ष के अंदर दलहन में आत्मनिर्भता मिशन की शुरूआत एक सराहनीय कदम है।

ग्रामीण विकास के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय को भी केंद्रीय बजट में 1.88 लाख करोड़ रुपये आबंटित किए गए हैं। प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना मनरेगा के लिए 86 हजार करोड़ रुपये आबंटित किए गए हैं। डिफेंस में भारत को मजबूत बनाने का सपना देखने वाले प्रधान मंत्री जी के मार्गदर्शन के अनुसार रक्षा बजट 6.81 लाख करोड़ रुपये करना देश की सुरक्षा के लिए हमें आश्वस्त करता है। पाकिस्तानी न्यूज चैनल और यू-टयूबर भारत के इस रक्षा बजट से खौफ खाए हुए हैं। देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारी विकास हुआ। पिछले दस सालों में एमबीबीएस की सीट्स 50 हजार से अधिक बढ़ाई गईं तथा प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में सरकार का अगले पांच वर्ष में 75 हजार मेडिकल सीट्स बढ़ाने का इरादा है। सरकार ने पिछले 10 सालों में आईआईटीज में भी 70 हजार नई सीटें जोड़ी हैं तथा आईआईटीज में 6500 नई सीटें जोड़ने की घोषण भारत को टेक्नीकल फील्ड में बहुत बड़ा जम्प देगी। आदरणीय प्रधान मंत्री जी द्वारा शिक्षा क्षेत्र को प्रोत्साहन देने की नीति के अनुरूप मेरा अनुरोध है कि मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाए, जिससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक सेंटर आफ एक्सीलेंस बन सके। छात्रों के लिए सरकारी स्कूलों में 50 हजार अटल टिंकरिंग लैब से इनोवेशन को प्रोत्साहन मिलेगा। दक्षता निर्माण के लिए 5 नेशनल

सेंटर्सअ ऑफ एक्सीलेंस बनाए जाना भी अत्यंत सराहनीय कदम है। रेल मंत्रालय को 2.55 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान बहुत अच्छा कदम है।

रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को मेरठ से लखनऊ वंदे भारत ट्रेन देने और बनारस तक विस्तार करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरठ से पानीपत रेल लाइन बिछाने के लिए 2200 करोड़ रुपये धन आबंटित करने के लिए भी बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरठ से बिजनौर के लिए भी रेलवे लाइन बिछाने की हमारी मांग को भी यदि स्वीकृत कर दें, तो इस क्षेत्र के लिए यह बहुत अच्छा कदम होगा। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने उड़ान योजना का विस्तार करते हुए अगले पांच वर्षों में हवाई अड्डों की संख्या 250 करने के लिए कहा है। मेरठ में भीमराव अम्बेडकर हवाई पट्टी को फुल एयरपोर्ट में अपग्रेड करने की मांग लम्बे समय से चली आ रही है। मेरठ में हवाई अड्डे की स्थापना से पश्चिम उत्तर प्रदेश के व्यापार की गति तेज होगी। देश की आधी आबादी अर्थात् महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार ने पूरा-पूरा ध्यान दिया है। पांच लाख महिलाओं और अनुसूचति जाति, जनजाति श्रेणी के उद्यमियों को पांच साल की अवधि के लिए टर्म लोन मिलेगा। इसके अंतर्गत उद्यमी को दो करोड़ रुपये तक का क्रमिक लोन दिया जाएगा। पहली बार कारोबार की दुनिया में कदम रखने वाली महिलाओं को अगले पांच साल के लिए सहायता देना बहुत अच्छा कदम है। यह बजट वास्तव में भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इस बजट में स्ट्रक्चरल इम्प्रूवमेंट, स्ट्रेटेजिक इनवेस्टमेंट तथा इकोनॉमिक डेवलपमेंट की समावेशी नीतियों पर जोर दिया गया है। कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात पर ध्यान केंद्रित करके अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का इरादा है। प्रस्तावित दूसरी परिसम्पत्ति मुद्रीकरण योजना नई परियोजनाओं के लिए 10 लाख करोड़ रुपये के मूल्यों को अनलॉक करेगी, जिससे बुनियादी ढांचे के विकास को गति मिलेगी।

स्टार्ट-अप के लिए 'फंड ऑफ फंड्स' का विस्तार, खिलौना क्षेत्र के लिए फोकस उत्पाद योजना छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सूक्ष्म उद्योगों के लिए क्रेडिट कार्ड के विस्तार और स्टैण्ड-अप इंडिया योजना के तहत सावधि ऋण में बढ़ोतरी से ऑन्त्रप्रेन्योरशिप तथा रोजगार निर्माण को और भी बढ़ावा मिलेगा।

सभापति महोदया, मैं, वर्ष 2047 तक भारत को विकसित, सम्पन्न देश बनाने की दिशा में माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट का समर्थन करता हूं, उनका बहुत-बहुत अभिनन्दन करता हूं। मैं माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का बहुत-बहुत अभिनन्दन और बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

जय श्री राम।

SHRI BENNY BEHANAN (CHALAKUDY): Sir, Budget is a collective imagination of the nation. It is not just a compilation of facts and figures and a set of numbers. It is a shared dream that the country views together. It is one vision that the country should capitalise and share the future of the communities. It is a collective aspiration of the nation. It shall be a vision statement enriched by the input and ideas of the hon. Members. We, as a nation, shall imagine our future paths, give care and attention to all segments of the society, and chart our own path to progress. It shall not be a political rhetoric or an election game. We, as a nation, shall put our soul into emerging as a stronger nation and address the popular concerns. Political favouritism and biases shall not defeat the dreams of the great nation. But the Budget of 2025-26 fails to address the pressing challenges our country is facing today, such as, unemployment, inflation, depreciation of rupee against major currencies, farm sector crisis, MSME struggles, climate change, and the emerging geopolitical tensions caused by the new US administration.

In what appears to be an unprecedented move, the Ruling Party has openly framed the Budget to benefit only a small segment of society. This is nothing short of bribery, using public funds to secure votes in upcoming elections. We can conclude that this Budget is not for Bihar and Delhi.

Sir, the Government claims that the agriculture sector is the growth engine of our economy but the Budget fails to offer a meaningful support to improve the agriculture produce which would help the farmers earn more. While research and development are vital for progress in agriculture, the Government only marginally increased funding of it by Rs. 21 crore.

India's overall spending in research and development remains insufficient. We are spending only 0.6 per cent of the GDP. India's research and development expenditure is the lowest among the world's five economies. By contrast, China allocates 2.41 per cent of the GDP and the European Union allocates 5-6 per cent of the GDP. China now leads in patent applications and has achieved the second highest labour productivity growth. China also boasts of its largest number of Ph.D. awards annually and innovation in AI. A report from the Ministry of Human Resources Development reveals that only 15.8 per cent of papers by Indian researchers appear in the world's top 10 journals, whereas the figure stands at 27 per cent for China, 33 per cent for Germany, and 36.2 per cent for the United States. We are entering the era of AI, so we have to give more importance to research and development.

15.26 hrs (Kumari Selja *in the Chair*)

The existing commodity boards, crucial in the agriculture sector, especially for Kerala, are left underfunded. For instance, the allocation for the Coffee Board remains unchanged between 2024-25, and the Rubber Board gets Rs. 40 crore increase, and the Spices Board sees only Rs. 24 crore more.

In an alarming move, the allocation for the Coconut Development Board has

actually been reduced from Rs.39 crore to Rs.35 crore. The Budget also falls short of addressing our weakening currency which is poised to wreak havoc on the economy. The Finance Minister offers no concrete measures to counter this. Agriculture has been projected as the growth engine. But in terms of total allocation for agriculture, there has been a marginal reduction in the current Budget as compared to the Revised Estimate of the previous year. What is totally unacceptable and not understandable is the neglected plantation agriculture. Plantation is no more the business of large business owners. Today, it is dominated by small holders. There is predominance of human labour and more importantly, about 72 per cent of the plantation workers are from the backward community. What is more, plantation is done in the least developed locations in our country.

Sir, as compared to the Revised Estimate of 2024-25, the total Budget size of the year 2025-26 got a little over 10 per cent increase in real terms. After considering inflation, the increase will be less than five per cent according to my knowledge. The *Economic Survey* rightly noted that corporate profitability reached a 15-year peak in 2023-24 whereas employment growth has been sluggish. No wonder our educated young generation remains unemployed and is migrating from this country. The Budget, therefore, is disappointing for the younger generation. The big-ticket concession is by way of tax concession for the middle class. By exempting income of upto Rs.12 lakh from Income-tax, it is estimated that the Finance Minister has foregone Rs.1,00,000 crore. If the Finance Minister had decided to put at least Rs.25,000 crore in the hands of the lowest income group by way of increase in the welfare pension or by way of increase in the wages of

MGNREGA workers, there would have been a much higher boost in domestic demand. But sorry Sir, the allocation to the MGNREGA scheme is the same as in the last Budget.

The emphasis on manufacturing is also welcome but we must not forget the fact that after the introduction of the Make in India programme, they say that the share of manufacturing output in India's GDP has not been increasing. As usual, Kerala continues to be neglected in the Union Budget. Despite facing one of the worst recent disasters, Wayanad has not been granted a special package.

As a new AIIMS has been announced for Kerala, the tourism sector in the God's Own Country has been ignored. Even though Kerala has achieved 100 per cent literacy, the education sector continues to be neglected. In the railway sector, Kerala still does not receive adequate consideration. The State's dream project, the Angamaly-Sabari rail line has not been included in the Budget. After completing the ongoing projects, for which funds have been allocated, Kerala will receive only Rs.330 crore in the Railway Budget. Sir, the Vizhinjam Port Project has been in a sorry situation.

Sir, I have a request before the hon. Finance Minister. One of the biggest reliefs could be for the MPs in MPLADS fund. Our allocation of Rs.5 crore was fixed years ago. In many States, the funds allocated to MLAs are bigger than this. Considering the increased developmental needs or timely expansion of the project, I request the hon. Union Minister to increase the MPLADS fund to at least Rs.20 crore.

The Central Government has constituted a new Pay Commission. I welcome

that, Sir. In this context, I also urge the hon. Union Minister to consider increasing the allowances of the Members of Parliament.

The present Government claims that it is building a new India. But facts and figures since 1947 show that it is nothing but a balanced line. The present India has been built by the previous Government led by Congress. Take the growth of the Budget size in the first year of free India.

The size of the first Union Budget was a mere Rs. 171.15 crore. In 2013-14, when the Congress Government presented its last full Budget, the size had jumped to Rs. 16.65 lakh crore, an incredible growth of 9,73,757 percent or a 9737-fold increase from the first Budget. If the interim Budget presented by the Congress Government is taken into account, the Budget size scales another new peak. It presented an interim budget of Rs. 17.63 lakh crore. Compared with the first budget, this represented a growth of 1,01,303 percent or more than a 1,00,000-fold increase. Barring a few years, the period was largely dominated by Congress Governments. On the other hand, the size of the first NDA Government's budget in 2014-15 was Rs. 17.94 lakh crore, and the current NDA Government's Budget is near about Rs. 50 lakh crore. This shows a 168 percent growth in the budget size or just a 1.6-fold growth during the NDA period. This comparison indicates that while India grew 9,737 times from 1947 to 2014 under the Congress rule, it has only achieved a 1.6-fold growth under the NDA government.

The growth of the country's banking sector is equally remarkable. At the time of Independence, total deposits in banks were Rs. 1,261 crore, while loans amounted to Rs. 475 crore; and by 2013-14, total deposits had risen to Rs. 79.55

lakh crore, with outstanding credit to Rs. 62.82 lakh crore, and the CD ratio stood at 79 per cent. This incredible growth was achieved through the nationalization of banks, introduction of the Lead Bank Scheme, the Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation, NABARD and other things.

Somebody criticized Indira Gandhi's Scheme. The former speaker, Shri Sunil Gupta from Maharashtra criticized Indira Gandhi's tenure. What happened? Shrimati Indira Gandhi Ji translated her promise of `Garibi Hatao' into action, the country saw a 500 percent increase in food production, and India became a food-surplus nation. India produced just 50.82 million tonnes of grain in 1950, and now that figure has risen to a record 314 million tonnes.

Before nationalization, private banks in India were inaccessible to the common people while offering a red-carpet welcome to industrialists. In 1967, only 2.2 per cent of the total loans were allocated to the agricultural sector. In rural areas, there were only 1,247 bank branches. Indian farmers struggled without access to loans for agricultural investment. After the nationalization of banks, this situation changed significantly. In 1969, there were only 1,247 rural bank branches across the country. By 1984, this number had increased to 25,541 branches. In the 1970-71 period, agricultural loans amounted to Rs. 744 crore. By 1990-91, this had increased to Rs. 10,000 crore, reflecting a 7.5-fold growth. Despite facing major crises like the Bangladesh War, the influx of refugees, two famines, and the oil crisis, India's food production increased by 35 per cent. … (*Interruptions*)

Madam, I am just concluding with one sentence. If India shines today, it is not because of the NDA Government. If India shines today, it is due to the firm

foundation laid by our first Prime Minister, Jawaharlal Nehru Ji. The present Government is merely enjoying a piggyback ride on that foundation while claiming to be creating a "new India." In the future, they will become the laughingstock of history.

With these words, I conclude.

श्री राजीव राय (घोसी) : मैडम, आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं बजट भाषण की शुरुआत इस आक्रोश और नाराजगी के साथ करना चाहूंगा कि एक बार फिर आपने उत्तर प्रदेश को ठगने का काम किया है।

खासतौर से आप पूर्वांचल लगातार की अनदेखी करने का काम कर रहे हैं। मैं अपने लोक सभा के बारे में क्या कहूं, हमारे बड़े भाई और कपड़ा मंत्री जी यहां बैठे हैं। हमारे यहां एक कताई मिल है, केन्द्र सरकार की जमीन है, जिसे कल्पनाथ राय जी ने शुरू किया था। आज से सात-आठ साल पहले कपड़ा मंत्री जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री जी घोषणा कर रहे थे कि उस कताई मिल को शुरू करेंगे। इस सरकार ने पिछले दस सालों में घोसी के लिए कुछ नहीं किया, एक भी प्रोजेक्ट नहीं लगाया है। अगर आप इसी तरह से अन्याय करते रहेंगे, आजादी के बाद गलती से एक बार 2014 में चुनाव जीत लिया था। मैंने रेल मंत्री जी को ट्रेन चलाने के लिए एक लिस्ट दी थी, दोहरी घाट से नहीं चल सकती, मुंबई के लिए नहीं चल सकती, दिल्ली के लिए नहीं चल सकती, कोलकाता के लिए नहीं चल सकती, आप यहां कुर्सी पर बैठे हैं तो किसी पंडित ने बताया था कि नहीं चल सकती। उसका जवाब यह है कि चुनाव आने वाला है, चुनाव में आपको वोट नहीं मिलेगा, घोसी लोक सभा की तरफ से प्रधानी में वोट नहीं मिलेगा, ब्लॉक प्रमुख में वोट नहीं मिलेगा, जिला पंचायत में वोट नहीं मिलेगा, विधायकी में वोट नहीं मिलेगा, लोक सभा में वोट नहीं मिलेगा।

मैं आपसे खासतौर से निवेदन करना चाहता हूं, कपड़ा उद्योग आपका है। बुनकरों में केवल माइनोरिटीज के लोग नहीं आते हैं। जब कपड़ा बिकता है, ट्रांसपोर्ट वाले भी होते हैं, धागे वाले भी होते हैं, अर्थव्यवस्था सुधरती है तो सारे धर्मों के लोग होते हैं। मैं वित्त मंत्री जी अनुरोध करता हूं कि पीछे बैठे

मंत्री जी के लिए भी कुछ और पैसा दे दीजिए कि मेरे लोक सभा का भी उद्धार हो जाए। वसीम बरेलवी जी का एक शेयर है:

"वो झूठ बोल रहा था बड़े सलीक़े से, मैं ऐतबार न करता तो और क्या करता"

बड़े जोर से 12 लाख रुपये पर इनकम टैक्स छूट का दावा किया गया। मीडिया को अब लोग ... * मीडिया भी कहते हैं, जोर-शोर से कहा गया कि 45 करोड़ लोगों को फायदा पहुंचाया। 35 परसेंट लोग मिडल क्लास में आते हैं। मिडल क्लास की परिभाषा नहीं पता है, … (व्यवधान) किसानों का कर्ज माफ कर दीजिए, मैं आपका स्वागत करूंगा, वंदन करूंगा, अभिनंदन करूंगा। कर्ज क्यों बढ़ा रहे हैं?

इनकम टैक्स में 12 लाख की छूट की सच्चाई यह है कि केवल 7.4 करोड़ लोग इनकम टैक्स भरते हैं, जिसमें से 5.2 करोड़ लोग निल इनकम टैक्स भरते हैं, जो 70 प्रतिशत के बराबर है, 2 करोड़ लोग ओल्ड आयकर व्यवस्था के अंतर्गत हैं, अब डेढ़ करोड़ लोग बच गए, डेढ़ करोड़ में से मुश्किल से कुछ ही इनकम टैक्स पेइंग होंगे, जो 7 लाख से 12 लाख रुपये के ब्रेकैट में आते होंगे। सात लाख रुपये पाने वाले से तो पहले ही आप कुछ नहीं लेते थे। सच सुन लीजिए, मुश्किल से 20-30 लाख लोगों को इनकम टैक्स में राहत दे रहे हैं, बारह लाख रुपये से बारह लाख दस हजार हो जाए तो आप 65, 500 रुपये वसूल लेंगे, बीस से तीस लाख लोगों को राहत दे रहे हैं।

मैं दो बातें कहूंगा, आपने बीस से तीस लाख लोगों को बारह लाख रुपये में राहत दीं, हाउसिंग लोन पर रिबेट मिलता था, बच्चों की फीस पर मिलता था, हेल्थ इन्श्योरेंस पर मिलता था, आपने सब छीन लिया, सबको आपने वापस कर दिया।

सरकार की हमेशा से नीति रही है कि देश को जुमलों और अच्छी-अच्छी बातों में बहका दो। चंद महीने बाद आठवां पे कमीशन शुरू होगा। आप सात से बारह लाख रूपये पर छूट देने की बात कह रही हैं। मैं आपसे निवेदन करूंगा कि जब आप जवाब देने के लिए खड़ी हों तो घोषणा करें कि आठवां पे कमीशन लागू होने पर छूट को प्रपॉशनेटली बढ़ा दिया जाएगा। अभी आप छूट देने की बात कह रही

* Expunged as ordered by the Chair.

हैं। सभी लोग इनकम टैक्स के दायरे में आ जाएंगे। ... (व्यवधान) मैं विरोध नहीं कर रहा हूं। मैं देश के किसानों के बारे में भी कुछ कहना चाहूंगा। पूरे देश में एग्रीकल्चर ग्रोथ को रिकार्ड किया गया। यह 3.3 प्रतिशत था जबकि हमारे उत्तर प्रदेश में 2.5 प्रतिशत है। यह कहानी तस्वीर खासतौर से उत्तर प्रदेश का बयां कर रही है।

जो अच्छी-अच्छी बातें ये लोग करते हैं। यूपी में 69 हजार किसान कर्ज में डूबे हैं। देश में हर घंटे एक किसान आत्महत्या कर रहा है। आमदनी दोगुना करने वाले लोग देखें कि today, 18.7 crore farmers are under agricultural loan obligations. इन्होंने दोगुना दाम देने का वायदा किया था। ये किसान भी हैं। 16 लाख करोड़ रुपये आपने अपने उद्योगपति मित्रों का माफ कर दिया। किसान आत्महत्या कर रहे हैं और आप पीठ ठोंककर कहते हैं कि हमने क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी।

मैडम, हम पूर्वांचल से आते हैं। हमारे पूर्वांचल के किसान पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा के किसानों की तरह नहीं हैं। हमारे किसान एक बीघा, डेढ़-दो बीघा वाले होते हैं। उनको आप कर्ज के जाल में फंसाना चाहते हैं ताकि वे आत्महत्या के लिए मजबूर हो जाएं। हमारे यहां कोई उद्योग-धंधा नहीं है। हमारे यहां छोटे-छोटे किसान हैं। मैं सरकार से मांग करता हूं ... (व्यवधान) उनको छूट है, बोलने दीजिए। पिछले 5 सालों में इन्होंने किसानों के लिए कुछ नहीं किया है। मैं किसानों के कर्जमाफी की बात कर रहा हूं। आप किसानों का कर्ज माफ करें।

मैडम, मैं शिक्षा पर आता हूं। समय के हिसाब से थोड़ा कट-शॉर्ट कर रहा हूं। ये वाट्स अप यूनिवर्सिटी वाले लोग हैं। मैं शिक्षा कमेटी में मेंबर हूं। प्राइमरी स्कूलों में 10 लाख टीचरों की वैकेंसीज़ खाली हैं। आपके पास इतना पैसा नहीं है कि टीचरों को अपॉइंट कर दें। प्राइमरी स्कूलों में जहां आप टीचर अपॉइंट नहीं कर सकते, तो फिर देश की शिक्षा-व्यवस्था बनाने की बात आप कैसे कर सकते हैं? उन स्कूलों की हालत क्या है? मैं 30 से 35 प्रतिशत केंद्रीय विद्यालयों की बात कर रहा हूं। संविदा पर वे नौकरी कर रहे हैं। वे खुद ही सुरक्षित नहीं हैं। उनको खुद नहीं पता कि वे कांटीन्यू करेंगे या नहीं? यह कितनी बड़ी विडंबना है कि 9वीं क्लास में गणित का एक टीचर जाता है, जो रेग्युलर है और एक

लाख, सवा लाख सैलरी पाता है, जबकि संविदा वाले टीचर को आप 40 हजार सैलरी देते हैं। यदि आप टीचरों, जो समाज को दिशा देने का काम करते हैं, उनके साथ भेदभाव करेंगे, तो फिर देश को आगे बढ़ाने की आप क्या बात कर रहे हैं? प्रधान मंत्री जी आते हैं और एमबीबीएस की सीटें 1 लाख बढ़ा दीं। 10 हजार सीटों का प्रस्ताव पारित कर दिया कि 10 हजार सीटें बढ़ाएंगे। … (व्यवधान)

मैडम, अभी तो केवल 5 मिनट हुए, 8 मिनट का टाइम दिया गया था। आप डेटा मांग लीजिए। हर मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज में पीजी फैकल्टी की जरूरत होती है। देश में पीजी फैकल्टी नहीं है, लेकिन एमबीबीएस की सीटें बढ़ा दीं, तो क्या उन विद्यार्थियों को अधकचरे टीचरों से आप पढ़वाएंगे? आप जान से खेलेंगे? आप हवाई जहाज की बात कर रहे हैं। आजमगढ़ में प्रधान मंत्री जी हवाई अड्डे का उद्घाटन करके आए थे। उस समय चुनाव था। आप पता कर लीजिए कि कितने हवाई अड्डे चल रहे हैं? हवाई जहाजों की हालत यह है कि यहां से लंदन जाओ तो 30 हजार रुपये, लेकिन प्रयागराज जाओ तो 50 हजार रुपये। यह आपकी सरकार है। बजट भाषण में आप जो बातें करते हैं और जनता पर अहसान करने का काम करते हैं, उसके लिए मैं दो लाइनें फिर दोहराना चाहता हूं और उन्हें बार-बार दोहराऊंगा।

आप अवाम पर कुछ ऐसे अहसान करते हैं।
आंखें तो छीन लेते हैं और चश्मे दान करते हैं॥

मैडम, अंत में मैं एक अनुरोध करते हुए आपसे हाथ जोड़कर कह रहा हूं कि पूर्वांचल बहुत पिछड़ा हुआ है। भुखमरी की कगार पर है। हमारे यहां उद्योग नहीं हैं। हमारे यहां छोटे किसान हैं। हमारे यहां बाढ़ और सुखाड़ का क्षेत्र है। आप दिल पर हाथ रखकर सोचें कि यदि पूर्वांचल के लिए कुछ न दिया हो, तो पूर्वांचल पर उपकार कर दीजिएगा और मेरे घोसी लोकसभा में बंद पड़ी मिलों को चलवा दीजिए। उनसे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। बोलना तो बहुत कुछ था। अंत में, मैं यही कहूंगा कि यह बजट किसान विरोधी है, नौजवान विरोधी है, शिक्षा विरोधी है, चिकित्सा विरोधी है और इस बजट में कुछ भी नहीं मिला है। धन्यवाद।

श्री दर्शन सिंह चौधरी (होशंगाबाद) : धन्यवाद सभापति महोदया। आज मैं आपको और अपनी पार्टी

को धन्यवाद देता हूं कि मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया। यह बजट, जिसको माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने रखा है, यह विकसित भारत के मॉडल का बजट है। इस बजट का मुख्य उद्देश्य विकास में तेजी लाना, समावेशी विकास सुनिश्चित करना, निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ाना, घरेलू मनोभाव को उल्लास से भरना और भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की खर्च क्षमता को और सहूलियत देना है। बजट में ऐसे लक्ष्यों को लेकर काम किया गया है। 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया है। मैं इसके लिए बधाई देता हूं। मैं बधाई इसलिए भी देता हूं कि इस बजट में मध्यम वर्ग को बहुत राहत दी गई। चूंकि मैं एक किसान वर्ग से आता है, आज पूरे किसान वर्ग में हर्ष और उल्लास का वातावण है। कृषि हमारी रीढ़ की हड्डी है। इसी कारण धन-धान्य कृषि योजना में 100 ऐसे जिलों को शामिल किया है, जो खेती में कमजोर हैं। इसमें एक करोड़ सात लाख किसानों को कवर करने का काम किया गया है। मैं इसके लिए भी बधाई देता हूं। किसानी और खेती करने वाले मजदूरों का पलायन न हो, उसके लिए खेती को और बढ़ावा देने का काम किया गया है। मैं इसके लिए बधाई देता हूं।

बिहार में मखाना बोर्ड गठित करके ऐसे किसानों को, जो वर्षों से वंचित थे, उनको लाभ देने का काम किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड, अभी हमारे साथी बोल रहे थे, इसको 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है। पहले गाँव का एक साहूकार पूरे गाँव को दबाकर रखता था। पहले बहुत बदतर हालत थी। पहले एक कहावत कही जाती थी – 'उत्तम खेती मध्यम बान, निकृष्ट चाकरी,भीख निदान' । लेकिन अब मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि अब खेती में सम्मान निधि से किसानों का सम्मान लौटा है। हमारे विगत प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी किसान क्रेडिट योजना लेकर आए थे, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ था । इसको 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करके न केवल किसानों को राहत देने का काम किया गया बल्कि उनके जो अन्य रास्ते हैं, चाहे वे उद्योग के लिए हों या किसी और चीज के लिए, उनको भी खोलने का काम किया है। दलहनों के लिए 'आत्मनिर्भर मिशन' की घोषणा की गई है। मैं इसके लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं। पूरे विश्व ने माननीय मोदी जी के नेतृत्व को 'श्री अन्न योजना' सहित कई योजनाओं के लिए सराहा है और पालन करने का प्रयास किया है, चाहे वह योग दिवस हो या अन्न योजना हो। दलहन

और श्री अन्न के मामले में, चूंकि आज हर घर में रोग पैदा हो रहे हैं और हमारी जो पुश्तैनी खेती थी, पुरातन खेती थी उसको दूर करने का काम कांग्रेस के राज में हुआ था। इन्होंने उद्योग को ही सर्वोपरि रखा था। उसमें भी ये तथाकथति व्यक्तियों के लिए रखते थे। 'आत्मनिर्भर भारत', जो गांव के रास्ते से होकर निकलता है, जो गरीब के रास्ते से होकर निकलता है, उसको माननीय मोदी जी ने लागू किया है।

दालों में, चाहे वह अरहर हो, उड़द हो या मसूर हो, उसमें आत्मनिर्भरता के लिए बजट में माननीय वित्त मंत्री ने जो घोषणा की है, उसके लिए मैं उनको हृदय से बधाई देता हूं।

आज नए सेक्टर, एमएसएमई में, जो सर्वांगिण विकास सुनिश्चित करता है, उसमें माननीय वित्त मंत्री जी ने क्रेडिट गारंटी कवर दिया है। उसको सूक्ष्म उद्योगों के लिए 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया गया है। मैं इसके लिए बधाई देता हूं। इससे डेढ़ लाख करोड़ का ऋण उपलब्ध हो सकेगा। मैं इसके लिए भी बधाई देता हूं। मैं माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद इसलिए करता हूं, क्योंकि उन्होंने ऐसे क्षेत्रों में, चाहे वह जूते का हो या चमड़े का हो, एक जमाने में चमड़े के उद्योग को हीन दृष्टि से देखा जाता था, अब उसको भी 4 लाख करोड़ रुपये का कारोबार, जिसमें 1.1 लाख करोड़ रुपये तक निर्यात होने की उम्मीद बढ़ गई है। इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं।

खिलौना विनिर्माण, जब हम सिंधु घाटी सभ्यता और भारत की जितनी भी सनातनता है, उसको देखेंगे तो पाएंगे कि उसमें खिलौने का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। माननीय मोदी जी ने भारत में खिलौने के लिए टिकाऊ और वैश्विक केंद्र बनाने की योजना बनाई है। इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। कस्टमाइज क्रेडिट कार्ड जो सूक्ष्म उद्योग के उद्यमों के लिए है, उसको 5 लाख रुपये की सीमा से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का काम किया गया है।

माननीय वित्त मंत्री जी ने पहले ही वर्ष 10 लाख कार्ड्स जारी करने का काम किया है। मैं उनको धन्यवाद देता हूं। संशोधित एमएसएमई वर्गीकरण, जिसमें निवेश और टर्नओवर सीमा को बढ़ाकर क्रमशः ढाई और दो गुना करने का काम किया गया है, जिससे आम और गरीब व्यक्ति के जीवन में अमूल-चूल परिवर्तन होगा। मैं धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने बेहतर कल के लिए 'मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण

2.0' को शुरू किया है। अगर कोई आठ करोड़ बच्चों, एक करोड़ माताओं और 20 लाख किशोरियों के लिए पोषण सहायता देने का काम करेगा, तो वह हमारी सरकार करेगी, इसलिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं।

मैं धन्यवाद देता हूं कि स्वास्थ्य सेवाओं में वर्ष 2025-26 में 10,000 अतिरिक्त मेडिकल सीट्स और 200 कैंसर केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं। कैंसर जैसी गंभारियों का इलाज कराने में काफी दिक्कतें आती हैं। मैंने तो अपनी मां को कैंसर की वजह से खोया है। मैंने उसका बहुत अध्ययन किया है। मैं जानता हूं कि हर घर में सस्ते इलाज की जरूरत है। मैं इसलिए सरकार को धन्यवाद देता हूं कि जिस रसायन और खाद्यान्न के कारण कैंसर जैसी बीमारी बढ़ रही है, इस बजट में प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है और इस प्रकार की स्वस्थ खेती और स्वस्थ मानव की कल्पना की गई है। इसलिए 36 जीवन रक्षक दवाओं को मूल सीमा शुल्क में पूरी तरह से छूट दी गई है। मैं सभी गरीब लोगों की ओर से वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। विपक्ष कहने के लिए कुछ भी कहता रहे-

मांझी तेरी कश्ती के तलबगार बहुत हैं, इस पार कुछ मगर उस पार बहुत हैं,
जिस शहर में खोली है तूने शीशे की दुकान, उस शहर में पत्थर के खरीदार बहुत हैं।

महोदया, मैं कहना चाहता हूं कि 'पीएम जन आरोग्य योजना' के तहत लगभग एक करोड़ वर्कर्स के लिए स्वास्थ्य सेवा कल्याण सुनिश्चित करेगी, इसलिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं। बैंकों का बढ़ा हुआ ऋण, 30,000 रुपये की सीमा वाले यूपीआई लिंक्ड क्रेडिट कार्ड और क्षमता निर्माण सहायता के माध्यम से उनके कल्याण को आगे बढ़ाया जाएगा, इसलिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं। सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब्स की शुरुआत, युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र तथा 6,500 अतिरिक्त छात्रों को समायोजित करने के लिए आईआईटी का विस्तार किया जा रहा है। अभी-अभी हमारे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी के नेतृत्व में सात संभागीय समिति हुई हैं, जिसमें एक-एक जिले में 30 हजार करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट मिल रहा है। यह मोदी के मार्गदर्शन में विकसित भारत का रास्ता खुला है।

तूफान में ताश का घर नहीं बनता, रोने से किसी का बिगड़ा मुकद्दर नहीं सुधरता,

दुनिया में जीतने का हौसला रखो,

क्योंकि एक हार में कोई फकीर और एक जीत में कोई सिकंदर नहीं बनता।

माननीय मोदी जी के नेतृत्व में निजी भागीदारी और पीपीपी मॉडल बनाने का काम किया गया है। उसमें बुनियादी ढांचों को तीन वर्षीय परियोजनाओं को पाइपलाइन में आगे बढ़ाने का काम किया गया है, मैं उसके लिए धन्यवाद देता हूं। राज्यों में 50 साल के ब्याज मुक्त ऋण के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, इसलिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं। मैं धन्यवाद देता हूं कि नई परियोजनाओं के लिए 10 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा गया है।

माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने नदी जोड़ों का जो सपना देखा था, मैं धन्यवाद देता हूं कि हमारे मध्य प्रदेश में उसकी शुरुआत हो गई है। चाहे वह केन-बेतवा नदी परियोजना हो या चाहे पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी परियोजना हो। हजारों-करोड़ रुपये की योजनाएं हैं। पहले हमारा किसान एक समय में एक फसल पैदा नहीं कर पाता था। यह मोदी जी का वर्ष 2025 का भारत है। मैं इसके बारे में नहीं कह रहा हूं, बल्कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि 18वीं और 19वीं सदी ब्रिटेन और इंग्लैंड की थी, 20वीं सदी अमेरिका की है, लेकिन 21वीं सदी भारत की होगी। यह मोदी जी का भारत है, जो पूरे विश्व का नेतृत्व करने के लिए खड़ा है। अर्थव्यवस्था में अनेकों नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। …(व्यवधान)

16.00 hrs

श्रीमती शताब्दी राय बनर्जी (बीरभूम) : मैडम, थैंक्यू। लास्ट 16 साल से हाउस में बैठकर जितनी बार बजट सुनती हूं, तो ऐसा लगता है कि कितना अच्छा बजट है। ओहो, इसमें कितना कुछ मिल गया है। जब मैं घर जाकर पढ़ती हूं तो लगता है कि एक्चुअली क्या मिला है और क्या मिलना चाहिए। जैसा मैडम ने बोला है कि पॉवर्टी जीरो परसेंट तक, तो मुझे लगता है कि मिनिस्टर ने गांव में कभी जाकर … (व्यवधान)

माननीय सभापति : मंत्री जी, आपने क्या बोला है?

श्री गिरिराज सिंह : मैंने आग्रह किया है कि यदि कोई सदस्य इस समय बोल रहे हैं, तो वह सवाल-जवाब तो नहीं है। यह उचित नहीं लगता है। मैंने यह प्रार्थना आपसे की है। ... (व्यवधान)

श्री दर्शन सिंह चौधरी : मैडम, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त करता हूं।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : शताब्दी जी।

... (व्यवधान)

श्री दर्शन सिंह चौधरी : मैडम, मुझे केवल एक मिनट दे दीजिए। ... (व्यवधान)

माननीय सभापति : सॉरी। अब दोबारा नहीं, क्योंकि उनका भाषण शुरू हो चुका है।

श्रीमती शताब्दी राय बनर्जी : मैडम, थैंक्यू। मैं फिर से बोल रही हूं कि लास्ट 16 साल से जब बजट हाउस में सुनती हूं तो लगता है कि बहुत कुछ मिला है, लेकिन जब घर जाकर पढ़ती हूं तो लगता है कि कितना मिलना चाहिए, लेकिन एक्चुअली में क्या मिला है। मैडम ने पॉवर्टी की बात की है। मुझे लगता है कि मैडम को गांवों में जाना चाहिए, तब पता चलेगा कि पॉवर्टी किसे बोलते हैं। उनकी सिक्योरिटी और प्रोटोकॉल की वजह से शायद सिग्नल में कभी उनकी गाड़ी खड़ी नहीं हुई है। वहां पता चलता है कि बच्चे गाड़ी को आकर धोने लगते हैं, कैसे धूप बेचते हैं, कैसे जिम्नास्टिक दिखाते हैं। अगर वह वहां रहेंगी तो पता चलेगा कि देश में पॉवर्टी का क्या हाल है। What we all need to accept is that childhood malnutrition in India is a direct result of both poverty and systematic inequalities. The record indicates that India has the highest child wasting rate in the world, which is 18.7 per cent, and 35.5 per cent of children under five are medically listed as having their growth stunted.

The Budget of Saksham Anganwadi and Poshan 2.0 saw hardly an increase of 3.58 per cent. Despite allocation to a few concerns during the Finance Minister's address, the Budget remains silent on Anganwadi workers and Mid-day Meal scheme.

The Budget for the National Health Mission, which contributes towards

strengthening the public health system, especially, at the primary care level, has been allocated with a mere rise of 3.4 per cent in real terms. Therefore, there is a decline in its allocation.

अभी इस बजट को फिल्मी लैंग्वेज में बोलें तो 12 लाख रुपये से हिट है। मुझे जानना है कि कितने लोगों की महीने में एक लाख रुपये की इनकम है और उसकी परसेंटेज क्या है? मैं रिक्वेस्ट करूं कि मेरी कॉन्स्टीट्यूएंसी बीरभूम में 12 हजार ऐसी नौकरी दे दें तो मेरी कॉन्स्टीट्यूएंसी में उन लोगों को इनकम टैक्स फ्री नहीं चाहिए। वे दो लाख तक इनकम टैक्स भर देंगे, लेकिन उनको नौकरी चाहिए।

In 1990, six per cent employment was there in the organised sector. In 2025, the same rate of six per cent of employment is there in the organised sector. That means, there is no employment growth in the organised sector. The MSME houses approximately 62 per cent of employment to the women. The micro units have the employment strength of 10.20 crore. The Government has increased the loan gratuity scheme. The Government needs to note that the micro and small units cannot further carry the burden of complicated GST and other imposed obligations.

According to a Report of NITI Aayog, as of 2021, there were approximately 7.7 million gig workers in India. The gig workforce is expected to expand to 23.5 million workers by 2029-30. Why is the Government not introducing a dedicated law for these gig workers and give them the legal status? Does this Budget try to address internal problem of the economy? Perhaps, it is not. What we have seen on a regular basis is, there is an allocation but there is no actual spending.

As far as Swachh Bharat Mission is concerned, Rs. 2392 crore was spent in 2021-22. The allocation under this Misson in 2022-23, under the urban component, was Rs. 5000 crore whereas the spending was only Rs. 2,159 crore. Now, the

allocation under the urban component has received Rs. 5,000 crore.

In respect of Jal Jeevan Mission, the allocation was Rs. 70,000 crore in 2023-24 but only Rs. 23,000 crore were spent. This time, Rs. 67,000 crore has been allocated for this.

मैडम ने मखाना के बारे में बोला था। मैंने सोचा कि कोई अलग से स्कीम होगा, लेकिन बाद में पता चला कि खाने वाला मखाना होता है। मुझे लगता है कि मखाना लकी है, उसका अचीवमेंट है कि वह पार्लियामेंट में बजट तक पहुंच गया। यह गवर्नमेंट का कोई अचीवमेंट नहीं है। इसमें बढ़ा-चढ़ाकर बोलने की कोई बात नहीं है कि मखाना के लिए हमने इतना किया। इंडिया में ऑलरेडी काफी काम है। मैं एक बात और बताना चाहती हूं कि इस सरकार और पार्टी का हमेशा इलेक्शन का बजट होता है, ऐसा क्यों? डेवलपमेंट नीडिड के लिए होता है। देश में कहां डेवलपमेंट की जरूरत है। बी फोर बीजेपी, बी फोर बिहार और बी फोर बंगाल। बंगाल ने इनको वोट नहीं दिया, इसलिए क्या यह इलेक्शन पर डेवलपमेंट डिपेंड करेगा? लेकिन बिहार में इलेक्शन है, शायद वह लोग बहुत वोट देंगे, यह सोचकर उसका एलोकेशन हुआ। लेकिन मुझे लगता है कि हम हमेशा इस पर ध्यान दें कि डेवलपमेंट किसलिए चाहिए, कितना चाहिए और कहां तक चाहिए। मुझे पता है कि टाइम कम है और मुझे बहुत कुछ बोलना था। मेरी एक रिक्वैस्ट और सजेशन है कि अगर जितने माइक्रोफोन्स हैं, उनके साथ एक लाइडिटेक्टर लगा दें तो पता चलेगा कि कौन कितना झूठ बोल रहा है और कहां तक झूठ बोल रहा है और कितना झूठ हाउस में बोलते हैं? इसमें यह भी पता चलेगा कि मिनिस्टर के पीछे बैठकर थपथपाकर साउंड देते हैं, वह साउंड ज्यादा है या लाइडिटेक्टर का साउंड ज्यादा है। देश को यह भी जानना चाहिए कि झूठ कहां है, सच कहां है और मुझे लगता है कि यह सिस्टम बनने से सच ज्यादा बोला जाएगा और झूठ कम होता जाएगा।

माननीय सभापति: आपने समय में अपना भाषण खत्म किया, थैंक यू।

SHRI PRADYUT BORDOLOI (NAGAON): Thank you, Madam, for giving me this opportunity.

Exactly about a fortnight before the hon. Finance Minister presented the Budget, the C-Voter carried out a survey asking respondents about what would be the anticipation of the Budget and beyond the Budget. You would be surprised to know that when the figures were given to the public, about 37 per cent of the people responded by saying that irrespective of the goodies that probably would be forthcoming in the Budget, the life of common people would only be getting harder for another one year and after that.

Madam, you would be surprised to know that two-thirds of the respondents say that the prices have only been skyrocketing since 2014. About 50 per cent of the respondents have said that inflation has directly hit their lives and it is becoming worse. This is the highest level of pessimism probably registered over a decade. These are not the cold statistics. These are the real fears. These are the real apprehensions, real struggles and real agonies. So, I hope that the Finance Minister and the Government would try to understand the fear of common people.

Madam, in 1991, when the former Finance Minister, Late Prime Minister Dr. Manmohan Singh, presented his Budget, he quoted Victor Hugo. He said:

"No force on Earth can stop a good idea whose time has come."

Indeed, he presented an epoch-making Budget which really did a course correction and set a new paradigm of development for the country. And today, after more than two decades, we are still basking on the path that was set out by Dr. Manmohan Singh in 1991. But for more than two decades, our Finance Minister has been presenting the Budget. Frankly speaking, I do not see any new idea that has been translated or which has added a new dimension to the people of India for

enhancing their quality of lives.

Madam, yes, there is much hullabaloo of this income tax rebate up to Rs.12 lakh. I would like to point out that by raising the bar of relaxation of the income tax up to Rs.12 lakh, you are going to benefit only two per cent of the total population. But what about the rest 98 per cent of our population who have been left in the lurch?

Today, I would like to cite examples of four persons, the common people, whom I met recently, and I hope that the hon. Finance Minister would take note of the aspirations of these people, whose cases I am going to cite.

When our leader, Rahul Gandhiji spoke during the Motion of Thanks on the President's Address, he did stand up here and instead of criticising the Government, he gave a new narrative. He set a new narrative before the people of India through this Parliament. Similarly, we are not here just to criticise the Budget. I would like to give a new alternative, a new paradigm and, if necessary, the hon. Finance Minister can take note of this. I would like to provide alternative proposals against these four examples that I want to give.

Just a fortnight before this Budget was placed in the House, I met Saponti Hazarika, a daily wage earner in my constituency. He told me that despite getting five-kilogram rice under the Garib Kalyan Yojana, his family is going through a dire state in spite of cutting all the expenses. In Assamese he said: *"sokolu faltu khoros bondho kori disu".* It means that he cut all the frills of his life.

On the one hand, the monthly expenses of his family have doubled, but on the other hand, the wages that he earns are remaining stagnant. That is why he

asked me, how much longer we can survive like this. This is an area where I would say that the Government has failed. The prices of all commodities are rising and there is no meaningful relief from your side. There is no major intervention by the Government to curb inflation beyond some vague fiscal targets. The income disparity is widening due to corporate tax breaks, but there is no direct support for the struggling families.

Madam, here is the alternative proposal from us – a) expand and strengthen food security, increase allocation of PDS, and universalise free ration distribution for next two years; b) increase MGNREGA wages and expand minimum work days, raise daily wages to match inflation and ensure 150 guaranteed work days instead of 100 days; c) provide direct income support, expand cash transfers for low income families, model the global best practices in terms of inflation relief, and reduce GST on essentials like food, medicines, medical insurance and household staples.

Then, I would like to give another example. About a month ago, in a railway compartment, I met one young graduate, Dipankar Mahapatra from Odisha. He is just 25 years old. During conversation he told me that he has been applying for jobs for the last three years. He told me that a degree means nothing because there are no jobs. Talking to him, I was wondering, how I would instil hope in his mind because he is in a hopeless situation.

Madam, where did the Government fail? The hon. Finance Minister has been presenting the annual Budget. This is the 8th time. But where has this Government failed? Unemployment is at a decade high level despite of a perceptibly high GDP growth. Skilling programmes, with changing times, have failed to translate into job

placements. Both the MSME and the unorganized sector, India's largest job creators, are struggling due to poor credit access and centralising of economic activities.

Madam, here is the prescription from our side. There should be expansion of economic activities. Put more money in the pockets of the lowest income groups so that demand for consumption increases. One does not have to be an economist to know this. It is common sense that if you put more money in the pockets of the common people, who live in the lower strata of economic pyramid, actually our economy expands and the canvas of economic activities also proliferates. That is how demand for consumption and demand for jobs are created. But this Government is doing nothing. For public sector hiring, push should be given. Fill up two million plus existing Government jobs, vacancies within the next year. Demand-driven skilling programmes and MSME revival fund are utmost necessary. At the same time, like MGNREGS, Urban Employment Guarantee Scheme should be initiated. The National Employment Guarantee Programme for cities, modelled on MGNREGS, should also be initiated in this country.

Madam, I want to give a third example. This is regarding Nidhiram Bordoloi, another farmer from my constituency. He has been a farmer, but due to vagaries of nature and untimely floods, all his crops are destroyed. He does not have a future. What he told me is: "Our land and waters have become unreliable. Yet this Budget does nothing to protect us." Your failure is that there is no dedicated climate resilience fund, despite extreme weather losses; lack of disaster insurance for small farmers and unorganized workers; and weak urban climate planning leading to

flooding and heat waves.

Madam, these are the few examples that I wanted to give, and these actually reflect the aspirations of the people. I want to say just a few words before I conclude. It is not a stupid idea that an elected representative like me stand up and say something. What I would like to say is that life continues, but we have to try to make life more meaningful. That is why I am saying that in your Budget, you may have tried to solve a popularity problem of your Government, but it has not solved the problems of our people. It has not given new ideas, new dimensions, or it has not addressed the feeling of hopelessness that is all-pervading in our country.

Thank you.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : सभापति महोदया, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे यूनियन बजट 2025-26 पर अपनी बात रखने का मौका दिया है। माननीय वित्त मंत्री जी के द्वारा पेश किया गया बजट देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती के साथ-साथ इकोनॉमिक ग्रोथ को भी बढ़ावा देगा। पिछले साल बजट पेश करते हुए माननीय वित्त मंत्री जी ने वित्तीय घाटे को 4. 5 प्रतिशत से नीचे रखने की बात की थी। वर्ष 2026 के लिए इस घाटे का लक्ष्य 4.4 प्रतिशत रख कर उन्होंने इस घाटे को कम किया है।

महोदया, जनवरी, 2025 में आईएमएफ के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक ने साल 2025 में वैश्विक ग्रंथ के अनुमान के साथ-साथ वर्ष 2026 के अनुमान में कटौती की है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के अनुसार वर्ष 2026 में यह ग्रोथ 3.3 प्रतिशत रह सकती है।

महोदया, वर्ल्ड बैंक के अनुसार सामान और सेवाओं के निर्यात का वर्ष 2023 में भारत के जीडीपी में करीब 22 प्रतिशत का योगदान था।

इस बजट में 12 लाख रुपये तक की आय पर जीरो टैक्स का प्रावधान है, यह एक सराहनीय पहल है। इससे लोगों के हाथ में खर्च करने लायक पैसा बढ़ेगा और खपत में भी तेजी आएगी। वेतन

भोगी कर्मचारियों को इनकम टैक्स एक्ट, 87ए के तहत 75000 रुपये की स्टैंडर्ड डिडक्शन का फायदा भी मिलेगा। यह बजट वर्ष 2025-26 में मजदूरों, गरीबों, महिलाओं, किसानों, युवाओं, व्यापारियों और कृषि मध्यवर्गीय परिवारों की आर्थिक मजबूती समेत सभी क्षेत्रों का विशेष ध्यान रखा गया है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत के नवनिर्माण के लिए दिशा प्रदान करेगा।

मैं विशेष कर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी और माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि बजट 2025- 26 में बिहार को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना से मखाना की खेती को बढ़ावा मिलेगा। बिहार मखाने के कारण देशों और विदेशों में जाना जाता है। बजट में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना से बिहार की 50,000 हेक्टेयर भूमि पर खेती करने वाले किसानों को लाभ मिलेगा। इसके कारण मिथिला क्षेत्र में विकास को दुगनी गति मिलेगी।

इस बजट में आईआईटी, पटना की क्षमता का विस्तार किया जाएगा। इसके साथ-साथ फूड प्रोसेसिंग संस्थाओं की स्थापना भी की जाएगी, जो कि एक स्वागत योग्य कदम है। आईएमएफ के डाटा - 2014 के अनुसार देश की पर कैपिटा इनकम 2,697 डॉलर है जबकि हाई इनकम कम्युनिटी कंट्री के लिए बेंचमार्क 23,380 डॉलर है। जुलाई, 2023 के रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया की रिसर्च के अनुसार अगर भारत को 2047 तक विकसित भारत बनना है तो 7.6 परसेंट प्रति वर्ष की दर से ग्रोथ करनी होगी। यह बजट इसी दिशा की तरफ बढ़ता हुआ एक कदम है।

इस बजट में आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व के स्थानों के विकास के साथ भगवान बुद्ध के जीवन से संबंधित स्थलों की डेवलपमेंट की तरफ भी ध्यान दिया गया है। पिछले साल 3260.93 करोड़ रुपये दिए गए थे जिसे इस साल बढ़ाकर 3307.96 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इस बजट में स्कूल से लेकर यूनिवर्सिटीज़ और आईआईटीज़ में इनोवेशन पर खास फोकस किया गया है। ग्रेजुएशन लैवल पर एमबीबीएस की सीटें भी बढ़ाई गई हैं और आईआईटीज़ में 6,500 सीटों के इजाफे के साथ एडीशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की भी व्यवस्था की गई है। सरकारी स्कूलों में इनोवेशन को बढ़ावा देने के

लिए 50,000 अटल टिंकरिंग लैब्स का लक्ष्य रखा गया है, यह एक उचित पहल है। मैं जोर देकर कहना चाहता हूं कि यह बजट शिशुओं से लेकर युवाओं तक विकसित भारत बनाने की ओर पहल है।

माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा पटना एवं बिहटा एयरपोर्ट के विस्तार के अलावा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण का प्रस्ताव दिया गया है, यह एक सराहनीय कदम है। माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के प्रस्ताव पर गोपालगंज, जो मेरा संसदीय क्षेत्र है, में सबेया एयरफील्ड को उड़ान योजना में शामिल किया गया है। 473 एकड़ की परिधि में बाउंड्री पिल्लरिंग का काम चल रहा है। मेरा निवेदन है कि बिडिंग करके प्लेन चलाने की शीघ्र मंजूरी दी जाए क्योंकि इससे गोपालगंज की विभिन्न जरूरतें पूरी होंगी। यहां डेढ़ से दो लाख लोग खाड़ी देशों में नौकरी करते हैं, इस कारण यहां विदेशी मुद्रा का आगमन भी सर्वाधिक है।

बिहार को रेलवे के लिए 10,086 करोड़ रुपये आबंटित किए गए हैं जो कि पर्याप्त नहीं हैं, इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। गोपालगंज-थावे से दिल्ली एवं अन्य महानगरों के लिए कोई ट्रेन नहीं है। हमने समय-समय पर पत्र द्वारा, सदन के माध्यम से और व्यक्तिगत रूप से मिलकर इस विषय को संज्ञान में लाने का आग्रह किया है, लेकिन अभी तक समस्या का निदान नहीं हो सका है। मेरा निवेदन है कि गोपालगंज-थावे से दिल्ली एवं अन्य महानगरों के लिए ट्रेन के परिचालन की समस्या का निदान किया जाए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

श्री चंदन चौहान (बिजनौर) : माननीय सभापति महोदया, आपने आम बजट वर्ष 2025-26 पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद व आभार व्यक्त करता हूं।

मैडम, कोई भी बजट चाहे किसी सामान्य घर का हो, किसी जिले का हो, प्रदेश का हो या देश का हो, यह बजट उस संस्था के, उस इलाके की ग्रोथ का परिचायक होता है। प्रत्येक नागरिक इस बजट में अपने भविष्य को देखने का काम करता है। वर्ष 2025-26 का आम बजट 60 पन्नों का है। मैं देश की काबिल वित्त मंत्री आदरणीय निर्मला सीतारमण जी को बधाई देता हूं। देश के विकास और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए, इस विजनरी बजट के लिए मैं अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल

तथा अपने नेता जयंत चौधरी जी की तरफ से समर्थन करता हूं।

हमें समझना होगा कि जहां विश्व 3 प्रतिशत की विकास दर से वृद्धि कर रहा है, जहां हमारा पड़ोसी प्रतिद्वंद्वी देश चाइना 5 प्रतिशत की विकास दर से वृद्धि कर रहा है, वहीं आज इन वैश्विक परिस्थितियों के दौरान भी भारत देश लगभग साढ़े 6 प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रहा है।

विकसित भारत वर्ष 2047 के संकल्प के लिए एक अनुमान लगाया गया है, जहां आज प्रति व्यक्ति आय लगभग सवा दो लाख रुपये है, इसे वर्ष 2047 तक 6 गुना अधिक बढ़ानी होगी, तब जाकर विकसित भारत का संकल्प जो आम आदमी देखता है, वह कहीं जाकर पूर्ण होने का काम करेगा। जलवायु परिवर्तन, तनावपूर्ण विश्व परिस्थितियां, एआई, अनेक प्राकृतिक आपदाओं, ग्लोबल इकोनॉमिक चैलेंजेज को देखते हुए यह बजट बनाया गया है। प्रधान मंत्री जी ने जहां मेक इन इंडिया का लक्ष्य दिया, पिछले दिनों भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया था, वहीं राष्ट्रपति जी के मेक फॉर वर्ल्ड के विजन को आदरणीय वित्त मंत्री जी ने आगे बढ़ाते हुए इस बजट में फ्रेम करने का कहीं न कहीं काम किया है। हमारा यह सदन ऐतिहासिक सदन है। मैं पूरी जिम्मेदारी से कहना चाहता हूं कि विश्व में जितने भारतीय हमारे भाई-बहन हैं, अगले 20 साल भारत के हैं, जहां वर्ष 2047 तक हमें ग्रो करना है। मैं सब को कहता हूं कि जो लाइफ स्टाइल और बेहतर व्यवस्थाएं हिन्दुस्तान में मिल सकती हैं, शायद ही विश्व में कहीं और मिलेंगी।

पूरे देश के किसानों की शान स्व. चौधरी अजीत सिंह जी की 86वीं जयंती इसी सप्ताह 12 फरवरी को है। चौधरी साहब ने हमेशा किसानों के हित में फैसले लिए और उन फैसलों ने हमेशा खेती करने वालों के जीवन में भरोसा लाने का काम किया, बदलाव लाने का काम किया। किसान बिरादरी, किसान समाज कभी भी अपने दिलों से उन्हें निकाल नहीं सकता है। वे आज भी हमारे दिलों की धड़कन में बसते हैं। उसी विचारधारा को बढ़ाते हुए प्रधान मंत्री धन-धान्य योजना के अंतर्गत 100 ऐसे जिले, जो कहीं न कहीं फसलों के प्रोडक्शन में पीछे हैं, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए उन जिलों को शॉर्ट लिस्ट करना, उनको बजट के अंदर, योजनाओं के अंदर पांच तरीकों से उस क्षेत्र के किसानों को सशक्त करना, चाहे क्रॉप सेलेक्शन से लेकर क्रॉप रोटेशन हो, भंडारण की उचित व्यवस्था करनी हो, सिंचाई की नई

व्यवस्थाएं करनी हों, ऋण का माध्यम हो, उच्च उपज वाले जीन मोडिफाइड बीजों का प्रत्यारोपण हो, ऐसी योजनाओं से लगभग 1.7 करोड़ किसानों को लाभ होगा।

मेरे से पूर्व सभी वक्ताओं ने दलहन के बारे में बताया है। दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन लाया गया। इसे अधिक प्रभावी बनाने के लिए मंसूर, उड़द और तुअर की दालों के काम को आगे बढ़ाने का काम किया। बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना हो। राष्ट्रीय उच्च उपज बीज मिशन के अंतर्गत रोध प्रतिरोधक उत्पादन के लिए बीज को उपलब्ध करवाने की बात हो।

हमारे किसानों को उर्वरकों की कोई दिक्कत न हो, इसके लिए असम में नया यूरिया संयंत्र स्थापित किया जाएगा। यह काम भी कहीं न कहीं किसानों के हित में है।

जीन बैंक की स्थापना, पशुपालन और डेयरी के लिए 1,050 करोड़ रुपए की व्यवस्था करना, समृद्ध विकसित भारत की पहचान मजबूत खेती और मजबूत किसान इस बजट का परिचायक है।

वर्ष 2024-25 के अनुपात में, वर्ष 2025-26 में, बजट में 34 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, इसके लिए मैं फाइनेंस मिनिस्टर को धन्यवाद देना चाहूँगा। पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक, विश्व की सभी परिस्थितियों को देखते हुए, आज आम बजट में, डिफेन्स के क्षेत्र में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई है। यहाँ पर पक्ष और विपक्ष के लोग बैठे हैं, कहीं न कहीं दोनों पक्षों के लोग इससे इत्तेफाक रखते हैं।

मैं ज्यादा समय नहीं लूँगा, क्योंकि मैं खुद एक युवा सांसद हूँ। हमारे देश का नौज़वान हमेशा मोदी जी की तरफ देखता है, प्रधानमंत्री जी की तरफ देखता है, प्रदेश की सरकारों की तरफ देखता है। आज प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी ने देश के युवाओं का जो भविष्य है, उनको सही रोज़गार के अवसर प्रदान करने का, फुटवेयर या टॉय मेकिंग या अन्य सामानों के प्रोडक्शन का काम हो, नौज़वान ही हैं, चाइना जैसे देश और आसपास के अन्य देश, जो इनके प्रोडक्शन में आगे है, हमारे देश के नौज़वानों की ही यह ऊर्जा है, जो उनका सामना करके भारत को विश्व के पटल पर आगे रखने का काम करेंगे।

मेक फॉर वर्ल्ड के सिद्धांत पर आधारित स्किल इंडिया, कौशल विकास आदरणीय जयंत चौधरी जी और आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आगे बढ़ने का काम कर रहा है। वहीं पाँच राष्ट्रीय उत्कृष्ट

केन्द्र (नैशनल सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्किलिंग) की स्थापना की जाएगी। युवाओं को वैश्विक मानकों के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा। आईआईटीज में 6500 से अधिक सीटें बढ़ाये जाने के लिए चाहे इंफ्रास्ट्रक्चर की ग्रोथ हो या मेडिकल कॉलेजेज में 75,000 से अधिक सीटें बढ़ाने की बात हो, एआई में भारत को आगे ले जाने के लिए 500 करोड़ रुपए का निवेश हो या हेल्थ सेक्टर हो, कैंसर से लड़ने के लिए 200 डे-केयर सेन्टर बनाने की बात हो, मैं आदरणीय फाइनेंस मिनिस्टर और आदरणीय हेल्थ मिनिस्टर से अनुरोध करूँगा कि मुजफ्फरनगर और बिजनौर में ये स्थापित होंगे, तो निश्चित रूप से एम्स पर जो लोड पड़ता है, वह कम होगा। आदरणीय फाइनेंस मिनिस्टर हमारे लिए यह एक बहुत बड़ी सौगात लेकर आई हैं।

कैंसर मेडिसीन्स को टैक्स फ्री करना, बुजुर्गों के लिए मेडिकल उपकरण उपलब्ध कराना आदि सारी बातें बहुत ही हितकारी हैं। चाहे पीएम स्वनिधि योजना हो, जल-जीवन मिशन, न्युक्लियर एनर्जी, टूरिज्म और 12 लाख रुपए तक की आय वाले कर दाताओं को राहत पहुंचाने की बात हो। मेरे पास कई पन्नों में लिखी हुई ऐसी कई बातें हैं, जिनके लिए हम धन्यवाद करते हैं और इस आम बजट का समर्थन करते हैं।

मैं अपने देश के नौज़वानों से इतना ही कहना चाहूंगा कि कोई हथियार दिखाने वाले को, कोई गलत बात सिखाने वाले को हम अपना रोल मॉडल नहीं बना सकते हैं। अगर हमें अपना रोल मॉडल बनाना है, हमें देश की तरक्की को आगे ले जाना है, तो हमारी फाइनेंस मिनिस्टर की तरह विज़न हो। एनडीए सरकार की देश को आगे बढ़ाने की जो ज़बरदस्त नीतियाँ हैं, उनके समर्थन के साथ आगे बढ़ने का काम करेंगे।

आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ और आपका आभार व्यक्त करता हूँ।

***SHRI GOPAL JEE THAKUR (DARBHANGA):** The budget 2025-26 presented by

* English translation of the speech originally delivered in Maithili.

Shrimati Nirmala Sitharamanji under the leadership of the Vishwakarma of new India, and most popularly applauded Prime Minister Shri Narendra Modiji is dedicated to aspersion and welfare of the common-man in the country. This budget is likely to be proved a new chapter, if progress and growth is taken into account. The have-nots, peasants, women-folk, youth, middle-class, old-aged-people, almost all the category of citizen have been kept in mind while preparing this budget. Road-connectivity, healthcare, education, the Railways, defence-sector, games and sports, rural development along with employment-generation have also been given prominence in this budget.

Hon. Chairperson, all the inhabitations of Mithila region are glad and proud that hon. Finance Minister Shrimati Nirmala Sitharaman put on the Saari embroidered with Mithila Painting drawn by Padmashree Dulaaree Devi while presenting the budget. Madam, I belong to Mithila region of the State named Bihar; and special attention has been paid to Mithila and this budget, and for this I again express my gratitude to the Hon'ble PM Shri Narendra Bhai Modiji and the Finance Minister.

Madam, budgetary provision to set- up a Makhana (lotus-seeds) Board and economic package for revival of Koshi Canal Project would certainly be a boon for Mithila region. Ninety percent of the total production of Makhana in India takes place in Mithila region. Late Hon'ble Atalji had established a national Makhana Research Centre in Darbhanga. During the tenure of Congress Government in 2005 its status of national institute was withdrawn. After a lapse of 18 years, Shri Narendra Bhai Modi accredited Makhana to be a cultural identification of Mithila region and

accorded nationalistic status to the institution for promoting the cult. The district-magistrate of Darbhanga has also been awarded by Hon'ble Prime Minister under with 'ONE DISTRICT, ONE PRODUCT.' And the lotus-seeds produced in Mithila was categorically honoured with GI-tag in 2022. The only research centre for taking up research work on Makhana and other agri-products cultivated in water-bodies has also been established in Darbhanga. EMFME Scheme launched under '*Atamanirbhar Bharat'* campaign, the entrepreneurs engaged in processing of Makhana and other food products are provided 35% of subsidy if a loan up to Rupees 10 lacs is sanctioned to them. Simultaneously pisciculture is also being promoted under PM *Matsya Sampada* scheme. The cultivation of lotus-seeds has been expanded from 15 thousand hectares to 40 thousand hectares on account of the positive decisions taken by the Government of India in last five years. Lacs of farmers and entrepreneurs are engaged in cultivation of Makhana and it's processing. To this effect I wish to demand from the Government of India that headquarter of the proposed Makhana Board be established in Darbhanga and a training centre of international accreditation and a Farmers Hostel be constructed within national Makhana Research Centre, Darbhanga and financial aid be provided to both with according it the status of an autonomous body. The sanctioned post of research-fellows be increased and separate post of a director be created for the institution and be posted there. We are sure that the promises made by Modiji has always been fulfilled and the vogue will continue in the future.

Madam, the Members from the opposition benches were meandering on different point of views with regard to this budget. In 1951, the first president of the

country had sanctioned setting of a Mithila Sanskrit Post-graduation Research Centre in the Mithila region I belong to, and the foundation-stone was also laid there. And the same plan and project is being executed by the Hon'ble Prime Minister and Hon'ble CM Shri Nitish Kumar and the state government of Bihar has sanctioned 48 crore Rupees for this project. The Mithila which was divided into 2 parts has been unified by our applauded Prime Minister Shri Narendra Modiji with sanction of Rs. 516 crore and construction of a great railway bridge on Koshi river. I congratulate the Finance Minister that decisions made with consecutive budget allocation and has resulted into construction of the biggest bridge on Koshi river after 88 years. Even the long pending issue of Sankree-Hasanpur railway line has been resorted after 46 years. Hon. Prime Minister has accorded construction of 88 airports in the country under UDAN Scheme and a few of them are located also in Bihar. Constructed with a cost of Rs. 1300 crore, the international airport Darbhanga is likely to be completed and now-a-days the facility is availed by 25 thousand crore passengers across the country.

Madam Chairperson, a planetarium has been constructed in Darbhanga Bihar, super specialty hospital has been inaugurated by Hon'ble Health Minister Shri J.P Nadda in Darbhanga, Bhagalpur, Gaya and Muzafarpur. Almost in all the big cities of the state survey for metro rail is being carried out. On 13 of November widely applauded Prime Minister visited the state for inauguration of laying of underground gas pipeline amounting to Rs. 3600 crore in Darbhanga, Supaul, Madhubani, Sitamarhi, Sheohar and the people in all this area are full of zeal. Broadcasting from many FM radio stations. Has also been taken up in the state.

The construction- work for AIIMS Darbhanga is being expedited with cost of Rs. 1200 crore under leadership of hon. Prime Minister and the Health Minister Shri Gadkariji. Shrimati Nirmala Sitharamanji has presented the eighth consecutive budget and the budgetary allocations are being widely praised.

Dozens of bridges have been constructed on the river Ganges. Six- lane railway bridge on Rajendra-setu, six-lane bridge on Gandhi-setu, six-lane bridge in Deegha-ghat is a fruition of such budgetary allocations. The fertilizer in Barauni has also been revitalized by Hon'ble Prime Minister. He has also sanctioned in amount of Rs. 11,000 crore for solving the perennial problem of devastating flood in the state. All of us belong to Mithila region and Hon'ble Prime Minister has released of the Constitution of India in the language spoken by Mother Janki 7000 years ego in the Treta era. He has also honoured late Jananayak Karpoori Thakurji with Bharat Ratna. Whether it be expansion of Patna airport or construction of green field airport or renovation of IIT Patna or promoting tourism sector with development of the historical sites deleted to Lord Buddha all these items has been included in budget this year. Providing reservation to the EBC category and declaring it constitutionally valid has also fructified during the tenure of this government. Providing honour to the physically-handicapped, passage of Naari Sakti Vandan act has been another feather of governance. Now India is advancing to become the third largest economy of world and the government is working on that line. PM Vishwkarma scheme, PM Suryaghar Yojna, providing LPG connection, PM Swasthya Yojna, Jan-dhan Yojna, distributing free ration to 80 crore people, crop insurance scheme, has been implemented. Thank you.

***SHRI BALWANT BASWANT WANKHEDE (AMRAVATI):** Hon. Chairperson, thank you. I am too surprised like my other colleagues here that the budget presented by Finance Minister is a Union budget or a particular state's budget. It is necessary to talk on the future of the nation on the backdrop of 2025-26 budget. Government has announced a lot of schemes but it differs from the reality. The budget should consist of the issues related to Social justice, Education, Unemployment, Health, Agriculture, industrial growth etc. but it lacks everything. Hence, I oppose the bill. Hon'ble Chairperson, we are dreaming of becoming 3rd largest economy in the world, but we will not fulfill this dream. Indian economy belongs to the rural India. Farmers, Workers, and Youth are important stakeholders in this system. In this budget, this main component has been ignored. Our Prime Minister had said in 2014 that, we would double the income of farmers, but never told us how he would double the income. I am presenting the real picture here. In 2014, I had an yield of 18 quintal cotton in 1 acre, but this year only 8 quintal cotton I could yield.

Our budget talks about 5 years program of cotton development, but fails to explain how it is going to increase. There is no announcement for KG to PG education. There are many issues pending like Anganwadi Sevika's salary hike, teacher recruitment, lack of classrooms for education, absence of basic facilities in the schools. We are dreaming of tomorrow's developed nation. On backdrop of this, how we can think of tomorrow's developed nation? As of today, we are providing

* English translation of the speech originally delivered in Marathi.

free food grains to 80 crore Indians. We should not take pride in it. How we are going to make tomorrow a developed nation? Prime Minister said in his speech that he uplifted 25 crore people above the poverty line but didn't provide any logic or concrete analysis. He talked about uplifting of 25 crore people above the poverty line, but still providing free food grains to 80 cores people. If you calculate this, it is around 105 crore people. What about the actual condition of the rest of 35 crore Indians? Prime Minister didn't tell the exact situation of these 35 crore people. Hon. Chairperson, in my constituency at Melghat, one youth committed suicide for not getting wage payment under the MGNREGA scheme. We can imagine the economic picture of the nation through this incident. The numbers given by Prime Minister in President's Address were hard to believe, I don't know which agency provided this data.

Prime Minister said 4 core people got their houses. Earlier, he had said he'll give houses to all Indians, but in last 11 years, only manages to provide only 4 crore houses. At the same time, did not provide information about how many houses left for construction. Later, he said 12 crores toilets have been constructed in our county, but no data provided. In her speech, the government said that it has provided water through taps to 12 crore people without data. Later he claimed that the government identified more than 10 lakh people who are false beneficiaries of various schemes which may cost 3 lakh crore rupees. I'm going to seek all this information through RTI. Adding to this, he said under Swachh Bharat Mission, 2 lakh 300 crore got to treasury without any analysis. Under the Aayushman Bharat Scheme, 1 lakh 20 crore have been saved which is money of the citizens of this

country. He claimed it, but how? Around Rs. 30 crore have been saved due to Jan Aushadhi centers. But, how? Don't know. By cleaning their own houses, 70 crore people saved money. But, how? Nobody knows. What is this calculation? Adding to this, by doing soil testing, Rs. 30000 saved every acre, and it is claimed by the government.

Maharashtra government started Ulhas scheme. We don't know, who's brain working behind this scheme, but Maharashtra government doing pathetic work through this scheme. Under this scheme, government searching for people aged 35 to 70 who are illiterate and working for gaining literacy. But on the contrary, the children and all the younger students, are having less number of teachers in the school. But the government is trying to literate people who are aged and between 35 to 70. They say our Prime Minister is about to become Vishwa Guru but looking at the pathetic condition of this scheme, our PM cannot be Vishwa Guru.

I want to speak on distribution of social welfare fund under Union budget 2025-26. This budget deprives of funds for SC and ST community. Dr. B. R. Ambedkar said, "Democracy is a medium to bring the social and economic change in individual life. Political democracy should convert into social democracy. Otherwise, there would be a threat to democracy." As a part of constitutional duty, Part 4, article 36 to 51 in the Constitution of India, state should follow policy directives. Article 46 underlines educational, social and economic justice. In this budget, there is nothing for the deprived class, minorities, bahujans etc. If we have the agenda i.e. Samvidhan Pe Baat, Vikas Ke Saath, then we must stick to the Constitutional values. There should be honest efforts for it. If the efforts are honest,

we will give justice to deprived classes, minorities, bahujans etc.

We are unable to see our share of education, health, livelihood, employment and dignified life in this budget. I want to highlight the issues related to my constituency through this budget speech. There is a narrow-gauge train runs between Murtijapur to Achalpur, needs to be converted into broad-gauge. For this project, Maharashtra Government made some provision. Kindly approve this project and start it immediately. Nalganga Vainganga river linking project should also start as early as possible. I would request Civil Aviation minister, to look into Amravati Airport project issue and start the functioning of the airport as early as possible. The region has good cotton and oranges production, so kindly start a processing industry for it. There is cotton mill issue, which is pending. Many youth have committed suicide due to this pending issue. Salaries are not getting on time, growing unemployment is also an important issue. Due to the oppressive conditions of forest department, in the region of Melghat, many projects related to drinking water, electricity and other services have been cancelled. Marathi language has been accorded the classical language status by the government. This year, Marathi Bhasha Sahitya Sammelan is being organised here at Delhi. When this sammelan was organised at Ghuman, Punjab, the then railway minister arranged two trains free of cost to reach the venue. This government has given classical language status to Marathi, but charged triple fare for the Delhi journey with applicable waiting charges. Mahatma Jyotiba Phule once said, ‘society is like a plant and we are fruits of this plant’. We should work to uplift society. The budget should be based on these values. In this budget, allocation for social welfare fund is not up to the mark.

NDA is completing 11 years now, but still keep on asking what Congress has done during last 70 years. This Government is not going beyond, 'Hindu Khatre main Hai,' Emergency, Batenge Katenge, Ek hai toh safe hai etc. They always debate on emergency but. I am mentioning here with full confidence that, emergency was supported by RSS.

Lastly, I oppose this bill and conclude.

श्री सुदामा प्रसाद (आरा) : सभापति महोदया, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ कि आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया। मैं भोजपुर जिले की महान जनता का भी आपके माध्यम से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने मुझे जिता इस सदन में भेजा है।

महोदया, वर्ष 2025-26 के लिए 50,65,345 करोड़ रुपये का केन्द्रीय बजट कॉर्पोरेटों को राहत देकर आम जरूरतमंदों का बोझ बढ़ाने वाला बजट है।

महोदया, माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने इस सरकार का पहला आम बजट खाद्य वस्तुओं की बढ़ती मंहगाई, रुके हुए आर्थिक विकास, घटते रोजगार, गिरता रुपया, आम जन की घटती क्रय शक्ति, किसानों के आन्दोलन और विकासमान अर्थव्यस्थाओं पर ट्रम्प के अमेरिकी प्रशासन की धमकियों के बीच पेश किया है, जिसका ताजा उदाहरण अमेरिका द्वारा भारतीयों को घुसपैठिया कहकर, हाथ में हथकड़ी और कमर में जंजीर डालकर खूंखार अपराधियों की तरह अपमानजनक तरीके से भारत भेजने की घटना है।

महोदया, जनता एक ऐसा राहत देने वाला बजट चाहती थी जिसमें बढ़ रही आर्थिक विषमता कम हो और आम जनता की क्रय शक्ति बढ़े, लेकिन भाजपा सरकार ने पिछली गलतियां सुधारने के बजाय इस बार भी अमीर परस्त बजट ही पेश किया है।

मध्यम वर्ग को आयकर में कुछ राहत मिली है, लेकिन मजदूरों, किसानों और आम मेहनतकश जनता को मुश्किल हालातों में ऐसे ही छोड़ दिया गया है, जो चिन्ताजनक है। उन्हें राहत देने के लिए आवश्यक उपभोक्ता सामग्री पर जीएसटी में कमी करने और जनकल्याणकारी योजनाओं में खर्च बढ़ाने

की जरूरत को अनदेखा किया गया है। कॉरपोरेटों और अमीरों पर टैक्स बढ़ाने के लिए सरकार में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी साफ तौर पर उजागर हो रही है। निजी क्षेत्र के लगातार बढ़ रहे मुनाफे के बावजूद सरकार की प्राथमिकता अमीरों पर टैक्स बढ़ाने की जगह जनकल्याण, सामाजिक, कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में खर्च कम करने की है। यह बिल्कुल जनविरोधी दिशा है। केन्द्रीय योजनाओं पर सरकार ने पिछले साल बजट में घोषित मद से 93,978 करोड़ कम खर्च किये।

17.00 hrs

प्रधान मंत्री आवास योजना और नेशनल रूरल ड्रिंकिंग वाटर मिशन पर पिछले साल घोषित राशि का मात्र 50 प्रतिशत से भी कम खर्च किया गया। यही नहीं मनरेगा, ग्राम सड़क योजना अनुसूचित जाति के लिए स्कॉलरशिप आदि में भी की गई घोषणा से कम राशि खर्च की गई। महिला स्वास्थ्य और बाल विकास पर पूरी आबंटित राशि खर्च नहीं की गई और उल्टे इनके बजट में भी कटौती कर दी गई है। इस साल के बजट में कृषि और कल्याण विभाग का आबंटन घटा दिया गया है। खाद्य और जन-वितरण विभाग के बजट में भी कमी की गई है।

स्किल डेवलपमेंट और एंटरप्रिन्योरशिप के नाम पर पिछले बजट में काफी कुछ कहा गया, लेकिन इस मद में दिए गए 1,435 करोड़ में से सरकार ने मात्र 669 करोड़ रुपये ही खर्च किए। स्वास्थ्य पर भी वास्तविक खर्च पिछले साल की गई घोषणा से कम रहा। आशा, आंगनबाड़ी, मिड-डे-मील व अन्य स्कीम वर्कर्स को नियमित करने और कम से कम न्यूनतम मजदूरी देने की मांग को फिर से नकार दिया गया है, जबकि पिछले दिनों गुजरात हाई कोर्ट ने इन्हें स्थायी करने का फैसला दिया है। इसी तरह जग्गो बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले में केंद्र सरकार से अस्थायी, आकस्मिक और अनुबन्ध के आधार पर श्रमिकों की भर्ती बंद करने और उचित व स्थिर रोजगार प्रदान करने के लिए कहा गया है। बजट में इस आदेश को लागू करने के लिए वित्तीय आबंटन तो दूर कोई चर्चा तक नहीं की गई है। स्थायी नौकरियों को लेकर कोई नीति घोषित नहीं की गई, जिससे बेरोजगारी की समस्या और गहराएगी।

सरकार ने बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश को 100 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है, जबकि प्रधान मंत्री

फसल बीमा योजना में आबंटन घटाया गया है। जाहिर है कि देश के किसान और आम जन को बड़े निजी कॉरपोरेशन्स की दया पर छोड़ा जा रहा है। सरकार ने पिछले साल पूंजीगत निवेश बढ़ाने की घोषणा कर खुद ही अपनी तारीफों के पुल बांधे थे, लेकिन अब सच्चाई सामने आ रही है कि घोषणा से 1.84 लाख करोड़ रुपये कम खर्च किए गए हैं। इस बजट में जरूरी क्षेत्रों में खर्च न बढ़ाने से सरकार की गलत दिशा में जारी प्राथमिकताएं फिर से उजागर हुई हैं। आंकड़े स्पष्ट बता रहे हैं कि कुल बजट खर्च में दिख रही बढ़ोतरी का करीब 40 प्रतिशत तो लिए गए कर्ज का अतिरिक्त ब्याज चुकाने में ही खर्च हो जाएगा, जबकि जरूरतमंद आमजन पर बोझ बढ़ता जा रहा है। वहीं जीएसटी व इन्कम टैक्स की हिस्सेदारी कॉरपोरेट टैक्स से ज्यादा हो रही है। वर्ष 2014-15 में कॉरपोरेट टैक्स से 4.49 लाख करोड़ रुपये व आम जनता से 2.66 लाख करोड़ रुपये टैक्स से प्राप्त हुए। ये वर्ष 2023-24 में क्रमश: 9.11 लाख करोड़ रुपये एवं 10.45 लाख करोड़ रुपये हो गए।

यह बजट मोदी सरकार की अपनी क्रोनी पूंजीपतियों और कॉरपोरेट क्षेत्र के पक्ष में जारी आर्थिक अराजकता को पुन: स्थापित कर रहा है। मजदूरों की वास्तविक मजदूरी दर में आयी कमी और उनके नियमित रोजगार के कम हो रहे अवसर की सच्चाई को अनदेखा किया गया है, जबकि सरकार जानती है कि कॉरपोरेट टैक्स का मुनाफा चार गुना तक बढ़ गया है, फिर भी सरकार कॉरपोरेटों पर टैक्स नहीं बढ़ाना चाहती। ऐसे में यह बजट वर्तमान आर्थिक विषमता, घटती मजदूरी दर और घटते रोजगार के अवसरों पर हमला करते हुए कॉरपोरेटों के मुनाफे को और बढ़ाने वाला बजट है। यह बजट गरीबों की कल्याणकारी योजनाओं में कटौती, किसानों के लिए कोई राहत नहीं और स्कीम व अन्य मजदूरों की सुरक्षा की अनदेखी करने वाला बजट है। इससे आर्थिक असमानता और बढ़ेगी, बेरोजगारी व महंगाई की मार तेज होगी, जबकि कॉरपोरेट मुनाफे लगातार आसमान छूते रहेंगे।

सरकार का किसानों की आय दोगुनी करने का दावा पूरी तरह खोखला साबित हुआ है, क्योंकि कृषि और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए बजटीय आबंटन पिछले साल की तुलना में घटा दिया गया है। एमएसपी पर भी बजट चुप है। सरकार ने कॉरपोरेट टैक्स नहीं बढ़ाया, जबकि अब उनका कुल कर भुगतान व्यक्ति आयकर से भी कम हो गया है। वास्तविक मजदूरी घटी, लेकिन कॉरपोरेट मुनाफा

चार गुना बढ़ गया।

सरकार ने मिडिल क्लास को 12 लाख रुपये तक टैक्स में छूट देकर राहत दी है। गरीबों और मजदूर वर्ग का क्या? वे जीएसटी के रूप में सबसे अधिक कर का भुगतान करते हैं। इसमें कोई छूट नहीं है। आप गरीबों और श्रमिक वर्ग से बढ़ती कीमतों से लड़ने की उम्मीद कैसे करते हैं?

भारत एक युवा देश है, फिर भी बजट में सार्वजनिक वित्त पोषित कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों की संख्या बढ़ाने की बात नहीं की गई है। नई शिक्षा नीति, 2020 आने के बाद लोगों को सरकारी संस्थानों में भी पढ़ने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। अब नई शिक्षा नीति में पब्लिक फंडेड मॉडल को अब लोन बेस्ड मॉडल में बदल दिया गया है। बीमा क्षेत्र में सौ प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देकर सरकार ने किसानों और आम लोगों को निजी कंपनियों के भरोसे छोड़ दिया है।

देश जातीय जनगणना कराकर संख्या के आधार कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका में आरक्षण की सीमा बढ़ायी जाए। देश में भूमि सुधार लागू करने के लिए भूमि सुधार आयोग का गठन किया जाए। सभी भूमिहीनों को आवास, कृषि भूमि और पक्का मकान दिया जाए। देश में सिलिंग एक्ट कानून को सख्ती से लागू किया जाए। देश के खुदरा और थोक व्यावसाय की दशा सुधारने के लिए व्यावसायिक आयोग का गठन किया जाए, खासकर फुटपाथ दुकानदारों, छोटे और मंझौले व्यावसायियों को पांच वर्ष के लिए दो-दो लाख रुपये का ब्याज मुक्त कर्ज दिया जाए। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए। सोन नदी में प्रस्तावित इन्द्रपुरी जलाशय के निर्माण तथा नहरों के पक्कीकरण का कार्य शीघ्र किया जाए। बटाइदार किसानों को पहचान पत्र दिया जाए।

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक (मुजफ़्फ़रनगर) : सभापति महोदय, यह बजट देश की जनता के साथ बड़ा खिलवाड़ है। भारतीय जनता पार्टी धोखा देकर सत्ता में आयी और लाठी लेकर सत्ता में बैठी। इस बजट में कहीं भी आम आदमी के हित की कोई बात नहीं है। किसान, नौजवान, बहन-बेटी किसी का इसमें तरक्की का उल्लेख नहीं है। ये किसानों की आय दोगुनी करने की बात करते हैं। किसान के इनपुट की कीमत बढ़ा दी गई है, आपको जानकर ताज्जुब होगा, हम लोगों को आशा थी कि कृषि यंत्र ट्रैक्टर से जीएसटी हटायी जाएगी, परंतु ऐसा नहीं हुआ। कीटनाशक और उर्वरक पर सब्सिडी बढ़ने की उम्मीद

थी, लेकिन इसका उल्टा हुआ। मेरे जनपद मुजफ्फरनगर में आपके ही लोग फर्जी खाद बना रहे हैं, इभको और कृभको को फर्जी पोटाश सप्लाई कर रहे हैं। 27 रुपये क्विंटल राख खरीदकर पोटाश कहकर बेच रहे हैं। सब जानते हैं कि राख नेचुरल होता है, उसमें पोटाश होता ही है।

हमें उम्मीद थी कि सरकार किसानों की फसल खरीदने का काम करेगी, एमएसपी को लेकर आज भी किसान आंदोलनरत हैं। सरदार डल्लेवाल साहब कितने दिनों से अनशन पर बैठे हैं, लेकिन सरकार को फुर्सत नहीं है, लेकिन इनको किसानों की आमदनी दोगुनी करनी है। आज किसान का गेहूं बीस से बाइस रुपये किलो बिकता है, जब वही आटा पीस कर आता है तो 47 रुपये किलो हो जाता है, वह ब्रांडेड हो जाता है। हमारे जनपद में जितने भी कारखाने हैं, उन पर कुछ लोगों का कब्जा हो गया है। सरकार मजदूरों के हित की बात नहीं कर रही है, मनरेगा में मजदूरी 270 रुपये है, मजदूर साढ़े चार सौ रुपये में मिलता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मजदूरी 200 रुपये रखी है, ये सब फर्जी आंकड़े हैं। आज की तारीख में अमीर और अमीर हो रहा है, गरीब और गरीब हो रहा है।

जहां तक नौजवानों के लिए रोजगार की बात है। बैंकों की स्कीम लाते हैं, बैंक में खुद उतना ही भ्रष्टाचार है, जितना सरकार में है। आज सच्चाई यह है कि सरकार में बैठे लोग धनाढय होते जा रहे हैं, तीन एकड़ के किसान तीन चार हजार करोड़ के आदमी हों गए, यह सरकार का ही कमाल है। छात्रों की शिक्षा की बात की गई। आजादी के मतवाले कहा करते थे, सिंचाई मुफ्त होगी, शिक्षा मुफ्त होगी, दवाई मुफ्त होगी, लेकिन आज शिक्षा को गरीब किसान के बच्चे के हाथ से किताब छीन ली गई है। मेडिकल शिक्षा हो, इंजीनियरिंग शिक्षा हो या अन्य प्रोफेशनल कोर्स की शिक्षा हो, आज ये शिक्षा बहुत महंगी हो गई है। अब गरीब का बच्चा अम्बानी और अडानी का मजदूर बनेगा, ऐसी ही सरकार की नीति है। हमें उम्मीद थी कि इस बजट में सरकार कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने का काम करेगी, परंतु ऐसा कुछ नहीं हुआ। आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश कैंसर से बहुत ज्यादा ग्रस्त है।

वह प्रदूषण के कारण ग्रस्त है। सरकार आंख मूंदे बैठी है। ऐसा कोई गांव नहीं है, जिसमें आठ से दस तक कैंसर के मरीज न हों। हम लोग मांग करते रहे कि आप कम से कम पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मुजफ्फर नगर में एक कैंसर अस्पताल खोल दें। आज इन्होंने डिटेक्शन सेंटर की बात की है, लेकिन

यह जमीन पर तब आएगा जब आधी आबादी कैंसर से मर चुकी होगी। आज कैंसर, हृदय रोग क्यों फैल रहा है, पक्षाघात क्यों हो रहा है? इसकी जांच कराने की ये बात नहीं कर रहे हैं। हमारे यहां का जो मरीज एम्स आता है, वह बहुत किराया खर्च करके आता है। उसे एक साल से लेकर 2 साल तक का समय मिलता है और जब उसकी बीमारी का इलाज होने का समय आता है, तब तक उसकी जीवन लीला समाप्त हो जाती है। वह मोक्ष को प्राप्त हो जाता है।

महोदया, हमारा जनपद एनसीआर में है। जब से हमारा जनपद एनसीआर में आया, हमारा जीवन दूभर हो गया। विकास का कोई काम मुजफ्फरनगर या शामली में नहीं हुआ। अलबत्ता कितने प्रतिबंध लग गए। किसान 15 साल पुराना ट्रैक्टर नहीं चला सकता। किसान कार नहीं चला सकता। हमारी मांग है कि इस एनसीआर से हमारा पल्ला छुड़ाइए। हमें महारोग लगता है, महा बीमारी लगती है। इसे एनसीआर से बाहर कर दें या इन प्रतिबंधों को हटा दें। उद्योगों पर भी प्रतिबंध है। इसके साथ-साथ एक रैपिड रेल चली। उसकी बड़ी चर्चा थी कि वह मुजफ्फरनगर तक जाएगी। हम मांग करते हैं कि मेरठ के स्थान पर उसे सहारनपुर तक चलाइए व बिजनौर भी भेजिए। रैपिड रेल चलाने की ये बात करते हैं। अब बच्चों की बात करते हैं। ये कहते हैं कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ। अयोध्या की बेटी के साथ क्या हुआ? बहन-बेटी सुरक्षित नहीं हैं। ये बार-बार कहते हैं, लेकिन उसका उल्टा करते हैं। हमने मांग की थी। हमें अपेक्षा थी कि गांव- गरीब की बेटी, किसान की बेटी शहर में आकर स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर सके, इस हेतु आप छात्रावास की व्यवस्था करेंगे, लेकिन छात्रावास नहीं हैं। गांवों में उच्च शिक्षा संस्थान नहीं हैं। शहर में छात्रावास नहीं हैं। ऐसे में हम क्या करेंगे, यह हमारी समझ से परे का मामला हो गया है।

मैडम, लड़कियां पढ़ने से रह जाती हैं। एक हजार बेडों का कैंसर का अस्पताल लखनऊ में बना हुआ है, लेकिन बदकिस्मती है कि सरकार राजनीति के फेर में आकर अस्पताल में डॉक्टर नियुक्त नहीं कर रही, क्योंकि अस्पताल अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में समाजवादी सरकार ने बनाया था। यहां पंकज चौधरी जी बैठे हुए हैं। ये बड़े सीनियर मेंबर हैं। ये राज्य मंत्री बने हुए हैं। ये बहुत वरिष्ठ हैं और इनकी कनिष्ठ इनकी सीनियर हैं। ये कह रहे हैं कि किसान को 3 लाख रुपये से 5 लाख रुपये का कर्जा

दे दिया। हम कहते हैं कि आप किसान को कर्ज से मुक्त करें। आपने किसान को कर्ज के जाल में फंसाकर अपना गुलाम बना लिया है। आज कोई किसान ऐसा नहीं है, जिसकी जमीन के कागज बैंक में न रखे हुए हों। आदरणीय चौधरी जी, आप भी किसान हैं। वैसे तो मसाले आदि का बहुत काम है, लेकिन आप किसान भी हैं। किसान क्रेडिट कार्ड के बिल का जब रिन्यूअल कराता है, तो उसे अपना सारा पैसा जमा करना पड़ता है। उसके पास कौन-सा व्यापार है कि सारा सामान बेचकर वह पैसा ले आएगा? सब जानते हैं कि बैंकों के बाहर दलाल बैठे हैं। वे उसे 10 रुपये रोज पर देते हैं। जिस तरह दुकानदान की सीसी लिमिट रिन्यूअल होती है, इस पर तो कोई वित्तीय भार नहीं पड़ रहा। किसान के क्रेडिट कार्ड का भी 3 साल के लिए आप उसी तरह से रिन्यूअल कर दें। आप ब्याज जमा करा दें, तो शायद अच्छा रहेगा। किसान को लूट से बचाने के लिए आपको कुछ प्रयास तो करना पड़ेगा।

महोदया, प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना है, 5 साल की गारंटी है। जो 3 साल पहले बनी थी, वह टूट गई और उसमें गड्ढे हो गए। कोई उसे नहीं देखता। एनएचएआई में काम हुआ, लेकिन में एक अनुरोध करना चाहता हूं कि एनएच58 जो दिल्ली से देहरादून मार्ग है, उस पर जब चलते हैं और मेरठ पार करते हैं तो एक्सिडेंट होने शुरू हो जाते हैं। जड़ौदा, संधावली, कुकड़ा, रोहिल्ला के पास फ्लाई ओवर ब्रिज बने बिना काम चलने वाला नहीं है, लेकिन कोई देखने-सुनने वाला नहीं है। सब ठेकेदार इनकी कृपा पर जाते हैं और लूट-खसोटकर चले आते हैं। हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का रोटी-बेटी का रिश्ता है। हम आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करते हैं कि करनाल से बिजनौर तक, वाया शामली मुजफ्फर नगर और पानीपत से मेरठ तक एक रेल रूट बनाया जाए, ताकि पश्चिम के लोग भी वहां रह सकें व जा सकें।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि माननीय वित्त मंत्री जी जब उत्तर दें तो इन बातों का समावेश करें। इस बारे में वे कुछ कहें। वे मना करें या हाँ करें, वे कुछ तो कहें। बहरहाल वे बहकना छोड़ दे।

आप सरदार डल्लेवाल का पता लगाइए। मेरा यह भी अनुरोध है कि जिन लोगों ने किसान आंदोलन में हरियाणा-पंजाब बॉर्डर पर आंसू गैसे के गोले छोड़े थे, उनको चिह्नित करके उनके विरुद्ध

मुकदमें दर्ज किए जाएं और उनमें शामिल सभी अधिकारियों को सस्पेंड किया जाए।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्रीमती लवली आनंद (शिवहर) : आदरणीय सभापति महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आपने मुझे आम बजट 2025-26 पर बोलने का समय दिया।

माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 का यह आम बजट प्रस्तुत हुआ है। यह काफी उदार और देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना साकार करने वाला बजट अगले 25 वर्षों की अर्थव्यवस्था का आधार बनेगा। गरीब, युवा, मध्यम वर्गों, अन्नदाता, किसानों, वंचितों और नारी शक्ति के भविष्य को ध्यान में रखकर बजट का प्रारूप आया है। इसके लिए मैं माननीया वित्त मंत्री जी एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का अभिनंदन और दिल की गहराइयों से धन्यवाद दे रही हूं।

आदरणीय महोदया, मैं मिथिलांचल क्षेत्र शिवहर, बिहार से आती हूँ। यह पूर्णरूपेण बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है। वहां के लोग गरीबी और फटेहाली की स्थिति में हैं। हमारे यहां एक ही फसल सही ढंग से हो पाती है, क्योंकि प्रतिवर्ष पूरा मिथिलांचल एवं उत्तरी बिहार बाढ़ की चपेट में आ जाता है। वहां के मखाना किसानों के कल्याण के लिए माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा बिहार में 'मखाना बोर्ड' की स्थापना का प्रस्ताव काफी हर्ष की बात है। निःसंदेह यह बोर्ड मखाना किसानों के लिए वरदान साबित होगा। स्थानीय मखाना किसानों को पथ प्रदर्शन और प्रशिक्षण सहायता उपलब्ध कराने में बोर्ड मदद करेगा। मखाना का उत्पाद, प्रसंस्करण, विपणन एवं उचित मूल्य मखाना किसानों को मिलेगा। वहां समृद्धि होगी, उनकी आय बढ़ेगी, इसके लिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी को पुनः धन्यवाद देती हूं। इसी प्रकार मिथिलांचल में 'पश्चिमी कोसी नदी परियोजना' का प्रस्ताव भी क्षेत्र के लोगों के लिए विशेषकर किसानों के लिए काफी खुशी की बात है। सरकार 'पश्चिमी कोसी नहर परियोजना' के लिए वित्तीय सहायता देगी, जिससे बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र में करीब 50,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर बड़ी संख्या में खेती करने वाले किसानों को लाभ मिलेगा और समुचित सिंचाई की सुविधा मिलेगी, साथ ही बाढ़ से भी राहत मिलेगी। इसी क्रम में 'उड़ान योजना' के अंतर्गत हवाई अड्डों का विस्तार एवं विकास के लिए 'ग्रीन फील्ड

एयरपोर्ट' बिहार को देने का प्रस्ताव है। यह पटना और बिहटा के लिए चल रही विस्तार परियोजना के अतिरिक्त है।

मुझे आशा है कि बिहार को नया एयरपोर्ट जल्द मिलेगा। इससे स्थानीय स्तर पर विकास एवं रोजगार के अवसर प्राप्त होगा। वर्तमान में दरभंगा एयरपोर्ट कुछ ही वर्ष पहले आम यात्रियों के लिए आरंभ हुआ है। वहां अभी छोटा रनवे है और उसे विस्तार की आवश्यकता है। वहां रात में भी विमान लैंडिंग की सुविधा होनी चाहिए। टर्मिनल और यात्री सुविधा का भी विस्तार होना चाहिए। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से मांग करती हूं कि दरभंगा हवाई अड्डे के विकास की परियोजना को इसी बजट में मंजूरी देने की कृपा करें।

आदरणीय महोदया, बिहार अति पिछड़ा प्रदेश है। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए राज्य सरकार एवं हमारे माननीय मुख्यमंत्री जी काफी प्रयासरत हैं। केंद्र के द्वारा काफी वित्तीय सहायता मिल रही है, किंतु अभी तक यह विषय केंद्र के पास लंबित है। इस पर विचार करने की आवश्यकता है। विशेष राज्य का दर्जा मिलने से वहां औद्योगिक विकास होगा।

मिथिलांचल में, विशेषकर शिवहर में इथेनॉल की फैक्ट्री, कोल्ड स्टोरेज और एक कागज की फैक्ट्री लगाने की अपार संभावनाएं हैं। इसे स्थापित करने के लिए विशेष सुविधा केंद्र सरकार प्रदान करे, यह मेरी मांग है।

इस बजट में रेलवे को बिहार के लिए 10 हजार 66 करोड़ रुपये आवंटन किया गया है। 98 रेलवे स्टेशनों का अमृत स्टेशनों की परियोजना के तहत विकास कार्य जारी है। बिहार को 12 वंदे भारत ट्रेन्स मिली हैं। दरभंगा और आनंद विहार के बीच एक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की मंजूरी मिली है, किंतु यह बड़ी अफसोस की बात है कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी मेरा संसदीय क्षेत्र शिवहर अभी तक रेल सेवा से वंचित है।

मैं बार-बार इसकी मांग करती हूं। मैं फिर से आदरणीय रेल मंत्री जी से आग्रह करती हूं कि वे इस दिशा में तेजी से काम करने की मंजूरी दें।

आदरणीय महोदया, मैं माननीय वित्त मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करती हूं कि उन्होंने पटना,

आईआईटी के विस्तार के लिए प्रस्ताव किया है। आने वाले पांच वर्षों में देश में 75,000 मेडिकल सीट्स को बढ़ाने की योजना प्रस्तावित है। इसी क्रम में देश के सभी जिलों में एक मेडिकल कॉलेज की घोषणा के तहत मैं मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की मांग करती हूं। वित्त मंत्री जी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाओं की घोषणा की है। 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई इन्कम टैक्स नहीं लगेगा, यह कदम बहुत ही सराहनीय है।

महोदया, मैं भगवान बुद्ध की जन्मस्थली तथा पर्यटन स्थल में विस्तार और सौंदर्यीकरण की सराहना करती हूं। इसके साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहती हूं कि देश की आधी आबादी के लिए काफी कारगर होगा कि किसी भी देश की प्रगति का रास्ता महिलाओं के विकास पर ही निर्भर करता है। जिस देश की नारी शक्ति शिक्षित और आत्मनिर्भर होगी, वह देश उतनी ही तरक्की करेगा। जब बिहार मजबूत होगा, तो देश मजबूत होगा। हमारे बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी बिहार के बारे में चिंतित रहे हैं।

आप देखिए कि केन्द्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण और तीन तलाक कानून पास किया गया है, ताकि महिलाएं सशक्त हो सकें। आज महिलाएं पुरुषों के साथ-साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश के आर्थिक अभियान में सहयोग कर रही हैं। यह हर्ष की बात है। इसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी पर गर्व करती हूं। मैं यह भी कहना चाहूंगी कि बिहार में वृद्धावस्था पेंशन मात्र 400 रुपये है, उसे बढ़ाकर 2,500 रुपये करने की कृपा की जाए। बेरोजगारी भत्ता 5,000 रुपये तथा नौजवानों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले, मैं इसकी भी मांग करती हूं।

माननीय वित्त मंत्री जी ने मिथिला प्रिंट की साड़ी पहनकर बजट भाषण दिया था, इससे उन्होंने मिथिलावासियों का मान-सम्मान बढ़ाया है। उद्यमी महिलाओं का जो मान-सम्मान बढ़ा है, इसके लिए भी मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। अब मैं अपनी वाणी को विराम देती हूं। मैं बजट 2025-26 का समर्थन करती हूं।

जय हिन्द, जय बिहार, जय शिवहर, जय मिथिलांचल।

श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान (रतलाम) : सभापति जी, आपने मुझे बजट 2025-26 के पक्ष में

बोलने की अनुमति दी है, इसलिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं।

भारत की विकास यात्रा के अमृत काल को आज मोदी सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। नीतियों एवं नियमों में गरीब, मध्यम, युवा, महिलाओं तथा किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को ऋण की सुविधा मिलती है। इस बजट में तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया जाएगा। किसान इस ऋण को लेकर कृषि संबंधित अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर पाएगा। यह किसान क्रेडिट कार्ड किसानों के लिए बहुत ही राहत देने वाला कार्ड है। इसके लिए मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देती हूं।

प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। जो शीशमहल में रहते हैं, जो लाल मिर्च पकाने की बात करते हैं, उन्हें क्या पता कि एक गरीब के लिए प्रधानमंत्री आवास क्या होता है। जिसको घर मिलता है, वह मोदी जी को धन्यवाद देता है, जिसका नंबर नहीं आता है, वह अपनी बारी का इंतजार करता है। गरीब सोचता है कि वह अपनी बेटी का विवाह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास में करा सके और अपनी बेटी के ससुराल वालों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मिले उस गैस-चूल्हे पर चाय-नाश्ता बनाकर प्रधानमंत्री आवास में करवा सके। यह एक गरीब का सपना है। मैं माननीय मोदी जी को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने गरीब बहन-बेटियों की चिंता की है।

सभापति जी, जब महामहिम राष्ट्रपति जी अभिभाषण दे रही थीं, तब वह गरीब के हित और उसके उत्थान के लिए बोल रही थीं। देश के सर्वोच्च पद को सुशोभित करते हुए एक ममत्व का भाव लिए मैं एक माता और बड़ी बहन के रूप में उन्हें देख पा रही थी, लेकिन विपक्ष के लोगों ने उनको …* कहकर …* किया है। एक महिला होकर, महिला का उच्च पद उन्हें रास नहीं आ रहा है। एक आदिवासी महिला होने के नाते मैं विपक्ष के लोगों द्वारा बोल गए उन शब्दों की कड़ी निंदा करती हूं। मुझे गर्व है कि मेरे भारत देश की राष्ट्रपति एक गरीब आदिवासी महिला हैं।

---

* Not recorded as ordered by the Chair.

विपक्ष के लोग बोल रहे थे कि मोदी सरकार हर बार एक ही तरह के कार्य करती है। मोदी जी की सरकार अगर एक ही तरह के कार्य करती तो भारत पांचवी अर्थव्यवस्था नहीं बना होता और तीसरी अर्थव्यवस्था बनने नहीं जा रहा होता। मेरी मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के 97 प्रतिशत लोग खेती पर निर्भर हैं। किसान का बेटा-बेटी खेती को वैज्ञानिक तरीके से कर पाए, कम खेती में अधिक पैदावार कर सके, खेती की पढ़ाई कर सके, उसके लिए मेरे संसदीय क्षेत्र झाबुआ, अलिराजपुर में एक कृषि महाविद्यालय की मांग आपके माध्यम से करना चाहती हूं, ताकि आदिवासी भाई बहन भी आगे बढ़ सकें। माननीय वित्त मंत्री जी को इस बजट के लिए धन्यवाद और शुभकामनाएं देती हूं।

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला (झुन्झुनू) : सभापति जी, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे बजट 2025-26 पर बोलने का अवसर दिया। किसी भी सरकार का बजट इस बात का द्योतक नहीं होना चाहिए कि रुपया कहां से आता है और कहां जाएगा। जब कोई बजट आने वाला होता है तो देश के करोड़ों लोगों की उससे आशाएं और आकांक्षाएं होती हैं तथा वह उसमें परिलक्षित भी होनी चाहिए, लेकिन मुझे खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि वित्त मंत्री जी के 2025-26 के बजट में इन सब बातों का अभाव है।

महोदया, सरकार ने इस बजट में कृषि को प्रगति का इंजन बताया है और दूसरी तरफ कोई ऐसा कदम नहीं उठाया गया है, जो कृषि को बढ़ावा दे, कृषि को लाभकारी बनाए और किसानों की आय को बढ़ाएं। वर्ष 2014 में जब ये लोग सत्ता में आए थे तो कहा था कि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करेंगे। इन्होंने रिपोर्ट को तो लागू नहीं किया, लेकिन तीन ऐसे कानून लेकर आए, जो न किसानों ने मांगे थे और न किसी ने मांग की थी। ये किसानों को तकलीफ देने वाले कानूनों को लेकर आए। किसानों ने संघर्ष किया और अगर यह सरकार पहली बार किसी के आगे झुकी तो किसानों के सामने झुकी। उसी बात का मलाल इस सरकार को है और किसानों से बदला लेने के लिए हर वह कार्रवाई कर रहे हैं, हर वह कदम उठा रहे हैं, जो किसानों के हित के नहीं हैं। सदन में चाहे खाद की बात आई, डीजल की बात आई, ट्रैक्टर पर जीएसटी की बात आई, लेकिन इस सरकार ने किसी भी चीज में किसानों को राहत नहीं दी। बहुत जोर-शोर से कहा गया कि हम तिलहन के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाएंगे, लेकिन एक करोड रुपये का बजट रखा है। यह बहुत बड़ा देश है। इसमें एक हजार रुपये क्या मायने

रखते हैं? इन्होंने न किसानों की कोई आय बढ़ाने का कोई काम किया, न किसानों की जमीन की हेल्थ सुधारने का कोई काम किया और किसानों को सच्चाई के लिए अच्छी तरह से पानी मिले, उसके लिए भी कोई काम नहीं किया।

सभापति महोदया, सबसे बड़ी बात यह है, जिसके लिए पूरे देश के किसान आंदोलनरत हैं तथा हरियाणा, पंजाब, यूपी के ज्यादा हैं। अन्य राज्यों और आपके निर्वाचन क्षेत्र के भी किसान आंदोलनरत हैं। सरकार ने एमएसपी की गारंटी देने की बात कही थी, लेकिन इस सरकार ने उसको इज्ज़त का सवाल बना रखा है और जो किसान दिल्ली आना चाहते हैं, उनको दिल्ली तक नहीं आने दे रहे हैं। कृषि के बारे में यह इनकी सोच है। इन्होंने कृषि का बजट लगभग उतना ही रखा है। जो बढ़ाया है और इन्फ्लेशन को जोड़ें तो इनका बजट नेगेटिव ही है। स्वास्थ्य के बारे में ये बहुत बढ़-चढ़कर बोल रहे हैं कि हम हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोल रहे हैं। यह योजना भी यूपीए सरकार ने शुरू की थी। जब मनमोहन सिंह जी देश के प्रधानमंत्री थे और गुलाम नबी आजाद देश के स्वास्थ्य मंत्री थे, उस समय यह योजना चालू की गई थी। मेरे स्टेट में भी सात मेडिकल कॉलेज शुरू किए गए थे। आप मेडिकल कॉलेज खोलिए, यह अच्छी बात है, लेकिन स्थिति है कि न वहां पर इंफ्रास्ट्रक्चर है, न मशीनें हैं, न फैकल्टी है और जब मान्यता देने के लिए चिकित्सा आयोग की जांच जाती है तो 50 साल पहले जो सरकारी क्षेत्र के कॉलेज कार्यरत हैं, उनकी फैकल्टी को वहां बुलाते हैं। अगर एक जिले में जाते हैं तो वहां बुलाते हैं, दूसरे जिले में जाते हैं तो वहां बुलाते हैं। अभी कुछ दिल पहले चर्चा हो रही थी कि अब स्टूडेंट्स यूट्यूब से पढ़ते हैं, जहां फैकल्टी नाम की कोई चीज नहीं है। ऐसे में कैसे अच्छे डॉक्टर तैयार होंगे, कैसे लोगों को हम अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं दे पाएंगे?

ये लोग हमारे नेताओं की बहुत सारी आलोचनाएं करते हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की आलोचना करते हैं, इंदिरा जी की आलोचना करते हैं, राजीव जी की आलोचना करते हैं, मनमोहन सिंह जी की आलोचना करते हैं, यूपीए के प्रधान मंत्री हों या कांग्रेस के प्रधान मंत्री हों या कांग्रेस के समर्थन से जो सरकार चली उसके प्रधान मंत्री हों, सबकी आलोचना करते हैं। 11 साल हो गए हैं लेकिन एक भी मेडिकल इंस्टिट्यूट ये दिल्ली के एम्स के लेवल का नहीं बना पाए हैं। डब्ल्यूएचओ का मानदंड है कि

जीडीपी का पांच परसेंट हेल्थ केयर सेक्टर पर, हेल्थ सेवाओं पर, हेल्थ के इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च करना चाहिए। लेकिन, ये उसके कहीं भी नजदीक नहीं हैं। इनकी खुद की वर्ष 2017 की स्वास्थ्य नीति थी कि ढाई परसेंट खर्च करना है। उसके भी ये लोग कहीं नजदीक नहीं पहुंचे हैं। आज देश में उप-स्वास्थ्य केन्द्र देखें, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देखें, जिला अस्पताल देखें, जिले का मेडिकल कॉलेज देखें, कहीं वह इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है जो विश्व स्तर का कहा जा सके। फिर भी वाह-वाही लूट रहे हैं कि हम इस तरह की व्यवस्था कर रहे हैं। हम राजस्थान में 25 लाख रुपये एक व्यक्ति को इलाज के लिए बिना किसी शर्त के देते थे। पांच लाख रुपये की इनकी आयुष्मान भारत योजना को ये ठीक ढंग से नहीं चला पा रहे हैं। हेल्थ केयर सेक्टर में जो सरकारी चिकित्सा संस्थान हैं, उनको कमजोर किया जा रहा है और जो निजी क्षेत्र के चिकित्सालय हैं, उनको बढ़ावा दिया जा रहा है। इस बजट में भी उसी ओर ध्यान दिया गया है। आप शिक्षा को ले लीजिए जहां हजारों-लाखों पद प्रारम्भिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा में खाली पड़े हैं। हायर एजुकेशन की स्थिति यह है कि दुनिया के जो दो सौ इंस्टिट्यूट्स हैं, जो टॉप के हैं, उनमें एक भी भारत का सरकारी क्षेत्र का इंस्टिट्यूट नहीं है।

ये हमारे नेताओं की बहुत आलोचना करते हैं। इंदिरा जी ने दिल्ली में जेएनयू बनाया था। 11 साल में ये एक भी जेएनयू लेवल की सरकारी यूनिवर्सिटी स्थापित नहीं कर पाए हैं। खाद्य क्षेत्र में आप देख लीजिए तो इंदिरा जी ने खाद्य में देश को अत्मनिर्भर बनाया। उसकी बात नहीं करते हैं और कहते हैं कि 80 करोड़ लोगों को हम खाद्य सामग्री दे रहे हैं। यह आप उस किसान के बलबूते पर दे रहे हैं, जो देश में अनाज पैदा करता है। इंदिरा जी की नीतियों के बलबूते पर आप दे रहे हैं। इस बजट में पशुपालन पर एक शब्द भी नहीं कहा गया, जो कृषि का बहुत बड़ा कम्पोनेंट है, किसान की आय का बहुत बड़ा कम्पोनेंट है।

17.34 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)

आप इनकी कल्याणकारी योजनाओं की बात कर लीजिए। कल्याणकारी राज्य की जो अवधारणा थी, उसको ये नेस्तनाबूद कर रहे हैं। सोशल सिक्योरिटी में आप देख लीजिए। आंगनवाड़ी को देख लीजिए। 80-90 हजार पद पूरे देश में आंगनवाड़ी कार्यकताओं के खाली पड़े हैं। 70-75 हजार

पद आशा सहयोगी बहनों के खाली पड़े हैं। बहुत सारे आंगनवाड़ी केन्द्र बिना भवन के चल रहे हैं। सोशल सिक्योरिटी में चाहे एससी-एसटी छात्रवृति को लें या ओबीसी छात्रवृति को लें या अल्पसंख्यक के कल्याण की योजनाओं की बात करें या हमारे एससी भाइयों के कल्याण की योजनाओं की बात करें, एसटी भाइयों और ओबीसी भाइयों के कल्याण की योजनाओं के लिए बजट एलोकेशन ये लोग घटाते चले जा रहे हैं। आज स्थिति यह है कि राज्यों पर ये बहुत बड़ा भार डाल रहे हैं।

केपिटल एक्सपेंडिचर की बात आयी। मेरे एक साथी बोल रहे थे। इस बजट में इन्होंने यह प्रदर्शित करने की कोशिश की है कि सरकार केपिटल एक्सपेंडिचर नहीं करेगी। हम इसमें निजी क्षेत्र को बढ़ावा देंगे।

युवाओं के लिए रोजगार की बात आई है। शुरूआत में प्रतिवर्ष दो करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात थी, उस हिसाब से अब तक 20 करोड़ लोगों को रोजगार मिल जाना चाहिए था। इस बजट में ऐसी कोई बात नहीं की गई कि रोजगार को कैसे बढ़ाया जा सकता है। खेती, जो 46 परसेंट लोगों को रोजगार देती है, उसके लिए कोई बात नहीं हुई है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, जो कि बहुत बड़ी संख्या में रोजगार देता है, उसकी इस बजट में कोई बात नहीं हुई है। सर्विस सेक्टर बड़ी संख्या में रोजगार देता है, उसकी कोई बात नहीं की गई है। यहां कहा गया कि हम परमाणु संयंत्रों या परमाणु क्षेत्र में काम करने के लिए निजी क्षेत्र को भी खोलेंगे।

अध्यक्ष जी, आपको याद होगा कि जब अमेरिका और भारत के बीच में परमाणु सहयोग के लिए संधि हुई तो यही लोग थे, जिन्होंने सरकार को गिराने की कोशिश की थी, कठघरे में लाने की कोशिश की थी और आज ये उसी बात को मान रहे हैं कि वह समझौता अच्छा था।

माननीय अध्यक्ष : देश अब उसी से बदलेगा। ठीक है, धन्यवाद।

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला : अध्यक्ष जी, यहां पर 'उड़ान योजना' की बात आई है। मेरे राजस्थान के साथी यहां पर हैं। चूँकि आपके यहां पर अभी तक हवाई अड्डा ही नहीं बना है, लेकिन आप बहुत प्रयत्नशील हैं। बीकानेर से हमारे माननीय सदस्य आते हैं, जो सरकार के हिस्सा भी हैं। मैं पूछना चाहता हूँ कि बीकानेर में उड़ान योजना की क्या स्थिति हुई? उड़ान उड़ी नहीं, उससे पहले ही नीचे उतर गई। उड़ान

योजना कहीं पर भी धरातल पर नहीं है।

माननीय अध्यक्ष : फिर तो आप झुन्झुनू में एयरपोर्ट की मांग मत कीजिए।

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला : अध्यक्ष जी, झुन्झुनू में पहले से ही हवाई पट्टी है, लेकिन वहां पर उड़ान नहीं है। वहां के उद्योगपति अपना निजी प्लेन लेकर आते हैं, उनके लिए निजी हवाई पट्टी भी है। अगर उड़ान बीकानेर में नहीं हुई तो मेरे यहां पर कहां से होगी? … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप कनक्लूड कीजिए।

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला : अध्यक्ष जी, यहां पर बहुत सारी बातें आई हैं। मेरा आपसे आग्रह यह है कि बिजली के सेक्टर में आपने राज्यों पर भार डाल दिया। पहले आप 'उदय योजना' लेकर आए थे, लेकिन उसकी कोई चर्चा नहीं है। इंफ्रास्ट्रक्चर की बात ले लीजिए। इस बजट में कहा गया है कि हम पीपीपी मॉडल पर बात करेंगे।

अध्यक्ष महोदय, आप कनक्लूड करने के लिए बोल रहे हैं तो मैं आपके माध्यम से मेरे क्षेत्र के एक-दो विषयों को उठाना चाहूंगा। पिछले दिनों मैंने पढ़ा था कि इस सरकार ने राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड को 10 हजार करोड़ रुपये का पैकेज दिया है। खेतड़ी में हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड है, जो कि मिनी नवरत्न है। वह उस धातु को बनाता है, जो हमारे देश की डिफेंस के लिए बहुत उपयोगी है। उस धातु का वहां पर खनन होता है। वहां पर पहले उसका संयंत्र था और वह धातु वहीं पर बनती थी, लेकिन अब उसे बंद कर दिया गया है। जब आप भारतीय इस्पात निगम को पैकेज दे सकते हैं तो फिर हमारे यहां के संयंत्र को भी देने का कष्ट करें।

झुन्झुनू जिले या मैं यह कहूँ कि शेखावटी में एक ही सरकारी क्षेत्र का उपक्रम है, जो कि हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड है। आप वहां पर संयंत्र स्थापित करें। उसे आप अच्छे से चलाएं। एक समय था, वहां पर 20 से 25 हजार लोगों को रोजगार मिला हुआ था, लेकिन अब वहां पर सिर्फ 500 से 600 लोगों के पास रोजगार हैं। वहां से आप कच्चा माल निकालते हैं, जो दूसरी जगह ले जाया जाता है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि इस पर भी वित्त मंत्री जी ध्यान दें।

यह बजट न किसान का हितैषी है, न युवाओं के लिए हितैषी है, न आम आदमी का हितैषी है, न

मध्यम वर्ग का हितैषी है। यह बजट सिर्फ कुछ कॉरपोरेट घरानों के हित का बजट है। आम आदमी के हित का बजट नहीं है, इसलिए मैं इस बजट का पुरजोर विरोध करता हूँ।

माननीय अध्यक्ष : बजट में कुछ तो अच्छी बातें भी होती होंगी।

श्री इटेला राजेंदर जी।

श्री इटेला राजेंदर (मल्काजगिरि) : अध्यक्ष महोदय, आज इस सदन में आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूँ।

अध्यक्ष महोदय, मैं पिछले आठ महीनों से संसद की प्रोसिडिंग को देख रहा हूँ। मैं तेलंगाना राज्य का पूर्व वित्त मंत्री रह चुका हूँ। मैंने आज सुबह से कई माननीय सदस्यों के भाषण सुने। कांग्रेस पार्टी के ऑनरेबल मैम्बर ने जो बात की थी, उस बात को सुनने के बाद मुझे याद आया कि इस देश में कांग्रेस पार्टी ने 50 सालों से ज्यादा राज किया है। वे बार-बार संविधान की प्रति को लेकर आते हैं और इसके बारे में बातें करते हैं। मैं यह याद दिलाना चाहता हूं कि हमारा संविधान बहुत बड़ा संविधान है। उनको इसके बारे में जानना चाहिए। अम्बेडकर जी ने डेवलपमेंट विद इक्वल डिस्ट्रीब्यूशन के बारे में लिखा था। इस देश में कांग्रेस पार्टी ने 50 सालों से ज्यादा समय तक राज किया, लेकिन उन्होंने क्या किया?

कांग्रेस पार्टी आंकड़े के बारे में बात कर रही है। कांग्रेस पार्टी ने देश के अलग-अलग राज्यों में भी राज किया है। स्टेट में अलग-अलग जिलों के बारे में बजट पेश नहीं किया जाता है। अगर देश के लिए बजट पेश होता है, तो अलग-अलग राज्यों के बारे में यह पेश नहीं किया जाता है। इसमें पूरे देश के किसानों के बारे में कहा जाता है। इसमें पूरे देश के युवाओं के बारे में प्लानिंग की जाती है। मगर ऐसा कभी नहीं होती। अगर कोई नई पार्टी जीत कर आई और यह बात की, तो वह सैड पार्ट ऑफ डेमोक्रेसी है।

महोदय, मैं 2 जून, 2014 को मंत्री बना था, तब यहां भी नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी थी। जब दिल्ली में सभी माननीय मुख्यमंत्रियों के साथ जो उनकी मीटिंग हुई थी, तो उसमें भी नरेन्द्र मोदी जी ने एक ही बात कही थी कि राज्यों के विकास से ही देश का विकास होगा। अगर राज्यों का विकास नहीं होगा, तो देश में भी विकास नहीं होगा। उन्होंने यह मूल मंत्र बताया था।

मोदी जी ने कहा कि केरल में 100 प्रतिशत लिटरेसी है, लेकिन बिहार में 100 प्रतिशत लिटरेसी नहीं है। स्टेट्स में गवर्नमेंट प्रायरिटी के हिसाब से डेवलपमेंट करना चाहती है। वर्ष 2014 तक टैक्स डेवोल्यूशन 32 प्रतिशत था। मोदी सरकार आने के बाद राज्यों के विकास के लिए टैक्स डेवोल्यूशन 42 प्रतिशत हो गया, जिसके कारण रेवोल्यूशनरी चेंजेज आया है।

अध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार कभी भी एक राज्य को दस हजार करोड़ रुपए या बीस हजार करोड़ रुपए का एलोकेशन नहीं करती है। मैंने भी छः सालों में माननीय वित्त मंत्री जी को अनेक दरख्वास्त दी थीं। मगर ऐसा नहीं हो सकता है।

टैक्स डेवोल्यूशन से राज्यों के पास पैसा आता है। सीएसएस के रूप में राज्यों के पास पैसा आता है। वहां कुछ विपत्ति आती है, तो पैसे दिए जाते हैं। 14वाँ वित्त आयोग ग्राम पंचायत और अर्बन बॉडीज के लिए फंड एलोकेट करता है। ऐसे पैसे आते हैं। मगर आंध्र प्रदेश को 10 हजार करोड़ रुपए देना है, बिहार को 10 हजार करोड़ रुपए देना है, ऐसा कभी भी नहीं होगा।

मैंने इसमें एक रेवोल्यूशनरी चेंज देखा था। इस बार बजट में 1.5 लाख करोड़ रुपए विदाउट इंट्रेस्ट, अलग-अलग राज्यों में इरिगेशन प्रोजेक्ट्स चलते हैं, अलग-अलग राज्य आगे बढ़ने के लिए कुछ अलग प्लान करते हैं, उनके लिए जीरो रेट ऑफ इंट्रेस्ट के माध्यम से सपोर्ट करने का निर्णय लिया गया था। वह बहुत रेवोल्यूशनरी है। वह दिखता है या नहीं दिखता है, यह छोड़ देना है।...(व्यवधान) मैं तेलंगाना के बारे में कहना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदय, तेलंगाना में आज ग्राम पंचायत, म्युनिसपैलिटी, कार्पोरेशंस के लोगों को तनख्वाह देने के लिए भी पैसे नहीं हैं।

स्टेट के पास पैसे नहीं है, मगर गांव में ड्रेनेज व्यवस्था का पैसा कौन दे रहा है? आज यहां से पैसा जा रहा है। ... (व्यवधान) आज गांवों के अंदर जो बिजली आ रही है, लाइट जल रही है, पैदल जाने के लिए रोड्स बनी हैं, ड्रेनेज व्यवस्था है, इस सबके लिए और गांवों में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों के लिए केंद्र सरकार की तरफ से पैसा आ रहा है। स्टेट के पास कुछ नहीं है, यह कहना उचित नहीं है, मैं जानता हूं।... (व्यवधान)

अब मैं रेलवे के बारे में बताना चाहता हूं। तेलंगाना की बात हो रही है। वर्ष 2014 तक हमारे यहां के रेलवे स्टेशन्स के लिए दो या तीन करोड़ रुपये देकर व्हाइट वाश का काम करवाया जाता था। मोदी जी के आने के बाद कॉरपोरेशन और बड़े-बड़े शहरों के नाम पर फैसिलिटीज़ बढ़ाने की बात कही गई। हैदराबाद में 2000 करोड़ रुपये खर्च करके रेलवे स्टेशन कैसे बनाए जा रहे हैं? आप चर्लापल्ली में जाकर देखिए, कांचगुडा, नामपल्ली रेलवे स्टेशन देखिए, कैसे बनाए जा रहे हैं? मैं 2000 करोड़ रुपये के बारे में कह रहा हूं न कि दो करोड़ रुपये के बारे में कह रहा हूं।

परसों माननीय रेलवे मिनिस्टर सोमन्ना जी वहां इनऑगरेट करने के लिए आए थे। रेलवे स्टेशन 450 करोड़ रुपये में बना, लेकिन मिनिमम फेसिलिटीज़ के लिए राज्य सरकार को पूछा तो 50-100 करोड़ रुपये भी देने के लिए तैयार नहीं थी। मैंने सोमन्ना जी को कहा कि 100 करोड़ रुपये देकर भी फेस लिफ्ट करने की कोशिश करो, नहीं तो 450 करोड़ रुपये खर्च करके जो बनाया है, यूज में नहीं आएगा। तेलंगाना में रेल की सिंगल लाइन को डबल लाइंस, डबल लाइंस को ट्रिप्पल लाइंस और ट्रिप्पल को फोर लाइंस में कंवर्ट किया जा रहा है। दिल्ली ट्रंक लाइन बनाई जा रही है। हजारों करोड़ रुपये खर्च करके रेलवे के काम किए जा रहे हैं।

आज स्मार्ट सिटीज, अमृत सिटीज के नाम से अर्बन एरियाज़ में हजारों करोड़ रुपये में काम चल रहा है, लोगों के लिए फेसिलिटीज बढ़ रही हैं। ये काम इसी पैसे से हो रहे हैं। यह इन लोगों का पैसा नहीं है।

मैं एग्रीकल्चर के बारे में कहना चाहता हूं। हम जानते हैं कि सर्विस सैक्टर में टैक्स ज्यादा आता होगा, इनकम टैक्स से ज्यादा टैक्स आता होगा, लेकिन एग्रीकल्चर से कितनी आमदनी होगी, यह नहीं बोल सकते हैं। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में 50 परसेंट लोगों का जीवन एग्रीकल्चर से चलता है। राज्य सरकार ने क्या कभी एक पैसा फार्मर्स के लिए दिया है? माननीय मोदी जी की सरकार 11 करोड़ फार्मर्स को 6000 रुपये प्रति वर्ष दे रही है। इसके बारे में क्या उन्होंने पहले कभी सोचा है?

अब जीनोम का जमाना है। जेनिटिकल ज्ञान फार्मर्स को मिलना चाहिए, इसके लिए सरकार प्रयास कर रही है। एक पेपर में लिखा था – अगर दुनिया को भूख लगे तो भारत फूडग्रेन्स देने की क्षमता

रखता है, भारत को अगर भूख लगेगी तो किसी देश की इतनी क्षमता नहीं है। यह एक पेपर में लिखा था।

अध्यक्ष जी, ये बात तो बोल सकते हैं लेकिन काम देखना भी जरूरी है। पहली बार इस देश के मछुआरों के लिए फिशरीज़ डिपार्टमेंट है। हमारे पास श्रिंप राजस्थान से आता था। देश के अंदर शॉर्टेज़ हैं। श्रिंप के लिए स्कीम आई थी। केन्द्र सरकार 50 लाख रुपये सब्सिडी देती है। तेलंगाना के अंदर 200 लोगों के लिए सैंक्शन हुआ था, लेकिन आज तक कमेटी नहीं बनी और उन लोगों को सब्सिडी नहीं मिली। उनको केवल 25 लाख रुपये दिये थे, बाकी 25 लाख रुपये अभी तक नहीं दिये हैं। वर्ष 2021 से … (व्यवधान) मैंने जाकर मीटिंग करवाई थी। आप क्या बात करते हैं? … (व्यवधान)

मैं अनएम्प्लॉयमेंट के बारे में कहना चाहता हूं। दुनिया के अंदर अमेरिका जैसी कंट्री में अगर भारत से विद्यार्थी वहां जाते थे तो वे पेट्रोल पम्पों पर काम करके स्टडी करते थे या सुपर मार्केट में काम करके स्टडी करते थे। लेकिन आज अमेरिका ने भी कैसा निर्णय लिया है, यह हमने देखा है। लास्ट बजट में हमारी गवर्नमेंट ने अनएम्प्लॉयमेंट प्रॉब्लम को टैकल करने के लिए 4 लाख करोड़ रुपये का बजट रखा था। उसे टैकल करने के लिए जो प्रयत्न कर रहे हैं, वह क्या नहीं दिख रहा है? मैं एक बात पूछना चाहता हूं कि देश में कोई भी स्कीम विदाउट स्टेट गवर्नमेंट नहीं आती थी, चाहे विश्वकर्मा स्कीम हो या जो दूसरी स्कीम्स हों, उन पर अमल करने में थोड़ी दिक्कत हो रही हैं। मैं फाइनेंस मिनिस्टर से कहना चाहता हूं कि जिन राज्यों में हमारी स्कीम्स पर अमल नहीं हो रहा है, इसके लिए थोड़ा रिव्यू करना चाहिए। उन पर तुरंत अमल करने की कोशिश करनी चाहिए।

हम एम्प्लॉयमेंट के लिए जर्मनी जा सकते हैं, यूरोप जा सकते हैं या कहीं भी जा सकते हैं। एक काम करना जरूरी है कि अगर यहां पर एक एम्प्लॉयमेंट क्रिएट करेंगे, तो फर्स्ट मंथ सैलरी देने के लिए जो कंपनी सामने आती है, मैं फाइनेंस मिनिस्टर से यह रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि पासपोर्ट, वीजा से लेकर वे लोग कौन सी कम्पनी में जा रहे हैं, उनको क्या तनख्वाह मिलती है, अगर गवर्नमेंट सपोर्ट करे तो अच्छा होगा। हमारे भारतवासी गल्फ कंट्री में एक कंपनी के नाम पर जाते हैं और दूसरी कंपनी में काम करते हैं। वहां पर वे जेल में रह रहे हैं। इसलिए मेरा कहना है कि इसको ध्यान रखना चाहिए। …

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : उन्होंने अच्छा सुझाव दिया है, ताली बजाया करो न।

… (व्यवधान)

श्री इटेला राजेंदर : सर, नेशनल हाइवे का कंस्ट्रक्शन हो रहा है। आप जानते हैं कि ग्रीन फील्ड हाइवे बना रहे हैं। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप अपनी बात कनक्लूड कीजिए।

श्री इटेला राजेंदर : सर, ग्रीन फील्ड हाइवे में एक नेगेटिव थिंग क्या है? हम तो समझ रहे हैं कि इतना अच्छा-अच्छा रोड बना रहे हैं। यह ठीक है कि रोड बना रहे हैं, लेकिन स्टेट के अंदर एक एकड़ जमीन की कीमत एक करोड़ रुपये होती है, वहां पर रजिस्ट्रेशन वैल्यू दो लाख रुपये होती है। दो लाख रुपये को 2.5 से मल्टीप्लाई करे तो दस लाख रुपये भी नहीं आता है। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : एडवोकेट चन्द्र शेखर जी।

… (व्यवधान)

श्री इटेला राजेंदर : जब स्टेट के अंदर लैंड एक्विजिशन होता है, तो वह अलग होता है। नेशनल हाइवे के लिए, रेलवे के लिए जो लैंड एक्वायर होती है, उस लैंड्स के लिए कलेक्टर्स को जिम्मेदारी दी जाए। क्या रेट है, उस रेट के हिसाब से देंगे तो नेगेटिव नहीं होगा, अन्यथा किसान दिल्ली में आकर दस-दस दिन … (व्यवधान) कुछ तकलीफ हो रही है। … (व्यवधान) मेरी रिक्वैस्ट है कि … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : एडवोकेट चन्द्र शेखर जी।

श्री इटेला राजेंदर : अध्यक्ष महोदय, अभी सात मिनट है। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : चन्द्र शेखर जी, एक मिनट रुकिये। आप एक मिनट में अपनी बात कनक्लूड कर दीजिए।

श्री इटेला राजेंदर : अध्यक्ष महोदय, मैंने फर्स्ट टाइम देखा था, मैंने अलग-अलग राज्यों में लोगों की समस्या देखी थी, अलग-अलग वर्ग की समस्या देखी थी। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : ठीक है।

एडवोकेट चन्द्र शेखर जी, आप बोलिये।

एडवोकेट चन्द्र शेखर (नगीना) : माननीय अध्यक्ष जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

गरीबों को बजट से बहुत आशा थी, लेकिन जब बजट आया, तो सिर्फ निराशा थी। मैं अपनी बात की शुरुआत मान्यवर कांशी राम जी के नारे से करूँगा।

"जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।"

सर, वर्ष 2024-25 में, एससी, एसटी के लिए टोटल बजट में से 3.43 परसेंट राशि मिली थी, जबकि उनकी आबादी लगभग 25 परसेंट है। इस बार के बजट में, शिड्युल्ड कास्ट्स के लिए 3.3 परसेंट कर दिया गया है, जो पिछली बार से भी कम है। ऐसा लगता है कि सरकार ने एससी, एसटी की हालत सुधार दी है, लेकिन धरातल पर क्या है, यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। कुल 16,45,424.28 करोड़ रुपए में से मात्र 93,963.41 करोड़ रुपए रिलीज किये गये हैं, जो ई-उत्थान की वेबसाइट पर दिया गया है। यानी यह राशि लगभग 60 परसेंट है। इस तरह से, पैसे तो हैं, लेकिन वे रिलीज नहीं कर रहे हैं। यह वेबसाइट पर है, जिसे मैं आपके सामने रख रहा हूँ।

वर्ष 2024-25 में, शिड्युल्ड ट्राइब्स के लिए 3.47 करोड़ रुपए थे। वर्ष 2025-26 के बजट में यह लगभग न के बराबर बढ़ा है। स्ट्रेंथनिंग टीचर-लर्निंग एंड रिजल्ट्स फॉर स्टेट्स में पिछली बार 210 करोड़ रुपए था, जिसे घटाकर इस बार 145 करोड़ रुपए कर दिये गये हैं।

सर, पीएम स्कूल्स के हालात बहुत खराब हैं। मैंने पिछली बार भी कहा था कि कोई बड़ी घटना घट सकती है। वर्ष 2024-25 के बजट में इसके लिए 1220 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। इस वर्ष के बजट में इसके लिए मात्र 1 परसेंट की बढ़ोतरी करते हुए, इसे 1310 करोड़ रुपए किया गया है।

पीएम पोषण योजना के तहत 2512 करोड़ रुपए दिए गए थे, जिसे इस बार घटाकर 2500 करोड़ रुपए कर दिया गया है। यह सरकार की विफलता है।

नैशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप योजना में पिछले वर्ष दी जाने वाली राशि 70 करोड़ रुपए थी, इस बार भी यह राशि 70 करोड़ ही है, जबकि जनसंख्या बढ़ रही है और जरूरत भी बढ़ रही है।

प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान में पिछली बार 315 करोड़ रुपए का बजट था और इस बार 258 करोड़ रुपए दिये गये हैं। सरकार ने कहा था कि हम लोग वर्ल्ड क्लास स्टेशंस बनाएंगे। पिछली बार इसके लिए 341 करोड़ रुपए का बजट था, इस बार 90 करोड़ रुपए हैं।

सर, एससी, एसटी एट्रोसिटी होती है, उसका बजट समय से नहीं मिलता है। परिवारों को बहुत-सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बजट का तो तभी फायदा होगा, जब सुरक्षा होगी। एनसीआरबी का डाटा कहता है कि इतनी एट्रोसिटी हो रही हैं। आप राजस्थान से हैं। यह राजस्थान में बहुत हो रही हैं और यह देश भर में हो रही हैं। इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए ताकि इनकी सुरक्षा हो।

मेडिकल की पढ़ाई बहुत महँगी हो रही है, इस ओर कोई विशेष काम नहीं हुए हैं। गरीब बच्चे भी डॉक्टर बनना चाहते हैं, लेकिन मेडिकल की महँगी शिक्षा के कारण उनके सपने चकनाचूर हो रहे हैं।

बजट में एडवोकेट और लॉयर्स के प्रोटेक्शन के लिए कुछ नहीं है। मैंने अपने लोक सभा क्षेत्र के लिए एम्स की माँग की थी। हाल ही में, कुम्भ की घटना हुई। अगर हाइयर सेन्टर न होती तो बड़ा नुकसान हो जाता। बड़ौत की घटना हुई, वहाँ हाइयर सेन्टर नहीं था, इसलिए वहाँ बड़ा नुकसान हुआ। ऐसे सारे क्षेत्रों में, जहाँ हाइयर सेन्टर्स नहीं होंगे, वहाँ बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है। वहाँ की जनता को भी जीने का अधिकार है।

इस तरह से, एम्स की माँग पूरी नहीं हुई, इंडस्ट्रियल एरिया नहीं बना। वहाँ लकड़ी का शानदार काम होता है। उसकी बेहतरी के लिए आगे कोई काम नहीं हुआ। रोज़गार नहीं हैं। रोज़गार की वजह से ही अमेरिका ने हमारे साथ अन्याय किया है। हमारे देश के नौज़वान रोज़गार की कमी के कारण ही वहाँ जाते हैं।

हमें कोई यूनिवर्सिटी नहीं मिली। बजट में मुसलमानों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के लिए क्या दिया?

सर, आपके माध्यम से, मेरी एक विशेष माँग है। यहाँ पर बहुत-से मिनिस्टर्स बैठे हैं। हम देश में इसलिए सुरक्षित हैं कि बॉर्डर्स पर सेना खड़ी है। एयरपोर्ट से लेकर पार्लियामेंट तक अर्द्ध-सैनिक बल

तैनात हैं। उनकी वजह से, हम लोग सुरक्षित महसूस करते हैं। सरकार से मेरी माँग है कि हमारी फौजों, हमारे अर्द्ध-सैनिक बलों के वेतन को टैक्स फ्री किया जाए। अगर उनके वेतन पर भी टैक्स लगेगा, तो आप समझ सकते हैं, वे अपनी पीड़ा को किसी से नहीं कहते हैं, न ही उनकी कोई यूनियन है, लेकिन मुझे ऐसा महसूस होता है कि सेना और अर्द्ध-सैनिक बल के जवानों के वेतन इनकम टैक्स से मुक्त होने चाहिए ताकि वे भी अपने बच्चों की अच्छी तरह से देखभाल कर सकें और देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकें।

सरकार ने पुरानी पेंशन के बारे में कुछ नहीं कहा। इसको लेकर बहुत से बुजुर्ग लोग परेशान हैं। नौजवानों के लिए क्या है? आज पढ़े-लिखे नौजवान बेकार घूम रहे हैं। स्किल के बाद क्या है? माँ-बाप अपना पेट काटकर अपने बच्चों को पढ़ा देते हैं, लेकिन उसके बाद क्या? अगर रोज़गार नहीं मिलेगा, तो वे कहाँ जाएंगे?

किसानों के लिए कुछ नहीं है। इतने किसानों की जानें गई थीं, उस पर भी सरकार ने कुछ नहीं सोचा।

सरकार ने पिछली बार न्यूनतम वेतन के बारे में कहा था, लेकिन धरातल पर उसका लाभ नहीं मिल रहा है। मनरेगा में जॉब नहीं मिल रही है। मैं गांवों में गया था। जॉब कार्ड्स बने हुए हैं, लेकिन काम नहीं मिल रहा है। इसमें एक सौ दिनों के काम की गारंटी थी।

सफाई कर्मचारियों के लिए कुछ नहीं है। अंत में, मैं कहना चाहूंगा, मैंने पिछली बार भी कहा था कि सफाई कर्मचारियों के लिए अलग से बजट बना दीजिए। ये लोग सीवर में मरते हैं। यह पूरे देश के लिए अपमान का विषय है। ये सम्मान का विषय नहीं है। जब देश के सफाई कर्मचारियों के साथ ऐसा होता है, तो इससे पूरे देश का अपमान होता है। कुम्भ में देखिए, वहाँ क्या सफाई की व्यवस्था है? यह किसकी देन है, यह नेता-मंत्रियों की देन है या सफाई कर्मचारियों की है? वे सफाई कर्मचारी, जो सीवर में उतरते हैं, वे गांव-देहात में सिर पर मैला उठाते हैं। यह बहुत ही तकलीफ का विषय है।

मैं अपनी पीड़ा को व्यक्त करते हुए आपसे कहना चाहता हूँ कि महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। सरकार अन्य स्टेट्स से भी बात करे। इसका बजट बढ़ाए क्योंकि इस देश में बेटियों की रक्षा होनी चाहिए।

18.00 hrs

इस देश में बेटियों की रक्षा होनी चाहिए। जब तक बेटियों की रक्षा नहीं होगी, जिनको हम धार्मिक रूप से देवियों की तरह पूजते हैं, जब तक उन बेटियों की रक्षा नहीं होगी, तब तक देश मजबूत नहीं होगा।

मैं वित्त मंत्री जी से मांग करूंगा कि मैंने जो सवाल उठाए हैं, वे जब अपना जवाब दें, तो उसमें बताएं कि उन्होंने ये सारी कटौतियां क्यों कीं? क्या एससी, एसटी के पढ़ने का अधिकार छीनकर सरकार तरक्की कर सकती है? यह संभव नहीं है।

धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 10 फरवरी, 2025 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

18.01 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, February 10, 2025/Magha 21, 1946 (Saka).

———

ANNEXURE-I

(i)Member-wise Index to Starred Questions

Sl No.	Member's Name	Question Number
1	Dr. Alok Kumar Suman	65
2	Dr. Lata Wankhede	80
3	Dr. Prashant Yadaorao Padole	66
4	Md Abu Taher Khan	77
5	Shri Anil Firojiya	68
6	Shri Anup Sanjay Dhotre	63
7	Shri Arun Kumar Sagar	71
8	Shri Baijayant Panda	70
9	Shri Bastipati Nagaraju	69
10	Shri Bhojraj Nag	78
11	Shri Dinesh Chandra Yadav	62
12	Shri Gyaneshwar Patil	72
13	Shri Rajeev Rai	76
14	Shri Ram Shiromani Verma	73
15	Shri Ravindra Dattaram Waikar	61
16	Shri Rudra Narayan Pany	74
17	Shri Vishnu Datt Sharma	75
18	Shri Y S Avinash Reddy	67
19	Smt. Aparajita Sarangi	79
20	Smt. Bijuli Kalita Medhi	79
21	Smt. Delkar Kalaben Mohanbhai	72
22	Smt. Geniben Nagaji Thakor	64
23	Smt. Lovely Anand	62
24	Smt. Shambhavi	61

(ii) Member-wise Index to Unstarred Questions

Sl No.	Member's Name	Question Number
1	Adv Dean Kuriakose	830
2	Adv Gowaal Kagada Padavi	827
3	Adv. Adoor Prakash	748
4	Com. Selvaraj V	907, 693
5	Dr. Amol Ramsing Kolhe	712
6	Dr. Bachhav Shobha Dinesh	870
7	Dr. Bhola Singh	745, 911, 727
8	Dr. Byreddy Shabari	756
9	Dr. C M Ramesh	838
10	Dr. D Ravi Kumar	862
11	Dr. D. Purandeswari	849, 707
12	Dr. Ganapathy Rajkumar P	854
13	Dr. Hemant Vishnu Savara	872
14	Dr. Jayanta Kumar Roy	727
15	Dr. K Sudhakar	817
16	Dr. Kalanidhi Veeraswamy	797
17	Dr. Kalyan Vaijinathrao Kale	881
18	Dr. Kirsan Namdeo	721, 698
19	Dr. Lata Wankhede	698
20	Dr. M K Vishnu Prasad	807
21	Dr. M P Abdussamad Samadani	726
22	Dr. Mallu Ravi	856
23	Dr. Manna Lal Rawat	714
24	Dr. Nishikant Dubey	716
25	Dr. Prabha Mallikarjun	900
26	Dr. Rajesh Mishra	785, 715, 727, 696
27	Dr. Rajkumar Sangwan	775
28	Dr. Rani Srikumar	795
29	Dr. Shashi Tharoor	844
30	Dr. Shrikant Eknath Shinde	761

31	Dr. T Sumathy Alias Thamizhachi Thangapandian	812, 735
32	Md Abu Taher Khan	909
33	Md. Rakibul Hussain	882
34	Mr Pathan Yusuf	789
35	Mrs Ruchi Vira	885
36	Ms Iqra Choudhary	743
37	Ms Mahua Moitra	848
38	Ms Sayani Ghosh	728
39	Ms. Praniti Sushilkumar Shinde	792
40	Ms. S Jothimani	815
41	Prof. Sougata Ray	852
42	Prof. Varsha Eknath Gaikwad	712
43	Shri Selvaganapathi T.M.	754
44	Shri Abhishek Banerjee	777
45	Shri Aditya Yadav	768
46	Shri Ajay Kumar Mandal	842
47	Shri Alok Sharma	727, 696, 911
48	Shri Amar Sharadrao Kale	712
49	Shri Amrinder Singh Raja Warring	804
50	Shri Anand Bhadauria	889
51	Shri Ananta Nayak	733, 911
52	Shri Anil Yeshwant Desai	908, 694
53	Shri Anto Antony	788
54	Shri Anurag Sharma	715
55	Shri Anurag Singh Thakur	868, 755, 911, 696
56	Shri Appalanaidu Kalisetti	871
57	Shri Arun Bharti	760
58	Shri Arun Govil	725
59	Shri Arvind Dharmapuri	825, 723
60	Shri Arvind Ganpat Sawant	764
61	Shri Asaduddin Owaisi	783
62	Shri Azad Kirti Jha	762

63	Shri B K Parthasarathi	771
64	Shri Babu Singh Kushwaha	901
65	Shri Bajrang Manohar Sonwane	920, 712
66	Shri Balabhadra Majhi	715
67	Shri Balashowry Vallabhaneni	738
68	Shri Balram Naik Porika	702
69	Shri Balwant Baswant Wankhade	824, 914
70	Shri Balya Mama Suresh Gopinath Mhatre	798
71	Shri Basavaraj Bommai	847, 772, 713
72	Shri Benny Behanan	888
73	Shri Bhartruhari Mahtab	911, 727, 696
74	Shri Bhaskar Murlidhar Bhagare	712
75	Shri Bhausaheb Rajaram Wakchaure	834
76	Shri Bhojraj Nag	696
77	Shri Bhumare Sandipanrao Asaram	906
78	Shri Bibhu Prasad Tarai	696
79	Shri Bidyut Baran Mahato	759
80	Shri Biplab Kumar Deb	857, 733
81	Shri Brijendra Singh Ola	897
82	Shri Brijmohan Agrawal	717, 904
83	Shri C N Annadurai	747
84	Shri Captain Brijesh Chowta	837
85	Shri Chamala Kiran Kumar Reddy	912, 697
86	Shri Chandan Chauhan	819, 803
87	Shri Chandra Prakash Joshi	884
88	Shri Charanjit Singh Channi	719
89	Shri Chavan Ravindra Vasantrao	793, 874
90	Shri Chavda Vinod Lakhamshi	774, 715
91	Shri Chhatrapal Singh Gangwar	875
92	Shri Daggumalla Prasada Rao	867, 771
93	Shri Damodar Agrawal	739, 714, 696
94	Shri Daroga Prasad Saroj	734, 699

95	Shri Darshan Singh Choudhary	763
96	Shri Deepender Singh Hooda	767
97	Shri Dhairyasheel Sambhajirao Mane	793, 874
98	Shri Dharambir Singh	851
99	Shri Dileshwar Kamait	811
100	Shri Dilip Saikia	718, 905, 782
101	Shri Dineshbhai Makwana	759, 911
102	Shri Dulu Mahato	904
103	Shri Durai Vaiko	853
104	Shri Dushyant Singh	757
105	Shri E T Mohammed Basheer	877
106	Shri Eatala Rajender	752, 697, 912
107	Shri Eswarasamy K	840
108	Shri G Kumar Naik	902
109	Shri G M Harish Balayogi	917, 703
110	Shri Gaurav Gogoi	799
111	Shri Giridhari Yadav	883
112	Shri Godam Nagesh	724, 820
113	Shri Gopal Jee Thakur	898
114	Shri Govind Makthappa Karjol	723
115	Shri Gurmeet Singh Meet Hayer	784
116	Shri Gyaneshwar Patil	906
117	Shri Hanuman Beniwal	781
118	Shri Haribhai Patel	879, 841
119	Shri Hasmukhbhai Somabhai Patel	861
120	Shri Hibi Eden	845
121	Shri Imran Masood	826
122	Shri Isha Khan Choudhury	865
123	Shri Jagannath Sarkar	859
124	Shri Jagdambika Pal	864
125	Shri Janardan Singh Sigriwal	831
126	Shri Jashubhai Bhilubhai Rathva	820, 724
127	Shri Jaswantsinh Sumanbhai Bhabhor	708, 698

128	Shri Joyanta Basumatary	833
129	Shri Jugal Kishore	759, 727, 696
130	Shri K C Venugopal	791
131	Shri K Radhakrishnan	709
132	Shri K Sudhakaran	818
133	Shri Kanwar Singh Tanwar	729, 727
134	Shri Kaushalendra Kumar	843
135	Shri Kesineni Sivanath	839
136	Shri Khagen Murmu	715
137	Shri Kodikunnil Suresh	731
138	Shri Konda Vishweshwar Reddy	710
139	Shri Kota Srinivasa Poojary	700, 915
140	Shri Kripanath Mallah	753, 733
141	Shri Krishna Prasad Tenneti	730
142	Shri Lavu Sri Krishna Devarayalu	691
143	Shri Lumba Ram	718, 905
144	Shri M K Raghavan	779
145	Shri Maddila Gurumoorthy	750
146	Shri Magunta Sreenivasulu Reddy	751
147	Shri Mahesh Kashyap	899
148	Shri Malaiyarasan D	732
149	Shri Mani A	770
150	Shri Manickam Tagore B	805, 749
151	Shri Manish Jaiswal	755, 696
152	Shri Manish Tewari	740
153	Shri Manoj Tiwari	755, 911
154	Shri Matheswaran V S	736
155	Shri Mitesh Patel Bakabhai	861
156	Shri Mohite Patil Dhairyasheel Rajsinh	712
157	Shri Muhammed Hamdullah Sayeed	776
158	Shri Mukeshkumar Chandrakaant Dalal	707, 849
159	Shri Murari Lal Meena	722
160	Shri Murasoli S	769

161	Shri N K Premachandran	866
162	Shri Naba Charan Majhi	727, 696, 911
163	Shri Nalin Soren	803
164	Shri Naresh Ganpat Mhaske	761
165	Shri Navaskani K	765, 747
166	Shri Naveen Jindal	737
167	Shri Nilesh Dnyandev Lanke	712
168	Shri Omprakash Bhupalsinh Alias Pavan Rajenimbalkar	699, 914
169	Shri P C Mohan	790, 759
170	Shri P P Chaudhary	786, 759, 911
171	Shri P V Midhun Reddy	850
172	Shri Parbhubhai Nagarbhai Vasava	706
173	Shri Parshottambhai Rupala	858
174	Shri Patel Umeshbhai Babubhai	891
175	Shri Prabhakar Reddy Vemireddy	701, 916
176	Shri Pradeep Kumar Singh	785, 727
177	Shri Pradeep Purohit	773
178	Shri Pradyut Bordoloi	800
179	Shri Pratap Chandra Sarangi	715
180	Shri Praveen Patel	715, 759
181	Shri Putta Mahesh Kumar	806
182	Shri R K Chaudhary	801
183	Shri Radheshyam Rathiya	695, 910
184	Shri Rahul Kaswan	809
185	Shri Raja A	742
186	Shri Raja Ram Singh	835
187	Shri Rajabhau Parag Prakash Waje	860
188	Shri Rajesh Naranbhai Chudasama	919, 705
189	Shri Rajesh Ranjan	893
190	Shri Rajesh Verma	761
191	Shri Rajiv Pratap Rudy	855, 804
192	Shri Raju Bista	778, 733

193	Shri Ramasahayam Raghuram Reddy	787
194	Shri Ramashankar Rajbhar	878
195	Shri Ramprit Mandal	843
196	Shri Ramvir Singh Bidhuri	713
197	Shri Rao Rajendra Singh	896
198	Shri Ravindra Dattaram Waikar	761
199	Shri Ravindra Shukla Alias Ravi Kishan	782, 759, 727
200	Shri Robert Bruce C	720
201	Shri S Jagathratchakan	821
202	Shri S Venkatesan	692, 903
203	Shri Sachithanantham R	876
204	Shri Sanjay Dina Patil	712
205	Shri Sanjay Haribhau Jadhav	734, 699
206	Shri Sanjay Uttamrao Deshmukh	824, 914
207	Shri Saptagiri Sankar Ulaka	744
208	Shri Sasikanth Senthil	832
209	Shri Satpal Brahamchari	803, 819
210	Shri Saumitra Khan	894
211	Shri Selvam G	758, 747
212	Shri Shafi Parambil	746
213	Shri Shashank Mani	772
214	Shri Shivmangal Singh Tomar	727, 696
215	Shri Shrirang Appa Chandu Barne	869, 802
216	Shri Shyamkumar Daulat Barve	816
217	Shri Sribharat Mathukumilli	711
218	Shri Subbarayan K	693
219	Shri Sudama Prasad	918, 704
220	Shri Sudhakar Singh	887
221	Shri Sudheer Gupta	874, 793
222	Shri Sukanta Kumar Panigrahi	873
223	Shri Sukhdeo Bhagat	895
224	Shri Sunil Kumar	880, 843
225	Shri Suresh Kumar Kashyap	911, 759

226	Shri Tejasvi Surya	822, 911
227	Shri Tharaniventhan M S	796
228	Shri Trivendra Singh Rawat	808
229	Shri Ummeda Ram Beniwal	766
230	Shri V K Sreekandan	780
231	Shri Varun Chaudhry	794
232	Shri Ve Vaithilingam	863
233	Shri Vijay Baghel	727, 696, 911
234	Shri Vijayakumar Alias Vijay Vasanth	749
235	Shri Vishaldada Prakashbapu Patil	828
236	Shri Vishnu Dayal Ram	829, 804
237	Shri Vishweshwar Hegde Kageri	715, 727
238	Shri Yogender Chandolia	892, 755, 696
239	Shri Zia Ur Rehman	814
240	Smt. Aparajita Sarangi	755
241	Smt. Bharti Pardhi	802
242	Smt. D K Aruna	752, 697, 912
243	Smt. Delkar Kalaben Mohanbhai	733, 906
244	Smt. Kamlesh Jangde	905
245	Smt. Kanimozhi Karunanidhi	886
246	Smt. Lovely Anand	843
247	Smt. Mahima Kumari Mewar	823
248	Smt. Mala Roy	741, 723
249	Smt. Malvika Devi	810
250	Smt. Manju Sharma	846
251	Smt. Poonamben Hematbhai Maadam	841
252	Smt. Pratima Mondal	813
253	Smt. Rachna Banerjee	913, 698
254	Smt. Sangeeta Kumari Singh Deo	836
255	Smt. Sanjna Jatav	890
256	Smt. Shambhavi	761
257	Smt. Shobhanaben Mahendrasinh Baraiya	905, 718, 782

258	Smt. Smita Uday Wagh	911, 696
259	Smt. Supriya Sule	712
260	Smt. Vijaylakshmi Devi	782, 696, 911
261	Thiru D M Kathir Anand	735
262	Thiru Dayanidhi Maran	903

ANNEXURE-II

(i)Ministry-wise Index to Starred Questions

Ayush	:	63, 68, 75, 80
Chemicals and Fertilizers	:	62, 77, 78
Defence	:	
External Affairs	:	
Health and Family Welfare	:	61, 64, 69, 70, 72, 73, 74, 79
Law and Justice	:	71
Ports, Shipping and Waterways	:	67
Women and Child Development	:	65, 66, 76

(ii)Ministry-wise Index to Unstarred Questions

Ayush	: 708, 719, 721, 759, 771, 775, 785, 791, 807, 812, 819, 820, 822, 831, 849, 860, 873, 876, 880, 891, 895, 914, 918, 920
Chemicals and Fertilizers	: 711, 714, 715, 718, 720, 722, 724, 727, 728, 735, 737, 743, 744, 747, 749, 751, 769, 784, 786, 798, 811, 815, 828, 839, 842, 846, 850, 858, 859, 864, 882, 890, 893, 905, 906, 915, 917
Defence	: 702, 818, 845
External Affairs	: 694, 699, 726, 739, 740, 742, 748, 753, 755, 789, 793, 801, 814, 830, 843, 844, 871, 877, 903, 916
Health and Family Welfare	: 692, 693, 695, 700, 704, 705, 712, 716, 717, 725, 729, 731, 738, 741, 745, 750, 752, 754, 756, 757, 758, 762, 765, 766, 767, 768, 770, 773, 777, 778, 779, 780, 787, 788, 790, 792, 796, 797, 799, 800, 802, 803, 806, 813, 817, 823, 824, 826, 827, 832, 833, 836, 847, 853, 856, 857, 861, 862, 863, 865, 866, 867, 868, 870, 872, 874, 875, 878, 879, 883, 885, 886, 888, 889, 892, 894, 896, 897, 898, 899, 900, 901, 902, 907, 909, 910
Law and Justice	: 723, 733, 736, 781, 783, 794, 805, 821, 834, 835, 838, 848, 852, 854, 904, 908, 911
Ports, Shipping and Waterways	: 691, 697, 706, 710, 713, 730, 764, 774, 782, 837, 841, 869

Women and Child Development	:	696, 698, 701, 703, 707, 709, 732, 734, 746, 760, 761, 763, 772, 776, 795, 804, 808, 809, 810, 816, 825, 829, 840, 851, 855, 881, 884, 887, 912, 913, 919

INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website at the following address:

www.sansad.in/ls

LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business
in Lok Sabha (Seventeenth Edition)